आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 37 | उज्जैन, शनिवार 21 फरवरी, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 4 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

## मैंने भारत-पाक को 200% टैरिफ की चेतावनी दी : ट्रंप


**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को वॉशिंगटन में फिर से भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों पर 200% टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद वे संघर्ष रोकने के लिए माने। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ये बात बोर्ड ऑफ पीस कार्यक्रम में कही। ट्रम्प ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच हालात बहुत खराब थे, लड़ाई तेज हो गई थी और विमान गिराए जा रहे थे। मैंने दोनों नेताओं (मोदी और शहबाज शरीफ) को फोन किया। मैंने दोनों से साफ कह दिया था कि अगर वे झगड़ा खत्म नहीं करेंगे तो मैं उनके साथ कोई ट्रेड डील नहीं करूंगा। ट्रम्प के मुताबिक दोनों देश लड़ना चाहते थे, लेकिन जब पैसे का मामला आया और नुकसान की बात सामने आई तो वे मान गए। ट्रम्प ने दावा किया कि इस संघर्ष के दौरान 11 महंगे फाइटर जेट्स गिराए गए थे।

## एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विनोद जाखड़ की हुई नियुक्ति

**नई दिल्ली।** विनोद जाखड़ को एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया है। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विनोद की नियुक्ति को मंजूरी दी। बता दें कि विनोद राजस्थान से संबंधित हैं। बता दें कि एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में लगभग 15 संभावित उम्मीदवारों से व्यक्तिगत इंटरव्यू लिए, जिसमें प्रभारी कन्हैया कुमार भी मौजूद थे। जाखड़ अभी राजस्थान एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जाखड़ की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। जाखड़ वरूण चौधरी का स्थान लेंगे, जो अब तक संगठन के अध्यक्ष थे। विनोद जाखड़ की गिनती युवा दलित नेताओं में की जाती है।

### 19 साल बाद भारत में

## परफॉर्म करेंगी ग्लोबल स्टार शकीरा



अप्रैल में मुंबई और दिल्ली में ग्रैमी अवॉर्ड विनर के लाइव शो होंगे

**मुंबई।** ग्लोबल पॉप स्टार और कई ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं सिंगर शकीरा अप्रैल में 19 साल बाद भारत में परफॉर्म करेंगी। वह 10 अप्रैल को मुंबई और 15 अप्रैल को दिल्ली में लाइव शो करेंगी। यह जानकारी फीडिंग इंडिया और डिस्ट्रिक्ट बाय जौमैटो ने दी। फीडिंग इंडिया एक नॉन-प्रॉफिट संस्था है, जो भूख और कुपोषण के मुद्दों पर काम करती है। बता दें कि शकीरा ने आखिरी बार भारत में 2007 में मुंबई में 'ओरल फिक्सेशन' टूर के दौरान परफॉर्म किया था। आयोजकों के अनुसार, कॉन्सर्ट का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि भूख और कुपोषण जैसे मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना भी है। शकीरा मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स और दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में परफॉर्म करेंगी। एक प्रेस नोट में शकीरा ने कहा, भारत में परफॉर्म करना मेरे लिए हमेशा खास रहा है। मैं मुंबई और दिल्ली के फैंस से मिलने के लिए उत्साहित हूं। फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट सिर्फ म्यूजिक नहीं, बल्कि बच्चों के पोषण के लिए साथ खड़े होने का संदेश है। शकीरा उनके सुपरहिट गानों हिप्स डोंट लाइ, व्हेनएवर, वेयरएवर और वाका वाका के लिए जाना जाता है। वह अपनी एनर्जेटिक स्टेज परफॉर्मेंस और दमदार परफॉर्मेंस के लिए जानी जाती हैं। म्यूजिक के अलावा शकीरा उनके बेयरफुट फाउंडेशन के जरिए शिक्षा और बच्चों की भलाई के लिए भी काम करती हैं।

## टीवी की आवाज कम करने का कहने पर कर दी पति की हत्या

**मंगलगिरी।** आंध्र प्रदेश के मंगलगिरी से रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पत्नी ने महज टीवी की आवाज कम करने को लेकर हुए विवाद में अपने ही पति की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 27 वर्षीय शेख अहमद के रूप में हुई है, जो पेशे से एक एसी मैकेनिक था। अहमद अपनी पत्नी के साथ मंगलगिरी की टिडको हाउसिंग कॉलोनी में रहता था। पुलिस ने बताया कि टीवी की तेज आवाज को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हुई थी। यह मामूली कहासुनी इतनी बढ़ गई कि पत्नी ने तैश में आकर अपने पति पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने इस खौफनाक हत्याकांड का केस दर्ज करते हुए आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।

## 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तीसरे फेज में होगी एसआईआर

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (एसआईआर) को लेटर लिखकर एसआईआर से जुड़ी तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने लेटर में बताया कि तीसरे फेज में दिल्ली, कर्नाटक सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। लेटर में आगे कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पिछले साल 24 जून को आदेश दिया था कि पूरे देश में एसआईआर किया जाएगा। बता दें चुनाव आयोग ने पहले फेज में बिहार में एसआईआर करवाया था। दूसरे फेज के तहत, 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 28 अक्टूबर 2025 से एसआईआर जारी है।

### प्रदेश में कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया

# 'औकात में रहो' बयान पर जताया विरोध, माफी और इस्तीफे की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पीथमपुर

पीथमपुर में कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका। यह प्रदर्शन विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को 'अपनी औकात में रहो' कहने वाले बयान के विरोध में किया गया। कांग्रेस ने मंत्री के इस्तीफे की मांग की।

दरअसल, घटना मध्य प्रदेश के बजट सत्र के दौरान हुई, जब नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों और उद्योगपति अडानी से संबंधित मुद्दों को उठाना चाहा। इसी दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने सिंगार को यह टिप्पणी की थी। मुख्यमंत्री ने बाद में इस बयान पर



खेद व्यक्त कर मामले को शांत करने की कोशिश की थी।

### छापीहेड़ा में खींची के नेतृत्व में प्रदर्शन किया

**राजगढ़ (भोपाल)।** राजगढ़ जिले के छापीहेड़ा ब्लॉक में कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को भाजपा सरकार के तीन मंत्रियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने राजेंद्र शुक्ल, विजय शाह और कैलाश विजयवर्गीय के पुतलों का दहन किया और उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की। यह प्रदर्शन सुबह 11.30 बजे छापीहेड़ा बस स्टैंड पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह खींची के नेतृत्व में किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### कैलाश विजयवर्गीय के पुतले के साथ पीएम का पोस्टर जलाया

**रतलाम।** रतलाम में कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेसी अलग-अलग दो पुतले लेकर आए। जिन पर कैलाश विजयवर्गीय के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम डॉ. मोहन यादव के पोस्टर लगे थे। जैसे पहले एक पुतला जलाया तो पुलिसकर्मी ने फायर एग्जिट से आग बुझा दी। लेकिन पोस्टर अलग हट गए। जिन्हें कांग्रेसियों ने अलग से जला दिया। पोस्टर छीनने के दौरान कांग्रेसियों व पुलिस की छीना छपटी भी हुई। पुलिस को वाटर कैनन भी चलाना पड़ा। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंगार को लेकर की गई अमर्यादित भाषा को लेकर कांग्रेस धानमंडी चौराहे पर दोपहर 4 बजे एकत्र हुए। काफी देर तक मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी के दौरान कुछ कांग्रेसी दूसरी तरफ से पुतला लेकर आ गए और जला दिया। एक पुलिसकर्मी तुरंत दौड़ कर पहुंचा और फायर एग्जिट से पुतले की आग बुझा दी। इसी दौरान सामने की तरफ दूसरा पुतला भी जलाया तो वाटर कैनन से उसकी आग बुझा दी।

### अशोकनगर में पुतला दहन के दौरान एएसआई बाल-बाल बचे, कांग्रेस के प्रदर्शन में हुई घटना

अशोकनगर में शुक्रवार दोपहर कांग्रेस ने गांधी पार्क में भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक ऑटो से लाए गए पुतले को जलाया और फेंक दिया। आग बुझाने के प्रयास में सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) अवधेश रघुवंशी बाल-बाल बच गए। आग का गुब्बार उठने पर वे पीछे हट गए, जिसके बाद पुलिस ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश कुशवाह ने बताया कि यह प्रदर्शन इंदौर में जहरीले पानी से हुई मौतों, तीन मंत्रियों द्वारा महिलाओं के प्रति अनुचित टिप्पणियों और प्रधानमंत्री द्वारा अमेरिका के साथ की गई डील को लेकर भाजपा की मिलीभगत के विरोध में किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि इस डील की जानकारी हमें अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप दे रहे हैं, न कि हमारे देश के वित्त मंत्री।



### भारत-अमेरिका ट्रेड समझौते से किसानों को नुकसान का आरोप

# कांग्रेस की 24 को विधानसभा घेराव की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में 24 फरवरी 2026 को भोपाल में प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आज जिला कांग्रेस कार्यालय, मंदसौर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड समझौते के कारण प्रदेश के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते से स्थानीय



कृषि उत्पादों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिससे किसानों की आय प्रभावित हो रही है। कांग्रेस पार्टी किसानों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को भोपाल में होने वाला विधानसभा घेराव किसानों की आवाज बुलंद करने का ऐतिहासिक अवसर है। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसानों के हक की लड़ाई है, जिसमें प्रत्येक कांग्रेसजन की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

### ब्लॉक स्तर पर लक्ष्य निर्धारित, रणनीति तय

बैठक में भारत-अमेरिका ट्रेड से किसानों को हुए नुकसान के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की गई। ब्लॉक स्तर से प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु ब्लॉक अध्यक्षों को लक्ष्य भी प्रदान किए गए। जिला अध्यक्ष ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से अधिकतम संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि विधानसभा घेराव कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

### वरिष्ठ नेताओं ने रखे विचार

बैठक में वरिष्ठ नेता प्रकाश रातडिया, परशुराम सिसौदिया, ओम सिंह भाटी, मंजित सिंह टुटेजा, गणपत लाल पंवार, भोपाल सिंह सोलंकी, यूनुस मेव, गोविंद सिंह पंवार, शंकर लाल पाटीदार, असगर मेव, निर्विकार रातडिया, सम्यक जैन, राखी सत्रावाला एवं मीना चौहान ने अपने विचार व्यक्त किए साथ ही जिलेभर के कांग्रेसजन उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी उपस्थित कांग्रेसजनों ने 24 फरवरी को भोपाल पहुंचकर विधानसभा घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## एआई समिट में यूथ कांग्रेस का टी-शर्ट उतारकर प्रदर्शन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एआई समिट 2026 में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए।

प्रदर्शन के कई वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें 15-20 की संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ हाथ में सफेद रंग की टी-शर्ट लिए हुए हैं। टी-शर्ट पर पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो लगी है। उसपर लिखा है- पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड। दिल्ली पुलिस ने 4



प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान इंडियन यूथ कांग्रेस के सेक्रेटरी कृष्णा हरि, बिहार स्टेट सेक्रेटरी कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश स्टेट वाइस प्रसिडेंट अजय कुमार और नेशनल कोऑर्डिनेटर नरसिम्हा यादव के रूप में हुई है। वहीं भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने साजिश के तहत इंटरनेशनल समिट में भारत की छवि धूमिल की है।

## ब्रिटेन ने अमेरिका को एयरबेस देने से किया इनकार

फैसले से डोनाल्ड ट्रम्प नाराज, यूएस इस एयरबेस से ईरान पर हमला करना चाहता है

एजेंसी ▸▸ लंदन

ब्रिटेन ने अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिए अपने एयरबेस देने से मना कर दिया है। अमेरिका इन सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करना चाहता था, लेकिन ब्रिटेन ने इनकार कर दिया।



डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन के इस फैसले से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नाराज हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के उस समझौते से समर्थन वापस ले लिया है, जिसमें चागोस द्वीप समूह को मॉरीशस को सौंपने की बात थी। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ईरान पर हमले की तैयारी कर रहा है। इसके लिए वह डिएगो गार्सिया और ब्रिटेन के आरएएफ फेयरफोर्ड एयरबेस का इस्तेमाल करना चाहता है। डिएगो गार्सिया, चागोस द्वीप समूह का सबसे बड़ा द्वीप है। 1970 के दशक से यह ब्रिटेन और अमेरिका का साझा सैन्य अड्डा रहा है। दरअसल पुराने समझौतों के मुताबिक, ब्रिटेन के किसी भी सैन्य ठिकाने का इस्तेमाल तभी हो सकता है, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री इसकी मंजूरी दें। अंतरराष्ट्रीय कानून भी कहता है कि अगर कोई देश जानता है कि सैन्य कार्रवाई गलत है और फिर भी मदद करता है, तो उसे भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

## इंदौर पहुंचे फिल्म अभिनेता अजय देवगन

फैंस से बोले- इंदौर सबसे स्वच्छ शहर, मुझे यहां आना अच्छा लगता है, इसलिए आता रहता हूं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शुक्रवार को फिल्म स्टार अजय देवगन इंदौर आए। यहां वे एक शो रूम का उद्घाटन करने पहुंचे थे। सपना संगीता रोड स्थित शो रूम के उद्घाटन में पहुंचे अजय ने मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इंदौर सबसे स्वच्छ शहर है। मैं बहुत खुश हूं, यहां आया हूं और मैं यहां आता रहता हूं और आगे भी आता रहूंगा। मेरी तरफ से इंदौरवासियों को बहुत-बहुत मेरा प्यार और बहुत-बहुत शुक्रिया।

कार्यक्रम स्थल के बाहर सुबह से ही प्रशंसकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जैसे ही अजय देवगन पहुंचे, लोगों की मोबाइल कैमरों में उन्हें कैद करने की होड़ लग गई।

कार्यक्रम के दौरान अजय



देवगन ने फीता काटकर शो रूम का उद्घाटन किया और मीडिया से संक्षिप्त बातचीत की। उन्होंने इंदौर की साफ-सफाई की सराहना करते हुए कहा कि यह देश का सबसे स्वच्छ शहर है और यहां आकर उन्हें हमेशा खुशी होती है। उन्होंने इंदौरवासियों को प्यार और धन्यवाद भी दिया।

## बलूच लड़ाकों की कैद में रोते दिखे पाकिस्तानी सैनिक

कहा- हम देश के लिए लड़ते हैं, लेकिन सरकार को हमारी कोई परवाह नहीं

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तानी उग्रवादी संगठन बलोच लिबरेशन आर्मी ने एक और वीडियो जारी किया है। इसमें पाकिस्तानी सैनिक सरकार से मदद की गुहार लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो में 7 पाकिस्तानी सैनिकों को दिखाया गया है।

वीडियो में एक सैनिक रोते हुए कह रहा है कि वह पाकिस्तान



के लिए लड़ता रहा, लेकिन आज सेना उसे अपना नहीं मान रही। सैनिक कह रहा है- मेरे पास पाकिस्तानी सेना का कार्ड है, फिर क्यों कहा जा रहा है कि मैं पाकिस्तानी सैनिक नहीं हूं।

यह वीडियो पाकिस्तान की सेना के उस बयान को सीधी चुनौती देता है, जिसमें कहा गया था कि उसके कोई भी सैनिक लापता नहीं हैं और न ही किसी उग्रवादी संगठन की हिरासत में हैं।

बीएलए ने 14 फरवरी को इन सैनिकों को पकड़ा था। इनकी रिहाई के लिए बीएलए ने बलूच लड़ाकों की रिहाई की मांग की है। इसके लिए पाकिस्तान सरकार को 22 फरवरी तक का वक्त दिया गया है।

### रायबरेली से कर विभाग की बड़ी लापरवाही, झोपड़ी में रहने वाला परिवार सदमे में

# कुम्हार को थमाया 1 करोड़ का नोटिस

एजेंसी ▸▸ रायबरेली

उत्तर प्रदेश के रायबरेली से कर विभाग की एक बड़ी लापरवाही या फिर किसी गहरी साजिश का बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां चाक पर मिट्टी के बर्तन गढ़कर किसी तरह अपने परिवार की रोजी-रोटी चलाने वाले एक गरीब कुम्हार को एक करोड़ रुपये से ज्यादा का जीएसटी वसूली नोटिस भेज दिया गया है।

रघुवीरगंज बाजार के रहने वाले मोहम्मद शहीद के घर जब यह सरकारी फरमान पहुंचा, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। अनपढ़ होने के कारण पहले तो उन्हें कुछ समझ नहीं आया, लेकिन जब आसपास के लोगों ने नोटिस की भारी-भरकम रकम पढ़कर बताई तो कुम्हार और उसके पूरे परिवार के होश उड़ गए।

### बिहार के हाजीपुर से आया वसूली का फरमान


जानकारी के अनुसार, मोहम्मद शहीद पीढ़ियों से मिट्टी के कुल्हड़ और खिलौने बनाने का काम करते आ रहे हैं। उनके नाम पर केंद्रीय माल एवं सेवा कर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क (वैशाली प्रमंडल, हाजीपुर) की



तरफ से डाक के जरिए एक पत्र आया। इस पत्र में उन पर 1 करोड़ 25 हजार 297 रुपये का टैक्स बकाया निकालते हुए इसे जल्द जमा करने का निर्देश दिया गया है। पीड़ित का स्पष्ट कहना है कि उनकी आज तक कोई फर्म या कंपनी रही ही नहीं है और न ही उनका किसी तरह के व्यावसायिक काम या पार्टनरशिप से कोई लेना-देना है। ऐसे में बिहार के हाजीपुर से उन्हें करोड़ों का यह नोटिस भेजा जाना पूरी तरह से किसी बड़े फर्जीवाड़े की ओर इशारा कर रहा है।

### लगाई न्याय की गुहार

इस बेतहाशा रकम की अदायगी के डर से खौफजदा कुम्हार ने अब स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। मोहम्मद शहीद का मानना है कि किसी शातिर जालसाज ने गलत तरीके से उनके पैन कार्ड का इस्तेमाल कर इस पूरी धोखाधड़ी को अंजाम दिया है, जिसकी उन्हें बिल्कुल भी भनक नहीं लगी। उन्होंने प्रशासन से इस फर्जी नोटिस को रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि अगर सरकार ने उनकी मदद नहीं की, तो वह अपना छोटा सा मकान और घर का सारा सामान बेचकर भी यह रकम कभी नहीं चुका पाएंगे।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## नाम ही 'प्रतिष्ठा' का, बस बाकि तो...




कहावत है उंची दुकान फीका पकवान,इसी तरह से ही गुलाब में ही कांटे जैसे हालात भी होते हैं। कहते हैं उंटनी का दूध पानी वाले बर्तन में ही निकाला जाता है अन्यथा तत्काल कीडे पडने की संभावना प्रबल होती है। ऐसे ही कुछ नाम ही 'प्रतिष्ठा' के बचे हैं बाकि वहां जो कुछ चल रहा है उसकी चल रही हवा को जानकर तो यही कहा जाएगा कि नाम ही 'प्रतिष्ठा' का है बाकि यहां आने वाले बच्चे बहुत कुछ बयान कर रहे हैं। हाल ही में एक 'सातवीं'वाले ने यहां वो हरकत की है जिसकी जानकारी 'प्रतिष्ठा' में 'जद्दोजहद ' तक भी पहुंची और पूरे मामले को ऐसे दबाया जैसे रेगीस्तान में उंट के टाप को हवा छुपा देती है। एक आध नहीं आधा दर्जन से ज्यादा बेचारे इस उम्र में ही बहुत कुछ खो चुके। आए थे 'प्रतिष्ठा' में अब वो भी नहीं बची है। वेतन नहीं मिलने के कारण एक'प्रतिष्ठा' महाशय की हृदय की धमनी में सारंगी बज गई और वे पुष्प में पल्लवित होकर लाभ ले रहे हैं।'प्रतिष्ठा' में उथलपुथल मची हुई है। अब मूल में इसके कौन किसे प्रश्रय दे रहा है यह अंदर की खलबली है। 'प्रतिष्ठा' में किसी भी दिन उग्रवाद और नक्सवाद की स्थिति उत्पन्न होने की जानकारी भी हवा के साथ सामने आ रही है। पूर्व में भी'प्रतिष्ठा' से जुडे शिप्रा किनारे के एक 'प्रतिष्ठा' के घाट के पास के जगह पर एक दर्जन से ज्यादा कम उम्रों ने इसी तरह की शिकायत की थी । जाकर 'प्रतिष्ठा' के बाहर बैठ गए थे। वर्दी ने जांच की थी। पूरा मामला दबकर रह गया था अबकी बार भी ऐसा ही कुछ बम विस्फोटी आयटम 'प्रतिष्ठा' देने वाला है। खुसूर-फुसूर है कि कलयुग में कैसे झकैसे लोग होते हैं। सिर्फ नाम के ही 'प्रतिष्ठा' होते हैं इनके काम की अगर पूरी जानकारी सामने आ जाए तो शीखा वाले तो इन्हें कभी नहीं बख्शेंगे।

## ट्रैंडिंग




### रहवासियों को दर्द सताने लगा, चौड़ीकरण के मामलों में रार की स्थिति सामने आने लगी, गाड़ी अड्डा चौराहा-रणकेश्वर महादेव मार्ग चौड़ीकरण के प्रभावित विरोध में उतरे

# मनमानी की नपती, रहवासियों की आपत्ति

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर निगम का चौड़ीकरण नागरिकों को सताने लगा है। चौड़ीकरण में अब तक जो नागरिक स्वैच्छा से सामने आ रहे थे अब विरोध जताने लगे हैं। इसके पीछे कारण लंबे समय से निढाल स्थिति बनना है। चौड़ीकरण से प्रभावित दुकानदारों,रहवासियों को नुकसान सहना पड रहा है। गेल इंडिया से नीलगंगा मार्ग चौड़ीकरण में नपती पर नागरिकों की आपत्ति है। मनमानी की नपती पर यह आपत्ति ली गई है। सड़क के सेंटर से दोनों और 9-9 मीटर होना चाहिए,जबकि कम ज्यादा हो रही है।

सिंहस्थ 2028 के लिए शहर में चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके लिए नागरिक स्वैच्छा से अपने भवन ,भूमि देने को तैयार रहे हैं। संपत्ति मालिकों ने खुद ही अपने हाथों से भवनों की तुडाई शुरू किए महीनों हो गए लेकिन चौड़ीकरण के ठेकेदार कंपनियों के ढीले रवैये से महीनों बाद भी मूलभूत सुविधा की स्थिति सुचारू नहीं हो सकी। इससे नागरिक परेशान हो गए हैं। इसी के चलते अब विरोध के स्वर उठने लगे हैं। हाल ही में कोयलाफाटक सहित शहर के कुछ चौड़ीकरण को लेकर तेलीवाडा पर नागरिकों ने जाम किया था उसके बाद भी स्थिति सुधरी नहीं है। नागरिकों का आरोप है कि नगर निगम कालोनाईजरों को लाभ पहुंचाने के लिए मनमानी का चौड़ीकरण कर रही है। जिन मार्गों का बहुत ज्यादा उपयोग नहीं होना है वहां भी अत्यधिक चौड़ीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है।



### एमआर-4 के रहवासियों का घेराव

गाड़ी अड्डा चौराहे से रणकेश्वर महादेव मंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण की शुरूआत हो चुकी है। प्रभावित रहवासी विरोध में उतर गये है। शुक्रवार को विरोध कर रहे रहवासियों ने सिंहस्थ मेला कार्यालय पहुंचकर वहां घेराव किया ।निगम आयुक्त से मार्ग चौड़ीकरण की सीमा को कम करने की गुहार लगाई। विरोध कर रहे रहवासियों को कांग्रेस ने भी अपना समर्थन दिया है। एमआर-4 मार्ग को 24 मीटर चौड़ा करने को लेकर नगर निगम ने क्षेत्रवासियों को नोटिस जारी किये थे। रहवासियों ने 24 मीटर का विरोध करते हुए 15 मीटर चौड़ीकरण का पक्ष रखा था। इसे लेकर नागरिकों ने निगमसभापति सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी गुहार रखी थी। मुख्यमंत्री के नाम भी ज्ञापन सौंपा था। सुनवाई नहीं होती देख नागरिकों ने अब सडक पर विरोध दर्ज करवाना शुरू कर दिया है। गुरूवार को उन्होंने ब्लेक डे मनाया था घरों,दुकानों के ताले नहीं खोले थे। शुक्रवार को दुसरे दिन नागरिक सिंहस्थ मेला कार्यालय पहुंचे और निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर मार्ग चौड़ीकरण 15 मीटर करने की गुहार लगाई।

### मनमानी की नपती पर आपत्ति

नानाखेडा गेल इंडिया से नीलगंगा तक मार्ग चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस वैकल्पिक मार्ग को 18 मीटर चौडा किया जाना है। चौड़ीकरण में दोनों और से बराबर भूमि ली जाना है लेकिन यहां संजय नगर में मनमानी की नपती पर नागरिकों ने आपत्ति ली है। नागरिकों ने इसे लेकर आयुक्त सहित जिम्मेदारों को लिखित रूप से अवगत करवाया है। नागरिकों का कहना है कि नप्ती सेंटर लाईन से की जाना चाहिए जो नहीं की गई है। माफिया की तरह कहीं सेंटर लाईन से तो कहीं नाली से नप्ती की जा रही है।संबंधित इंजीनियर नागरिकों की मांग की अनदेखी करते हुए मनमानी कर रहे हैं।पूर्व में नागरिकों को विश्वास देते हुए सेंटर लाईन से नपती की जानकारी दी थी। नागरिकों ने निगमायुक्त से मनमानी की नपती का अवलोकन करने का आग्रह किया है। इसके साथ ही नागरिकों का कहना है कि नोटिस देने के दौरान भी संबंधित कर्मचारियों से आग्रह करने पर वे जेसीबी लाकर मकान गिराने की धमकी दे गए और नोटिस भी नहीं दे गए। आपत्ति में नागरिकों ने सेंटर लाईन बनाने और उससे दोनों और 9-9 मीटर की नपती करने और निगमायुक्त से चौड़ीकरण के वैधानिक नियमों का पालन करवाने का पक्ष रखा है। नागरिकों का यह भी कहना है कि हरिफाटक मार्ग 6लेन किया जा रहा है इसी पर एलिवेटेड ब्रिज बन रहा है। इसके साथ ही टावर से नानाखेडा फोरलेन भी विकसित किया जा रहा है।इस बीच करीब 3 मार्ग हैं। ऐसे में इस मार्ग को 18 मीटर चौडा किया जाना न्याय संगत नहीं है। अधिकतम 15 मीटर ही इसे चौडा किया जाना चाहिए।

# उज्जैन तहसील में 48 घंटे में डेढ इंच से अधिक वर्षा

### हवाओं के जोर के साथ बारिश का दौर रहा, शहरी क्षेत्र में मूंग के आकार के ओले भी बरसे, अधिकतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा 5 सेंटीग्रेड गिरा, हवा 12 से 8 किलोमीटर रफ्तार से चली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बेमौसम बरसात ने गजब ढा दिया है।शुक्रवार को बीते 48 घंटे के दरमियान उज्जैन तहसील में करीब डेढ इंच बारिश होना सामने आ रहा है। लोगों के अनुसार शहरी क्षेत्र में ही कहीं झकहीं मूंग एवं चने के आकार की ओलावृष्टि हुई है। इस दरमियान हवाओं ने भी कहर बरपाया है।एक दिन पूर्व शाम की तरह शुक्रवार सुबह 12 किलोमीटर एवं शाम को 8 किलोमीटर की गति से ठंडी हवाएं चली है। दिन का अधिकतम तापमान भी एक दिन पूर्व की अपेक्षा 5 डिग्री के लगभग गिरा है।

ठंड ने एक बार फिर पलटा मारा है। शुक्रवार सुबह उज्जैन शहर शिमला हुआ जा रहा था। बारिश की ठंडी बूंदे आमजन को करंट जैसी प्रतीत हो रही थी। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम पलट गया है। बारिश और ओलावृष्टि ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। गुरुवार शाम को 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं ने रातभर कहर बरपाया है। शुक्रवार सुबह भी इनकी यही गति बारिश के साथ भी जारी रही। इस दौरान उज्जैन शहर सहित जिले के कई हिस्सों में बारिश के समाचार सामने आए हैं। अगले 2-3 दिन इसी तरह के मौसम की संभावना जानकार जता रहे हैं।

### अधिकतम गिरा, न्यूनतम चढ़ा

शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा करीब 5 डिग्री गिरावट के साथ 23.5 डिग्री दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा 1.5 डिग्री बढत के साथ 16.5 डिग्री दर्ज किया गया है। इस दौरान सुबह के समय हवा 12 किलोमीटर एवं शाम को 8 किलोमीटर की गति से चली। आर्द्रता सुबह 90 एवं शाम को 82 प्रतिशत दर्ज की गई।शुक्रवार शाम तक पिछले 24 घंटों के दरमियान शहरी क्षेत्र में वर्षा 5.4मिलीमीटर दर्ज की गई है।

### बेमौसम बरसात से प्रभावित हुआ जनजीवन

शुक्रवार सुबह शहर में हुई बारिश से आम जनजीवन प्रभावित रहा है। सुबह जल्दी उठकर प्रातः भ्रमण पर जाने वाले लोगों के साथ ही स्कूली बच्चे भी इससे प्रभावित रहे हैं। 5 वीं एवं 8वीं की परीक्षा का दौर भी शुरू हो गया है। दोपहर में बच्चों की परीक्षा के केंद्रों पर कई जगह पर डोबरों में पानी भरा रहा । व्यवसायिक क्षेत्रों में दुकानें देर से खुली । चाय की दुकानों पर लोगों ने जमकर चुस्की ली है। सुबह देर तक सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए । इसके बाद सूर्य देव ने झलक दिखलाई और दिन भर बादलों की ओट में छिपे रहे।

### पिछले 24 घंटे में वर्षा की स्थिति

| तहसील | वर्षा |
|---|---|
| उज्जैन | 24.0 |
| घट्टिया | 0.5 |
| खाचरौद | 00 |
| नागदा | 00 |
| बंडनगर | 4.0 |
| महिदपुर | 7.0 |
| झार्डा | 2.0 |
| तराना | 1.0 |
| माकडौन | 00 |

नोट-आंकडे मिली मीटर में हैं।
स्त्रोत-जिला भू-अभिलेख कार्यालय, उज्जैन

### 48 घंटों में डेढ इंच वर्षा

जिला भू-अभिलेख के आंकडों के अनुसार बुधवार से शुक्रवार दरमियानी 48 घंटों में उज्जैन तहसील में करीब डेढ इंच बारिश हुई है। इन 48 घंटो में जिले में सर्वाधिक वर्षा उज्जैन तहसील में ही सामने आ रही है। गुरूवार से शुक्रवार सुबह के 24 घंटों के दरमियान ही उज्जैन तहसील में 24 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इसके बावजूद भी पिछले वर्ष की तुलना में अभी करीब सवा तीन इंच बारिश कम ही हुई है। जिले की 9 राजस्व तहसीलों में इस वर्ष माकडौन एवं उज्जैन को छोडकर शेष सभी तहसीलों में पिछले वर्ष से अधिक वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

### ये है मौसम पलटने का कारण

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के दो सिस्टम सक्रिय होने के साथ मध्य प्रदेश के ऊपर से

गुजर रही ट्फ लाइन की वजह से मौसम में बदलाव आया है। 22 फरवरी से फिर पश्चिमी विक्षोभ का नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है। इससे अगले कुछ दिन और मौसम ऐसा ही बना रहने वाला है।

### उत्पादन प्रभावित होने के हालात

इधर कृषि के जानकारों के अनुसार जिस फसल में दाना पकने के कगार पर आ गया था और वह आडी हुई है उसमें क्वालिटी की मार पड रही है। जो फसल 75 प्रतिशत झुकी है और अभी उसके दानों में दूध भर रहा है ऐसी फसल 5-10 प्रतिशत वापस उठने की उम्मीद है। आडी हुई फसलों में कई क्षेत्रों में ज्यादा नुकसान के हालात बन गए है। ऐसे में जिले में 5-7 फीसदी उत्पादन पर असर आ सकता है। जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार जैसे हालात बनने की स्थिति बताई जा रही है। ये भी कहा जा रहा है कि बारिश भी खंड वर्षा जैसी हुई है और ओलावृष्टि भी ऐसी ही रही है। इस कारण से कई खेतों में ज्यादा नुकसान के हाल बन रहे हैं।

### 2025 में सर्वाधिक साढ़े पांच करोड़ पर्यटक उज्जैन पहुंचे

# सिंहस्थ में 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सूबे के पर्यटन क्षेत्र में धार्मिक शहर उज्जैन ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह कीर्तिमान स्थापित हुआ है बीते वर्ष 2025 में जब शहर में देश विदेश से सर्वाधिक साढ़े पांच करोड पर्यटक उज्जैन पहुंचे।

यह आंकड़ा प्रदेश के अन्य पर्यटन और धार्मिक स्थानों से सबसे अधिक है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 के दौरान प्रदेश में 13.18 करोड़ पर्यटक आए। इसमें सर्वाधिक साढ़े पांच करोड़ पर्यटक उज्जैन पहुंचे। 1.60 लाख चित्रकूट और 1.50 करोड़ पर्यटक मैहर पहुंचे। पर्यटन की गतिविधियों में वृद्धि से सूबे की मोहन यादव सरकार को प्रदेश के धार्मिक और पर्यटन स्थलों से राजस्व में 14.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इसमें उज्जैन का योगदान सबसे अधिक है। बता दें कि महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन शहर में होटल उद्योग भी तेजी से फल फूल रहा है।

सिंहस्थ 2028 में देश-दुनिया से 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यह बात आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में सामने आई है।

निर्यात में भी उज्जैन अव्वल बना हुआ है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार प्रदेश में अक्टूबर 2024 की स्थिति में देखा जाए तो निर्यात के मामले में धार जिला सबसे आगे रहा है। यहां से 17,830 करोड रुपये की वस्तु निर्यात की गई। इसके बाद इंदौर 13,500, रायसेन 7,263, सिंगरौली 4,598, सीहोर 3,864, देवास 3,826, उज्जैन 2,288, भिंड 1,914, भोपाल 1,631 और रतलाम जिले से 1,278 करोड रुपये की वस्तुओं का निर्यात किया गया।

## विक्रम व्यापार मेला में मुख्यमंत्री ने किया ई-विटारा का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



विक्रम व्यापार मेला 2026 में युग कार्स के स्टॉल पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा का भव्य लोकार्पण किया। यह लॉन्च प्रदेश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है।

**बैटरी व रेंज: ई-विटारा दो बैटरी विकल्पों में उपलब्ध है:** 49 kWh LFP बैटरी पैक, 61 kWh LFP बैटरी पैक। बड़ी 61 kWh बैटरी के साथ यह एसयूवी लगभग 543 किमी तक की रेंज देने में सक्षम है। कंपनी बैटरी पर 8 वर्ष या 1,60,000 किमी की वारंटी दे रही है।

**बैटरी सहित एक्स-शोरूम कीमत:** ₹15.99 लाख से ₹19.79 लाख तक (वेरिएंट अनुसार)

## नाटक 'जाति जीवनम' की प्रभावी प्रस्तुति

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



उज्जैन में आयोजित विक्रमोत्सव के नाट्य समारोह की चतुर्थ संध्या ओडिशा के नाट्य निर्देशक चित्तरंजन सत्पथी के निर्देशन में नाटक जाति जीवनम् का रंजक मंचन हुआ।

यह पौराणिक कथा पर आधारित चरित्र-प्रधान एकांकी नाटक था । प्रसिद्ध कथाकार महामहोपाध्याय पंडित गोविन्द चन्द्र मिश्र रचित इस नाटक ने जातिगत भेदभाव, वंश-रक्षा और नैतिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। नाटक में ओडिशा के द क्याज, नाट्य समूह के कला दल द्वारा प्रभावी अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। भारतीय पौराणिक परंपरा पर आधारित इस एकांकी में जातीय चेतना, वंश-संरक्षण और नैतिक दायित्वों की गंभीर अभिव्यक्ति देखने को मिली। नाटक के भावपूर्ण प्रसंगों और वैचारिक गहराई ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।

कथानक ऋषि जरत्कारु के उस सशर्त विवाह-संकल्प के इर्द-गिर्द विकसित होता है, जिसे वे पितृ-पुरुषों द्वारा सौंपे गए वंश-रक्षा के दायित्व के निर्वहन हेतु स्वीकार करते हैं। दूसरी ओर नागयज्ञ के माध्यम से नागजाति के विनाश की प्रतिज्ञा लेते हैं। विषम परिस्थिति में वासुकि की भगिनी नागजाति की रक्षा के लिए स्वयं को उत्सर्ग करने का संकल्प लेती है। नाटक में करुणा और आत्मबलिदान की चरम संवेदना को प्रकट किया गया। नाटक के माध्यम से निस्वार्थ समर्पण, निष्काम कर्तव्यबोध और सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रभावी संदेश दिया गया। नाटक में ओडिशा के कलाकारों ने प्रभावपूर्ण अभिनय क्षमता का परिचय दिया।

# छेड़ने से बज जाती है खतरे की घंटी, प्रशासन, सार्वजनिक स्थलों को लेकर रहे सतर्क

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

(पं राहुल शुक्ल)

मधुमक्खी साधारणतः किसी को परेशान नहीं करती है और परागीकरण की प्रक्रिया मे सहायक है किन्तु यदि इनकी छेड़खानी की जाती है तो ये अपनी सुरक्षा को खतरा मानकर आसपास के लोगों को डंक मारती है । कुछ ऐसा ही हुआ विगत दिनों नागदा मे शिवरात्रि मेले के दौरान जब मधुमक्खियों ने झूला झूल रहे लोगों पर अचानक हमला बोल दिया जिसमे तीन बच्चों की हालत नाजुक चल रही है।

### डंक मे होता है अम्ल

सबसे खतरनाक भंवरमाल मक्खी होती है। इसके काटने से शरीर मे विषाक्तता की स्थिति हो जाती है। ये डंक मारकर मानव व पशु के शरीर मे फार्मिक एसिड छोडती है फार्मिक एसिड का ही अन्य नाम मिथेनाइक एसिड भी है। डंक मे फार्मिक एसिड के साथ हिस्टामिन , मैलेटिन व एमिनो एसिड होते हैं। जब ये रक्त मे मिल जाते हैं तो शरीर मे जलन व असहनीय दर्द होता है। मक्खी के वैनम मे 50से 60 प्रतिशत मैलेटिन ही होता है। मधुमक्खी का वैनम अम्लीय होता है क्योंकि इसका पी एच मान 4.5 से 5.5 तक होता है। शरीर मे एलर्जिक पेन होता है। 3 से 4 डंक मारने पर स्थिति नियंत्रण मे रहती है पर यदि 10 से ज्यादा मक्खियां डंक मारें तो व्यक्ति मर भी जाता है। कई बार डंक की विषाक्तता तो ज्यादा नही होती पर भय से ही पीडित मर जाता है।



### प्रशासन रहे अलर्ट मोड पर

तीर्थनगरी उज्जैन मे लगातार धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। कुछ आयोजन खुले मे रखे जाते हैं जहां आसपास पेडों पर मधुमक्खी के छत्ते भी होते हैं। प्रशासन प्रायः इन छत्तों को गंभीरता से नहीं लेता है पर नागदा की घटना से सबक लेना होगा कि सार्वजनिक आयोजनों के पूर्व इन मधुमक्खियों से बचाव को लेकर सतर्कता पर चिंतन मनन हो और एक ठोस कार्य योजना बने। पंचकोशी यात्रा के समय भी पडाव स्थल के आसपास कुछ छत्ते पेडों पर होते हैं और नीचे यात्री कंडे जलाकर बाटी सेंक रहे होते हैं। नागदा की घटना की भयावहता ने सोचने पर विवश किया है कि प्रशासन इन अदृश्य आपदाओं पर भी गौर फरमाए ताकि सभी सुरक्षित रहें।

### आग, धुएं और छत्ते को छूने से

मधुमक्खी के छत्ते के आसपास आग जलाने पर या धुआं उत्पन्न होने पर ये बहुत नाराज हो जाती हैं। इसके अलावा छत्ते को छूने पर भी ये गुस्सा होकर काटने लगती हैं। नाराज होने पर सैनिक मधुमक्खी 3 किलोमीटर की त्रिज्या मे फैल जाती हैं और काटने लगती हैं। शायद नागदा मेले मे आग के धुंए से ही ये आक्रामक होकर हमला करने लगी ऐसी आशंका है।



### प्राकृतिक छत्ते मे दो से ढाई लाख मक्खियां

पेड या बडे भवनों पर लगे एक छत्ते मे लगभग दो से ढाई लाख मधुमक्खियां होती हैं। अब हम सहज ही अनुमान लगा सकते हैं कि इतनी अधिक संख्या मे मधुमक्खी क्रुद्ध होकर काटने लगें तो हालात कितने गंभीर हो सकते हैं।

### सबसे पहले डंक निकालना चाहिए

मधुमक्खी के काटने पर सबसे पहले नाखून या तीखे कार्ड से काटे हुए स्थान से डंक को निकालना चाहिए फिर घाव को साफ पानी या साबुन से धोना चाहिए। तदुपरांत इस पर लोहा घिसकर लगाना चाहिए । चूंकि इसके काटने पर अम्ल शरीर मे जाता है अतः अम्ल के दुश्मन यानी क्षार का प्रयोग काटे स्थान पर करना चाहिए। क्षार के रूप मे घाव पर खाने का सोडा लगाना हितकर है। घाव को कभी भी रगडना नही चाहिए। रगड़ने पर इसका जहर रक्तनालियो मे तेजी से फैल जाता है।

- गोविन्द माहेश्वरी,
संचालक मधुमक्खी पालन केन्द्र , देवगुराडिया।

### सूजन वाले स्थान को सेकें

शरीर मे सूजन वाली जगह को आइस पैड से सिकाई करें फिर घाव पर मीठा सोडा या टूथ पेस्ट लगा दें । सोडा व टूथपेस्ट दोनो ही क्षारीय होते हैं और ये मधुमक्खी के विष मे उपस्थित अम्लीय पदार्थ के प्रभाव को उदासीन कर देता है।

- अंकिता चौहान,
व्याख्याता जीवविज्ञान व पर्यावरणविद।

**न्यूज ब्रीफ**

## सांवेर को बजट में मिली तेरह सड़कों की सौगात

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026-27 के बजट में सांवेर विधानसभा क्षेत्र सहित इंदौर जिले में लगभग 294 करोड़ रुपये लागत की 13 सड़कों की सौगात दी गई है। सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्यों को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए बजट में इंदौर जिले में मुख्य रूप से 185 किलोमीटर लम्बाई की 13 सड़कें स्वीकृत हुई है, इनके निर्माण के लिए लगभग 294 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। बजट में स्वीकृत सड़क परियोजनाओं से सांवेर विधानसभा क्षेत्र को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी तथा क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि सांवेर क्षेत्र सहित जिले के अन्य क्षेत्र के अंतर्गत जिन प्रमुख सड़कों को स्वीकृति मिली है, उनमें पंचडेरिया से इमलीखेड़ा, देवगुराड़िया डबल चौकी मार्ग, इंदौर-कांकरिया-सेमल्याचाऊ मार्ग, बालोदा ग्राम से बालोदा रेलवे स्टेशन मार्ग (4.4 किमी, लागत 3.79 करोड़ रुपये), धरमपुरी- सोलसिंदा पहुंच मार्ग (1.8 किमी, लागत 3.15 करोड़ रुपये), हातोद-अजनोद मार्ग (16 किमी, लागत 18 करोड़ रुपये), इंदौर-उज्जैन रोड रिंगनोदिया संजय नगर से मुरादपुरा मार्ग (3.7 किमी, लागत 6 करोड़ रुपये), पानोद-चिमली मार्ग से बड़ोदिया खान मार्ग शामिल है।

## जागरूकता : सामूहिक सम्मेलन में सभी जोड़े मिले बालिग

**इंदौर।** जिले में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा के मार्गदर्शन में बाल विवाह रोकथाम को लेकर सतत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्कूल, समुदाय और सेवा प्रदाताओं तक अधिनियम की जानकारी पहुंचाने से लोग अब जागरूक होने लगे हैं। इसका उदाहरण 19 फरवरी दलाल बाग में आयोजित सकल पंच मारू प्रजापत समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में देखने को मिला। शिकायत के आधार पर जांच करने पहुंचे उड़नदस्ता कोर ग्रुप के महेंद्र पाठक, संगीता सिंह और सुपरवाइजर पुष्पलता यादव ने जब आयोजन समिति से सभी जोड़ों के दस्तावेज मांगे तो उन्होंने तुरंत फाइल सामने रखी जिसमें प्रत्येक वर वधू की जन्म तिथि को प्रमाणित करने वाले दस्तावेज थे। दो जोड़ों के आधार कार्ड मिलने पर आयोजन समिति को समझाइश दी गई की आधार कार्ड उम्र का प्रमाण नहीं है। आयोजन समिति के पदाधिकारी को यह भी बताया कि सूची में जन्मतिथि अंकित होना चाहिए।

## शासकीय महिला पॉलिटेक्निक में पहली बार 'फन फेयर' का आयोजन रविवार को

**इंदौर।** शहर के राजेन्द्र नगर स्थित शासकीय (स्वशासी) महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय द्वारा छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की जा रही है। महाविद्यालय परिसर में रविवार 22 फरवरी को दोपहर 11 बजे से शाम 5 बजे तक पहली बार 'फन फेयर' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ₹तकनीक की ओर बढ़ें - पॉलिटेक्निक चलें₹ अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचाया विजया शिन्दे ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के प्रति आकर्षित और समाज में जागरूकता लाना है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में तकनीकी कौशल के प्रति रुचि जगाना और महाविद्यालय में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करना है। इस फन फेयर के माध्यम से छात्राएं खेल-खेल में तकनीकी शिक्षा की बारीकियों और भविष्य की संभावनाओं से रूबरू हो सकेंगी। साथ ही इस फन फेयर में विभिन्न स्टॉल्स, तकनीकी प्रदर्शनी और मनोरंजक गतिविधियों का समावेश होगा।

### त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ मना सके इसके प्रयास पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार किए जा रहे

# सर्द मौसम में 200 पुलिसकर्मियों ने किया फ्लैगमार्च

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



रमजान पर्व की शुरूआत हो चुकी है। आगामी दिनों में होली-रंगपंचमी का त्यौहार मनाया जाना है। इस बीच कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए शुक्रवार को सर्द मौसम के बीच 200 पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च किया।

धार्मिक नगरी में कानून व्यवस्था बनी रहे और सभी धर्म के लोग त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ मना सके इसके प्रयास पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार किए जा रहे हैं। वर्तमान में मुस्लिम समुदाय के पवित्र रमजान पर्व की शुरूआत हो चुकी है। वहीं आगामी दिनों में होली के साथ रंगपंचमी का त्यौहार मनाया जाना है। जिसकी सुरक्षा व्यवस्था के साथ कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। बुधवार रात से ही मौसम सर्द बना हुआ है। बावजूद इसके पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट दिखाई दे रही है। गुरुवार सुबह बारिश के बीच 200 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवानों ने तोपखाना क्षेत्र से फ्लैग मार्च की शुरूआत की। 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही ठंडी हवा में पुलिसकर्मी वज्र वाहन, अश्वरोही दल, बीडीडीएस टीम (बॉम्ब डिस्पोजल एंड डॉग स्क्वॉड) तथा डॉग स्क्वॉड के सात संवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचे और त्योहारों को भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च तोपखाना से प्रारंभ होकर उपकेश्वर चौराहा, कसाईवाड़ा, गुदरी चौराहा, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, केडी गेट होते हुए जुनासोमवारिया पर समाप्त हुआ। इससे पहले पुलिस ने नए शहर के टॉवर चौक से फ्लैग मार्च की शुरूआत की और तीन बत्ती चौराहा, लोटी तिराहा, माधव नगर रेलवे स्टेशन, हनुमान नाका होते हुए हरिफाटक पर फ्लैग मार्च समाप्त किया।

# इंदौर में यातायात सुधार की नई पहल

### चार विशेष पेट्रोलिंग टीमों का गठन, बाजारों और व्यस्त मार्गों पर रहेगी सख्त निगरानी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देशन में चार विशेष पेट्रोलिंग टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें शहर के चारों यातायात जोन में तैनात रहकर व्यस्ततम मार्गों, प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत निगरानी रखेंगी तथा नियम उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई करेंगी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शहर में बढ़ते वाहनों की संख्या और सड़क किनारे अवैध पार्किंग के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक जोन में एक-एक विशेष टीम गठित की गई है, जो अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखेगी। प्रत्येक विशेष पेट्रोलिंग टीम में निम्न अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहेंगे एक सूबेदार/उप निरीक्षक (टीम प्रभारी), एक एएसआई/प्रधान आरक्षक, चार आरक्षक, एक महिला आरक्षक, दो मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग जवान, यह टीम आधुनिक संसाधनों से लैस रहेगी ताकि मौके पर ही प्रभावी कार्रवाई की जा सके।उपलब्ध रहेंगे आधुनिक संसाधन यातायात व्यवस्था को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए टीमों को निम्न उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं एनाउंसमेंट हेतु पी.ए. सिस्टम, पेट्रोलिंग मोटरसाइकिल, बॉडी वॉर्न कैमरा (पूरी कार्रवाई की रिकॉर्डिंग हेतु), क्रेन/सपोर्ट वाहन, दो एवं चार पहिया वाहनों के लिए व्हील लॉक, चालान हेतु पीओएस मशीन इन संसाधनों के माध्यम से टीम मौके पर ही चालानी कार्रवाई कर सकेगी और अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया जा सकेगा।

सभी टीम सदस्य बॉडी वॉर्न कैमरे का उपयोग करेंगे, जिससे पूरी कार्रवाई वीडियो रिकॉर्ड होगी। इससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में तथ्य स्पष्ट रहेंगे। साथ ही अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि कार्रवाई के दौरान व्यवहार कुशलता और व्यावसायिक दक्षता बनाए रखी जाए।




### मुख्य फोकसः अवैध पार्किंग और फुटपाथ अतिक्रमण

विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जहाँ– फुटपाथ पर वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, मुख्य मार्गों पर अवैध पार्किंग से जाम लगता है, दुकानों के सामने सड़क पर वाहन लगाकर आवागमन बाधित किया जाता है, ऐसी स्थिति में टीम मौके पर पहुंचकर यातायात को तुरंत सामान्य करेगी और नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों पर व्हील लॉक या क्रेन के माध्यम से चालानी कार्रवाई करेगी।

### जनसहयोग की अपील

टीमें पी.ए. सिस्टम के माध्यम से दुकानदारों, व्यापारियों, रहवासियों और आम नागरिकों से अपील करेंगी कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। पुलिस का कहना है कि शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने में जनसहयोग बेहद आवश्यक है।

## बिना परमिट स्कूली वाहन जब्त, वसूला गया 56 हजार का जुर्माना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**




इंदौर में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में स्कूली तथा अन्य वाहनों की चेकिंग का अभियान जारी है। अभियान में आज क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अमले द्वारा मांगलिया क्षेत्र के स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा सहित सभी दस्तावेज चेकिंग के साथ वाहनों का निरीक्षण भी किया गया। साथ ही फायर सेफ्टी उपकरण, स्पीड गवर्नर की भी जांच की गई।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस दौरान 01 स्कूली वाहन बिना परमिट के पायी गई, जिसे जब्त किया गया। साथ ही 10 से अधिक वाहनों में विभिन्न कमियाँ पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने पर 56 हजार रुपये से ज्यादा का जुर्माना वसूला गया। साथ ही बच्चों और उनके पालकों से फीडबैक भी लिया गया। उनसे वाहन चालक, वाहन को तेज गति से तो नहीं चलाते है या वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग तो नहीं करते आदि बिन्दुओं पर फीडबैक लिया गया।

स्कूल / शैक्षणिक संस्था बसों में सुरक्षा मानकों की पूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु इंदौर जिले में स्थित स्कूली वाहनों की आकस्मिक चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। समस्त शैक्षणिक संस्थान/स्कूल संचालकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने वाहन पूर्ण रूप से फिट होने एवं उनके समस्त आवश्यक दस्तावेज वैध होने पर ही सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए वाहनों को संचालन किया जाना सुनिश्चित करें।

## रील की रंगीन दुनिया, हकीकत में अंधेरा, गांजे के कश के साथ वायरल हुई युवती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सोशल मीडिया पर छाने की होड़ अब युवाओं को ऐसी राह पर ले जा रही है, जहां कुछ सेकंड की रील के लिए भविष्य दांव पर लगाया जा रहा है। ताजा मामला इंदौर का है, जहां पढ़ाई कर रही मानसी नाम की एक युवती ने कथित रूप से गांजा पीते हुए अपनी रील इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी। वीडियो सामने आते ही शहर में हड़कंप मच गया। बुधवार को पोस्ट की गई इस रील में युवती को नशे का सेवन करते हुए दिखाया गया है। बैकग्राउंड में तथाकथित स्टड टाइप गाना लगाया गया है, जिससे यह संदेश जाता है मानो वह किसी उपलब्धि का प्रदर्शन कर रही हो। कुछ ही घंटों में वीडियो वायरल हो गया और सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई।

## किसानों की क्षतिग्रस्त फसलों का होगा सर्वे

**इंदौर।** इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में हाल ही में हुई वर्षा को देखते हुए जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि किसानों की फसलों को हुए नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाएगा। जिन किसानों की फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उन्हें नियमानुसार मुआवजा भी उपलब्ध कराया जायेगा। इस संबंध में मंत्री सिलावट ने कलेक्टर से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

## सभी त्यौहार आपसी सद्‌भाव, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाए जाएंगे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर संभाग में आगामी सभी त्यौहार गौरवशाली परंपरा के अनुरूप आपसी सद्भाव, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाए जाएंगे तथा हर हाल में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाएगी। कानून व्यवस्था के संबंध में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े और आईजी श्री अनुराग की संयुक्त अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा बैठक में दी गई।

वीडियों कॉन्फ्रेंस बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारी शामिल हुए। इंदौर से बैठक में पुलिस आयुक्त अनुराग, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की अपर संचालक श्रीमती सपना अनुराग जैन, विकास आयुक्त डी.एस. रणदा और उपायुक्त (राजस्व) श्रीमती सपना लोवंशी उपस्थित रहे।

बैठक में आईजी श्री अनुराग जैन ने संभाग की कानून व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में रमजान, भगोरिया, होली, रंगपंचमी, ईद आदि पर्व सभी समुदाय के सहयोग से परम्परानुसार मनाए जाएंगे। निर्देश दिए कि त्यौहारों के दौरान संभाग में सौहार्दपूर्ण वातावरण, शांति एवं कानून व्यवस्था हर हाल में बनी रहे। आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखते हुए वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण किया जाए। साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर विशेष मॉनिटरिंग की जाएगी तथा अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा है। सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा ?कि संभाग के सभी जिलों में जनजातीय समाज का मुख्य पर्व भगोरिया एक सप्ताह से अधिक समय तक हर्षोल्लास से मनाया जाता है। भगोरिया मेले को बाहरी प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में नागरिक आते है। हाट बाजारों में भीड़ उमड़ती है। अतः महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाए। संभाग के सभी जिलों में होली और रंगपंचमी पर भी धूम रहती है। होलिका दहन चिह्नित स्थानों पर किया जाए। शांति समिति की बैठक में ग्राम सुरक्षा समितियों का भी सहयोग लिया जाए।

### पटवारी अक्षय शांडिल्य पर गिर सकती है बड़ी गाज

# कलेक्टर ने सरकारी जमीन पर खेल करने वाले अधिकारियों को हटाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में भूमाफियाओं का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा। शासन-प्रशासन की सख्ती के बाद भी वे कोई न कोई रास्ता निकाल ही लेते हैं।

ताजा मामला हरियाणा गृह निर्माण संस्था का है। यहां भूमाफियाओं ने तहसीलदार के माध्यम से उस जमीन की नपती के आदेश जारी करवा दिए थे, जिस पर पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह ने रोक लगा रखी थी। यह मामला कलेक्टर के संज्ञान में आया वैसे ही कलेक्टर ने सख्त एक्शन लेते हुए तहसीलदार, आरआई और पटवारी को लूप लाइन में भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह ने नगर भूमि सीमा अधिनियम 1976 की धारा 20 (क) के तहत एक आदेश निकाला था। इसमें खसरा नंबरों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट आदेश दिया गया था कि इन जमीनों पर जब तक सुनवाई नहीं होगी कुछ भी नहीं हो सकता। इसमें हरियाणा गृह निर्माण संस्था की कनाड़िया स्थित जमीन खसरा नंबर 1179 भी शामिल है। इस संस्था पर प्रशासक भी बैठा हुआ है।



### दो भूमाफिया लंबे समय से कर रहे कोशिश

शहर के दो कुख्यात भूमाफिया जो कई बार जेल की हवा भी खा चुके हैं, हरियाणा गृह निर्माण संस्था की जमीन को निपटाने की कोशिश में लगे हैं। इनमें से एक भूमाफिया जो जेल से आने के बाद ज्यादा ही सक्रिय है, उसने तहसीलदार के माध्यम से खेल जमाने की कोशिश की। तहसीलदार ने इस जमीन की नपती का आदेश निकाल दिया। चूंकि आदेश हो चुका था तो आरआई और पटवारी जाकर जमीन की नपती भी कर आए। इस जमीन की नपती तो हो ही नहीं सकती थी। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार जूनी इंदौर प्रीति भिसे को हटाकर कलेक्टोरेट की नजूल शाखा में पदस्थ कर दिया। इतना ही नहीं राजस्व निरीक्षक (आरआई) मनीष चतुर्वेदी और पटवारी जूनी इंदौर अक्षय शांडिल्य को भू-अभिलेख शाखा में अटैच कर दिया। पटवारी अक्षय शांडिल्य कई भूमाफियाओं से भी मिला हुआ है। वही उसकी कार्यशैली भी शुरू से ही संदिग्ध है।

### कलेक्टर बोले- मामले की जांच कराएंगे

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि मामला संज्ञान में आने के बाद हमने इसे रुकवा दिया है। अब पूरे मामले की जांच की जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई होगी।

# महाकाल मंदिर में संध्या और शयन आरती पर 250 शुल्क लागू

### कांग्रेस-भाजपा में छिड़ी सियासी बहस, डिजिटल बुकिंग से पारदर्शिता का दावा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



उज्जैन स्थित विश्वप्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के बाद अब संध्या और शयन आरती के दर्शन के लिए भी शुल्क व्यवस्था लागू कर दी गई है। गुरुवार से शुरू हुई इस नई व्यवस्था के तहत श्रद्धालुओं को प्रति व्यक्ति 250 रुपये देना होगा। निर्णय के साथ ही राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। जहां कांग्रेस ने विरोध जताया है, वहीं भाजपा और मंदिर प्रशासन ने इसे व्यवस्था सुधार की दिशा में कदम बताया है। मंदिर समिति द्वारा गुरुवार से संध्या और शयन आरती दर्शन के लिए प्रति व्यक्ति 250 रुपये शुल्क लागू किया गया। इससे पहले भस्म आरती के लिए शुल्क व्यवस्था प्रचलित थी। अब यह दायरा बढ़ाते हुए शाम और रात्रि की आरती को भी सशुल्क श्रेणी में शामिल किया गया है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि मंदिर समिति धीरे-धीरे दर्शन व्यवस्था को आय का साधन बना रही है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि भस्म, संध्या और शयन आरती को पूर्णतः शुल्क मुक्त रखा जाए, ताकि आम श्रद्धालुओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। मंदिर प्रशासन ने पहले दिन की व्यवस्था को सफल बताया। सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया के अनुसार डिजिटल बुकिंग प्रणाली लागू होने से पारदर्शिता बढ़ेगी और भीड़ प्रबंधन में सहूलियत मिलेगी। कई श्रद्धालुओं ने भी नई व्यवस्था को सरल और स्पष्ट बताया।

### भाजपा ने आरोपों को बताया निराधार



भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कांग्रेस के आरोपों को भ्रम फैलाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है और श्रद्धालुओं को गुमराह कर रही है। उनका दावा है कि निश्शुल्क दर्शन की व्यवस्था पहले भी उपलब्ध थी और आगे भी जारी रहेगी।

## इंदौर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 24 फरवरी को

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

थैलेसेमिया एक अनुवांशिक रक्त विकार है, जो माता-पिता से बच्चों में आता है। इस रोग में स्तर सामान्य से कम हो जाता है। इसी वजह से थैलेसेमिया से ग्रसित मरीजों को बार-बार रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। रक्त आधान के माध्यम से इसकी गंभीरता को कम किया जा सकता है, लेकिन बोन मैरो ट्रांसप्लांट ही इसका स्थायी उपचार है। थैलेसेमिया से ग्रसित मरीजों को शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क औषधियाँ एवं उपचार प्रदान किया जा रहा है तथा सभी ब्लड सेंटर्स से निःशुल्क रक्ताधान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा प्रदेश के थैलेसीमिया के मरीजों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट की निःशुल्क सेवाएं प्रदाय करने के उद्देश्य से थैलेसेमिया बाल सेवा योजना के अंतर्गत मेदांता फाउंडेशन, नई दिल्ली के साथ एम.ओ.यू. संपादित किया जाकर पात्र मरीजों को निःशुल्क जांच कर निःशुल्क बोन मेरो ट्रांसप्लांट सुविधा मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम में उपलब्ध कराई जाएगी।

## न्यूज-कॉलम



### पुलिस की आंखों के सामने कांग्रेस ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य मंत्रियों का पुतला फूंका

**सनावद।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा बस स्टैंड पर गांधी प्रतिमा के सामने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय , विजय शाह व राजेंद्र शुक्ल का कांग्रेसियों ने नारेबाजी कर पुतला फूंका । ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल ने बताया कि इंदौर में दूषित पानी पीने के चलते ३० से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई वहीं कुछ दिन पहले छिंदवाड़ा में भी नकली सिरप के कारण कई मासूम लोगों ने अपनी जान गवा दी । मंत्री विजय शाह के द्वारा भी हमारे देश के सेना के खिलाफ और अनर्गल टिप्पणियां की जा रही है इसके चलते आज हमने इन तीनों मंत्रियों का पुतला दहन किया है तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की है कि नैतिकता के आधार पर तीनों मंत्रियों को बर्खास्त किया जाए।इस दौरान प्रवीण शर्मा, मुन्ना गुर्जर, मोहन मलगाया, शेख सकेरीन , रवि यादव, आफताब हिलाल, हरविंदर सिंह कपूर, सौरभ यादव , नकुल पटेल बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं द्वारा पुतला दहन करने के बाद पुलिस जलते हुए को लेकर इधर उधर दौड़ती नजर आई ।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन 21 फरवरी को होगा

**आलीराजपुर।** आगामी त्योहारों को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। बैठक का आयोजन दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष, आलीराजपुर होगा। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर करेंगी। बैठक में आगामी दिनों में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों भगोरिया पर्व, रमजान तथा होली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने के संबंध में चर्चा की जाएगी। साथ ही कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने समस्त जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है साथ ही सभी जिला अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।

### जिले के पांच खिलाड़ी मध्यप्रदेश हॉकी टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

**बड़वानी ।** ऐसटी नेशनल हॉकी चैंपियनशिप 21 से 27फरवरी तक रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जायेगा। जिसमें जिला हॉकी संघ बड़वानी के पांच खिलाड़ी मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे । पुरुष टीम में रामजय चौहान, विजय सुलिया एवं महिला टीम में कुमारी रजनी वास्कले, कुमारी केसर भाभर एवं कुमारी शिवानी बामनिया मध्य प्रदेश हॉकी टीम का प्रतिनिधि करेंगे । टीम के कप्तान श्री रामजय चौहान होंगे, टीमों का कैंप क्रमशः भोपाल एवं ग्वालियर में आयोजित हो रहा है । जहां से टीम 20 फरवरी को रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए प्रस्थान कर नेशनल चैपियनशिप में पूरे देश से 16 टीमे हिस्सा लेगी, जिसमें श्रेष्ठ 8 टीमें खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए क्वालीफाई होंगे । खेलो इंडिया यूथ गेम्स बिलासपुर छत्तीसगढ़ में ही प्रस्तावित है । खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री जेएस डामोर, खेल अधिकारी श्रीमती संतरा नीमामा, कीड़ा प्रभारी श्री मुकेश मालवीय, जिला हॉकी संघ के संरक्षण डॉ. ओपी खंडेलवाल, अध्यक्ष श्री अमृतलाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजय कानून, राजेंद्र भावसार, प्रवीण पांडे, सचिव जसमीत सिंह मदान एवं समस्त हॉकी खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### शिवाजी जयंती शोभायात्रा के जुलूस मार्ग की ड्रोन से सघन सर्चिंग

**बड़वानी।** जिले के सेंधवा शहर में 19 फरवरी को शिवाजी जयंती के उपलक्ष में आयोजित होने वाली शोभायात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए। प्रभारी पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तथा एसडीओपी सेंधवा अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेंधवा शहर दिनेश कुशवाह एवं पुलिस टीम द्वारा जुलूस मार्ग का ड्रोन कैमरे के माध्यम से सघन निरीक्षण एवं सर्चिंग की गई। सुरक्षा व्यवस्था के तहत जुलूस मार्ग पर स्थित हाई-राइज भवनों, संवेदनशील स्थानों एवं प्रमुख चौराहों का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया, ताकि किसी भी संभावित अव्यवस्था की स्थिति को पूर्व में ही नियंत्रित किया जा सके। शोभायात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ड्यूटी में लगाए गए समस्त पुलिस बल को एसडीओपी सेंधवा द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ब्रीफ कर रवाना किया गया। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि त्योहार को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के साथ मनाएँ। किसी भी प्रकार की अफवाह, अव्यवस्था अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा पार्षद दल के द्वारा अपने-अपने घरों से कचरा की थैलियां लाकर नपा अध्यक्ष व सीएमओ के ऑफिस के बाहर फेंक कर नारेबाजी की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा व भाजपा पार्षद दल के द्वारा अपने-अपने घरों से कचरा की थैलियां लाकर नगर पालिका अध्यक्ष व सीएमओ के ऑफिस के बाहर फेंक कर जमकर नारेबाजी की गई। जिला मंत्री अमिता माहेश्वरी ने बताया कि नगर पालिका में कांग्रेस की परिषद होने के कारण व्यवस्थाएं बुरी तरीके से प्रभावित हो रही है नगर पालिका बीते एक सप्ताह से कचरा गाड़ी नहीं भेज रही है इसके चलते घरों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है । शहर की जनता स्वच्छता के नाम पर करोड़ों रुपए का टैक्स प्रतिवर्ष नगर पालिका को देती है लेकिन नगर पालिका सफाई के मामले में फिसड्डी नजर आ रही है। जिसके चलते आज हमारे द्वारा सीएमओ व अध्यक्ष के ऑफिस के बाहर कचरा फेंका गया ।



नेता प्रतिपक्ष राजेश अंजने ने बताया कि सनावद नगर में कांग्रेस की परिषद होने के चलते लगातार शहर की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है अध्यक्ष व सीएमओ अपनी मनमानी करता है तथा ऑफिस में भी सदैव नदारत रहते हैं यदि जल्द से जल्द कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त नहीं होती है तो कांग्रेस की इस परिषद के खिलाफ भाजपा द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। सनावद नगर पालिका में अध्यक्ष व सीएमओ की मनमानी इस कदर हावी है कि नगर पालिका दिवालिया घोषित होने की कगार पर है । पार्षद गजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भ्रष्टाचारी कांग्रेस की परिषद को ३ वर्ष हो गए लेकिन इन तीन वर्षों में सफाई, सड़क, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी नगर की जनता को परेशान होना पड़ रहा है । नगर पालिका कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिलने के संबंध में भी भाजपा पार्षद दल के द्वारा क्षेत्रीय विधायक सचिन बिरला से मुलाकात कर जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रभात पंडित, मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर , दिनेश शर्मा, अनीता बंसल, श्याम ठाकुर, दुर्गेश परिहार, सुनील माली, रितेश मंत्री, संजय राठौर, मनोज जैन, निलेश मालाकार, मोहित यादव, सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद थे।

## आगामी त्योहारों को लेकर कानून-व्यवस्था व सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर :- संभागायुक्त श्री सुदाम खाडे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

संभागायुक्त एवं आईजी की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी त्योहारों एवं पर्वों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संभाग के सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों की गूगल मीट के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में विशेष रूप से आगामी भगोरिया पर्व के आयोजन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि हाट-बाजारों में आयोजित होने वाले भगोरिया पर्व स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी कैमरे सक्रिय अवस्था में रहें। पर्व के दौरान स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) की तैनाती की जाए तथा मिलावटी मादक पदार्थों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इन पर्वों में प्रदेश के बाहर से भी पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं, अतः उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। मेलों में लगने वाले झूलों की मेंटेनेंस सर्टिफिकेट की अनिवार्य जांच की जाए तथा प्रत्येक झूले और स्टॉल के बाहर उसकी क्षमता संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से चस्पा की जाए। जिन स्थलों के आसपास मधुमक्खियों के छत्ते हों, उन्हें समय रहते हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए गैर-मार्गों को पूर्व से चिन्हांकित कर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की साम्प्रदायिक हिंसा की पुनरावृत्ति न हो, इस पर विशेष सतर्कता बरती जाए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री तपीस पांडे सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## लूट के इरादे से बदमाशो ने वाहन पर किया पथराव यात्रियों में हड़कंप मचा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

बीती रात्रि को बाग जोबट रोड़ ग्राम अखाड़ा की लालघाटी के पास अज्ञात बदमाशो ने जोबट इंदौर पवन बस पर लूट की नियत से पथराव किया । पथराव होते देख यात्रियों में हड़कंप मच गया । जिसमें ड्राईवर छगन डोडवे घायल हो गया घटना की जानकारी मीलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित लेकर आई । मंगलवार रात ८ बजे के लगभग इंदौर से लोटकर पवन बस जोबट की ओर जा रही थी तभी अखाड़ा लालघाटी के समीप अज्ञात बदमाशो ने बस पर पथराव कर दिया पथराव में बस का ड्राइवर घायल हो गया जिसे हाथ ओर पैर में चोट आई चिल्ला चोंट होने पर बदमाश मौके से फरार हो गये । इस घटना में ड्राईवर के अलावा बस के कांच वगेहरा फूट गये । बाकी किसी को कुछ नहीं हुआ मगर बस में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया था और यात्री परेशान होते रहे जिसमें महिला पुरुष और बच्चे भी सवार थे ।

जोबट के इस रोड़ पर आए दीन कुछ न कुछ घटनाएं होती रहती है । आने जाने वालो में रात्रि के समय निकलने में भय ही बना रहता है । तो आखिर क्यों यह रोड़ राहगीरों के लिए खतरा बनता जा रहा है इस पर खड़ा एक्शन लेकर पुलिस प्रशासन को अंकुश लगाना चाहिए या फिर वहां पर चौकी स्थापित करना चाहिए । ताकी रात बिरात जाने वालो का भय दूर हो ओर घटनाओं पर भी अंकुश लगे बस में इतने यात्री थे अगर बदमाश बस भागते नहीं ओर बस में चढ़ जाते तो क्या होता ।

## बुजुर्गों की डायबिटीज पर महत्वपूर्ण शोध, शुगर लेवल स्थिर रखने की दी सलाह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर




बुरहानपुर के मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज वेल में बुजुर्गों की डायबिटीज के इलाज पर महत्वपूर्ण शोध किया गया है। इस शोध में यह सामने आया है कि डायबिटीज के मरीजों में केवल शुगर लेवल कम रखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे लंबे समय तक स्थिर बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है।

शोध के अनुसार, अगर शुगर लेवल बार-बार अधिक ऊपर-नीचे होता है, तो इससे आंखों (रेटिनोपैथी), गुर्दों (नेफ्रोपैथी) और नसों (न्यूरोपैथी) पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, जिससे मरीज को भविष्य में स्थायी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हॉस्पिटल के पैथोलॉजी विभाग की डॉ. हर्षदा भंगाले द्वारा किए गए इस शोध के अनुसार, च्ड्डायबिटीज के मरीजों में शुगर का उतार-चढ़ाव शरीर के अंदर धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है, इसलिए नियमित जांच, सही दवा और संतुलित जीवनशैली सबसे अहम है। हॉस्पिटल प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार के शोध भविष्य में क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाएंगे।

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रस्तावित भाबरा (चंद्रशेखर आजाद नगर) दौरे की तैयारियां हुई तेज

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने हेतु कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम ने हेलिपैड सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम ने हेलिपैड की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों ने आजाद कुटिया, सभा स्थल प्रांगण, पार्किंग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा हेलिपैड से आजाद कुटिया होते हुए सभा स्थल तक के मार्ग का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सभास्थल पर बैठक व्यवस्था, बिजली, पेयजल व्यवस्था, यातायात व्यवस्था वैकल्पिक पार्किंग ,अस्थायी चलित अस्पताल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए साथ ही यातायात प्रबंधन व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

## प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में योजना क्रियान्वयन करें और शत प्रतिशत उपलब्धि करें सुनिश्चित बनाएं- मुख्य सचिव श्री जैन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य के विकास कार्यों को प्रमुखता दे। मुख्य सचिव श्री जैन ने मंत्रालय में कलेक्टर- कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिये। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि केंद्र प्रवर्तित योजनाओं और निर्माण कार्यों को समय अवधि में पूर्ण करें। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में योजना बनाकर क्रियान्वयन में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल किया जाना सुनिश्चित करें।

मुख्य सचिव श्री जैन ने ग्रामीण विकास एवं जनजातीय कार्य की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना में चयनित गांवों को बुनियादी सुविधाओं, गौपालन और डेयरी विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर और ष्आदर्श ग्रामष के रूप में विकसित करने के लिए ३१ मार्च तक विजन डॉक्यूमेंट को पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा में उन्होंने पंचायत स्तर पर नए राजस्व स्रोतों को विकसित करने पर जोर दिया।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य ऐसे क्षेत्र है जो समाज के भविष्य को प्रभावित करते है। प्रदेश और समाज के विकास के लिए इन दोनों क्षेत्र में काम करना आवश्यक है। शिक्षा विभाग की योजनाओं की जिलों में क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव श्री जैन ने नवीन सत्र में नामांकन बढ़ाने और ड्राप आउट को जीरो करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य प्रदेश में किया जाना है, इसलिए जनगणना कार्य की अवधि को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक सत्र संचालित करें ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि बच्चों का एलिमेंट्री प्री स्कूल एजुकेशन सबसे महत्वपूर्ण है। यही पढ़ाई उनके आईक्यू में परिलक्षित होती है, इसलिए आगनबाड़ी में 3-6 वर्ष के बच्चों के पंजीयन को बढ़ाये। गाँव में जाकर सैंपलिंग चेकिंग करें पालकों से वन टू वन चर्चा करे। इसके लिए अपने जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला बाल विकास के अधिकारियों के समन्वय से कार्य कराये।

मुख्य सचिव श्री जैन ने ८ मार्च, महिला दिवस तक सभी शासकीय शालाओं में बालिका शौचालय के निर्माण को पूर्ण करने के लिए विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव श्री जैन ने शासकीय विद्यालयों के भवनों की आवश्यकतानुसार मरम्मत और निर्माण कार्य को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

## गिध्द गणना तीन दिवसीय कार्यक्रम हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



गिद्ध गणना वर्ष 2026 का तीन दिवसीय गणना कार्यक्रम आज दिनांक 20 फरवरी से आगाज हुआ। वन मंडला धिकारी धार श्री विजयनाथम टी आर के आदेशानुसार एवं उपमंडलाधिकारी सरदारपुर श्री सुनील सुल्या के मार्ग दर्शन में बाघ परिक्षेत्र की सभी बीटों में गिद्ध गणना कार्य प्रारंभ हुआ। जिसमें बाग रेंज की सब रेंज चिकापोटी की बीट खेड़ली गिद्ध गणना कार्य बीट प्रभारी विजयेन्द्र पाल सिंह अजनारिया के साथ ग्रामीण विक्रम जामोद ने सुबह ८ बजे से गणना कार्य प्रारंभ किया क्योंकि बीट के क्षेत्र के आसपास हुई वर्षा के कारण कोहरा छाया हुआ था । गणना कार्य में उन क्षेत्रों को चिह्नित किया गया था , जिसमें गिद्ध के होने की संभावना रहती हैं। इसलिए स्थानीय जानकारी के अनुसार बीट क्षेत्र के खेरवा के चीता झोला राजस्व क्षेत्र में गणना कार्य शुरू किया गया। गिद्ध ऐसा पक्षी हैं जिसे पर्यावरण का मेहतर कहा जाता हैं। जो ज्यादातर मृत पशुओं को खा कर , सफाई कार्य कर ,पर्यावरण को स्वच्छ रखने का कार्य करता है। लेकिन विगत वर्षों में इनकी संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई हैं। उसका मुख्य कारण जंगलों का घटता हुआ स्तर वहीं साथ ही पशुओं के इलाज के लिए इस्तेमाल जाने वाली दवा डाइक्लोफेनाक नामक दर्द निवारक दवा जो उपचार में पशुओं को लगाई जाती थीं । जब कभी गिद्ध ऐसे मृत पशुओं का भक्षण करते थे , जिनके उपचार में इस दवाई का इस्तेमाल हुआ था उनसे इनकी मृत्यु में वृद्धि दर्ज हुई । ऐसा प्रारभिंक अनुशंधान में पता चला था। वर्तमान समय में इनके संरक्षण के लिए वन विभाग के द्वारा गणना कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है ।

## कक्षा 10वी एवं 12वी बोर्ड की परीक्षाओं का सुचारू रूप से हो रहा संचालन

बड़वानी । बड़वानी जिले में आज माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएँ निर्धारित समय-सारणी के अनुसार सफलतापूर्वक आयोजित की गईं। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षाएँ शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुईं। किसी भी परीक्षा केंद्र से नकल, व्यवधान या अन्य अनुचित गतिविधि संबंधी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।कक्षा 12वीं के साइकोलॉजी विषय की परीक्षा जिले के केवल दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। उक्त विषय में कुल ०२ परीक्षार्थी पंजीकृत थे, किंतु दोनों ही परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार कक्षा १०वीं के संस्कृत विषय की परीक्षा जिले के सभी 57 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। इस विषय में कुल 9307 छात्र-छात्राएँ पंजीकृत थे, जिनमें से 8988 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 319 अनुपस्थित रहे।परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा केंद्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश पूर्व में जारी किए गए थे। साथ ही संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी गई एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। सभी केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े ।

## कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग और अनुसूचित विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने शुक्रवार दोपहर दो तालाब समीप स्थित आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित बालक महाविद्यालयीन छात्रावास, अनुसूचित विकास विभाग द्वारा संचालित सीनियर बालक छात्रावास,छात्रावास क्रमांक 10 का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान बेंचेस को पेंट करने ,टीवी को नियमित रूप से चालू रखने और सीसीटीवी कैमरों के नियमित संचालन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान छात्रावासों में पीने के पानी के लिए आरओ , भोजनशाला और छात्रावास में स्वच्छता ,खाने की गुणवत्ता का जायजा लिया और नाश्ता, लंच, डिनर की समय पर उपलब्धता की जानकारी छात्रों से प्राप्त की। छात्रों द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें समय पर भोजन प्राप्त होता है और छात्रावास में नियमित साफ सफाई भी की जाती है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट द्वारा छात्रों से चर्चा कर छात्रों को बोर्ड परीक्षा , करियर संबंधित और इंटरनेट के सदुपयोग पर मार्गदर्शन दिया। निरीक्षण के दौरान आदिवासी विकास विभाग की जिला अधिकारी सुश्री निधि जायसवाल और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पं. विशाल वरुडकर ने छत्रपति शिवाजी महाराज के द्वारा स्थापित मराठा समाज की सुदृढ़ नींव पर प्रकाश डाला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

18 जनवरी को धूलिया जिले से पधारे पंडित महाराज विशाल वरुडकर ने नेपानगर स्थित शिवाजी चौक पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में अपने ओजस्वी वचनों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, संघर्षों और उनके द्वारा स्थापित मराठा समाज की सुदृढ़ नींव पर प्रकाश डाला।

पंडित महाराज ने अपने प्रभावशाली प्रवचन में बताया कि किस प्रकार छत्रपति शिवाजी महाराज ने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए मराठा समाज के अस्तित्व, स्वाभिमान और संगठन की मजबूत आधारशिला रखी। उनके प्रेरणादायी विचारों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र पाटिल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिवाजी महाराज के आदर्शों को वर्तमान समाज के लिए मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वयन रविंद्र पाटिल तथा योगिता राजू दामू पाटिल द्वारा किया गया।

दिनांक 19 फरवरी को प्रातः शिवाजी चौक पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का दुग्ध एवं जल से विधिवत अभिषेक किया गया। इस गरिमामय अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल ने भी शिवाजी महाराज के जीवन और उनके आदर्शों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

इसी दिन सायंकाल एक भव्य एवं विशाल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सम्मानित नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। रैली में नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण कटकार, समाजसेवी विनोद पाटिल, मराठा समाज अध्यक्ष राजू दामू पाटिल, विजय यादव, पार्षद जितेंद्र सावकारे, गिरीश नीमा, ललित चौहान, तरुण पाटिल, सुभाष पाटिल, राहुल यादव, नितेश वर्मा, पार्षद अंबादास सोनवणे, दिलीप लोंधे तथा विलासराव पाटिल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम उत्साह, श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ।

खास न्यूज

## सिंहस्थ महाकुंभ में यातायात प्रबंधन योजना पर बैठक

**उज्जैन।** सिंहस्थ महाकुंभ में यातायात प्रबंधन और भीड नियंत्रण कैसा हो इसको लेकर योजना तैयार की जा रही है। शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, एएसपी आलोक शर्मा, यातायात डीएसपी विक्रम कनपुरिया, दिलीपसिंह परिहार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सिंहस्थ महाकुंभ के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के साथ ट्रैफिक रूट, भीड नियंत्रण और प्रबंधन पर चर्चा की गई। इस दौरान डायवर्सन प्लान, पार्किंग व्यवस्था, आपातकालीन मार्ग, वीआईपी मूवमेंट संबंधी व्यवस्थाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अधिनिस्थों को निर्देश जारी किये गये।

## हिरासत में जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपी

**उज्जैन।** सिंधी कालोनी चौराहा शिवमंदिर के पास गुरूवार-शुक्रवार रात कुशलपुरा में रहने वाले लक्की पिता कैलाश पंवार 18 साल पर विशाल और विश्वास ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चाकू से हमला कर दिया था। लक्की पेट में चाकू लगने पर गंभीर घायल हो गया था। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची थी और घायल को अस्पताल पहुंचाया था। मामले में हमलावरों के खिलाफ धारा 296 (बी), 115 (2), 109 (1), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई। शुक्रवार दोपहर विशाल और विश्वास को हिरासत में ले लिया गया। दोनों से पूछताछ कर अन्य साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। थाना प्रभारी के अनुसार हमला करने वाले भी घायल के क्षेत्र में ही रहते है। उनके बीच पुराना विवाद चला आ रहा है।

## जहरीली शराब के साथ पकड़ाई हरियाणा की महिला

**उज्जैन।** पांड्याखेड़ी ब्रिज के नीचे एमआर-5 मार्ग से चिमनगंज थाना पुलिस ने गुरूवार रात हरियाणा के ग्राम चांट जिला पलवल की रहने वाली बबली पति दिनेश चौहान 30 साल निवासी को महिला पुलिस बल की मदद से हिरासत में लिया। बबली चौहान के पास से प्लास्टिक की केन में भरी जहरीली शराब बरामद की गई है। महिला के साथ ही छोटी मायापुरी क्षेत्र में जाली वाले कुएं के पास से कुलदीप उर्फ फुक्को उर्फ सुलेचन पिता जगदीश गोर निवासी गांधीनगर को पकडा। उसके पास से भी जहरीली शराब से भरी केन बरामद हुई है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। इससे पहले गुरूवार दोपहर को पुलिस ने कानीपुरा मार्ग पन्ना श्री होटल के पास कच्चे रास्ते से थार गाडी में सवार गाजियाबाद के लक्ष्मीविहार कालोनी मालीवाडा चौक में रहने वाले दीपक पिता विजेन्द्रसिंह को गिरफ्तार किया था। उसकी थार गाडी से 2 प्लास्टिक की केन में भरी 56 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद की गई थी।

## खुद का गला काटने वाला युवक अस्पताल से भागा

**उज्जैन।** खुदा गला काटने के बाद युवक लहूलुहान हो गया, उसे चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया, लेकिन कुछ देर बाद युवक अस्पताल से भाग निकला। चरक अस्पताल में शुक्रवार शाम कार्तिक मेला ग्राउंड से नेपालसिंह नामक व्यक्ति घायल हालत में राहुल पिता शिवपाल 21 साल को लेकर पहुंचा था। राहुल का गला कटा हुआ था और वह लूहलुहान हालत में था, डॉक्टरों ने इमरजेंसी कक्ष में उपचार कर वार्ड में भर्ती किया। मामले की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी गई। प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव घायल की जानकारी जुटाने और बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंचे, लेकिन उससे पहले युवक अस्पताल से भाग निकला था। उसे अस्पताल लाने वाले नेपालसिंह के नम्बर पर कॉल किया गया, लेकिन उसका मोबाइल भी नहीं लग रहा था। बताया जा रहा है कि घायल राहुल साठिया समुदाय का है, संभवत: उसने शराब के नशे में खुद का गला काट था। प्रधान आरक्षक रत्नेश के अनुसार घायल के मिलने पर ही घटना का पता चल पायेगा।

## पुराने लेनदेन की बात पर 2 लोगों में चली लाठियां

**उज्जैन।** कायथा के ग्राम नलेसरी में रहने वाले तेजपाल पिता पूनमचंद परमार और बना पिता लालजीराम सोनगरा के बीच शुक्रवार दोपहर को पुराने लेनदेन की बात पर विवाद हो गया। दोनों के बीच लाठियां चली और एक दूसरे पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामला पुलिस थाने पर पहुंचने पर दोनों की ओर से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 678-1 | 350-8 |
| मेन बाजार | 139-3 | 117-9 |
| कल्याण नाइट | 158-4 | 137-1 |
| मिलन डे | 568-9 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 230-5 | 139-3 |
| मधुर डे | 699-4 | 347-4 |
| मधुर नाइट | 169-6 | 156-2 |
| शुभांक | 2 5 | 0 |

# छात्रा को ब्लैकमेल कर अनैतिक कृत्य करने वाला पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

छात्रा को ब्लैकमेल कर अनैतिक कृत्य करने वाले आरोपी को 24 घंटे में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि कक्षा 8 वीं में अध्ययन करने वाली नाबालिग छात्रा ने 18 फरवरी को परिजनों के साथ आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि घर के सामने चल रहे सड़क निर्माण कार्य में काम करने वाले मजदूर युवक द्वारा उसे अपना मोबाइल नम्बर दिया गया और बात करने का दबाव बनाने लगा। बात नहीं करने पर बदनाम करने की धमकी दे रहा था। 18 फरवरी को स्कूल से लौटते समय उक्त युवक गणेश चौक से उसे जबरदस्ती आटो में बैठाकर ले गया और हरिफाटक ब्रिज के पास गार्डन के समीप झोपड़ी में ले गया। जहां उसके द्वारा जबरदस्ती की गई और मोबाइल से फोटो वीडियो बना लिये। उसने धमकी दी कि किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर देगा। उसके



द्वारा ब्लैकमेल किया जाने लगा था। युवक की उसे हरिफाटक से घर के पास छोड़कर भाग गया है। अपने साथ हुई घटना परिजनों को बताई तो वह थाने लेकर आये। थाना प्रभारी के अनुसार मामला गंभीर होने पर तत्काल मामले में धारा137 (4), 65 (1), 351 (3) बीएनएस और 3/11 पॉस्को एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी की तलाश शुरू की गई और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जांच शुरू कर 24 घंटे में बंधन मैरिज गार्डन हरिफाटक ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित युवक आगर के सुल्तानपुर का रहने वाला करण दायमा उर्फ करण बंजारा पिता जगदीश दायमा 21 साल है। वह कुछ महिनों ने सड़क निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहा था। आरोपित से अनैतिक कृत्य के दौरान वीडियो बनाने के लिये प्रयुक्त किया गया मोबाइल जप्त किया गया है। शुक्रवार दोपहर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। नाबालिग छात्रा के साथ हुई घटना में आरोपित को गिरफ्तार करने में एसआई भंवरसिंह निगवाल, आरक्षक शंकरसिंह, ब्रजभूषण और जितेन्द्र पटेल की भूमिका रही।

# ट्रेन में सवार 3 लोगों के पास मिली हजारों की अंग्रेजी शराब

### आरपीएफ टीम ने पकड़ा, ट्राली बेग में छुपाकर रखी थी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इंदौर-पटना ट्रेन में सर्चिंग की दौरान आरपीएफ टीम ने 3 लोगों को पकडा और उनके ट्राली बेग की तलाशी ली। जिसमें अंग्रेजी शराब की 60 बोतल रखी होना सामने आई। तीनों को जीआरपी के हवाले किया गया। तीनों इंदौर से शराब लेकर ट्रेन में सवार हुए थे।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि इंदौर-पटना टेन में आरपीएफ टीम द्वारा सर्चिंग की जा रही थी। तभी 3 संदिग्ध युवक दिखाई दिये। आरपीएफ टीम ने उनके पास मौजूद ट्राली बेगों की तलाशी ली तो उसमें अंग्रेजी शराब की बोतले भरी होना पाई गई। तीनों को शुजालपुर स्टेशन पर उतारा गया और जीआरपी को सूचना दी गई। जीआरपी की टीम ने तीनों लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की तो उनके नाम राज पिता दिलीप रघुवंशी, पंकज पिता श्यामलाल निवासी रेडवाल कालोनी भागीरथपुरा इंदौर और अंकित पिता विजय आपटे देवेन्द्र नगर न्यू पलासिया इंदौर सामने आये। उनके पास से बरामद अंग्रेजी शराब की 60 बोलतों की कीमत 84 हजार रूपये होना सामने आई।



तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। तीनों इंदौर से शराब लेकर ट्रेन में सवार होना सामने आये है। फिलहाल इस बात का पता लगाया जा रहा है कि शराब कहां लेकर जा रहे थे।

### मादक पदार्थ के साथ शराब का परिवहन

सडक मार्ग से शराब का अवैध परिवहन होने के मामले तो हमेशा सामने आते है। लेकिन अब अवैध कारोबार करने वालों ने ट्रेनों को भी परिवहन का साधन बना लिया है। ट्रेनों के माध्यम से शराब और मादक पदार्थ का परिवहन किया जा रहा है। पूर्व में भी जीआरपी और आरपीएफ की टीमें ट्रेनों और प्लेटफार्म से शराब-मादक पदार्थ पकड चुकी है। अवैध कारोबार करने वाले ट्राली बेग, सूटकेस में आसानी से शराब और मादक पदार्थ छुपाकर ट्रेनों में सवार हो जाते है। कुछ समय पहले जीआरपी ने बडी मात्रा में मादक पदार्थ पकडा था।

## ग्रामीण ने शराब के साथ मिलाकर गटका जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** दो दिनों से शराब पी रहे ग्रामीण ने गुरूवार शाम जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर भाई को मोबाइल पर जानकारी दी। भाई शराब दुकान के सामने से अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां रात में उपचार के दौरान मौत हो गई।

ग्राम दाऊदखेडी में रहने वाला विरेन्द्र पिता भारतसिंह 30 साल को गुरूवार शाम भाई नरेन्द्र आगररोड स्थित शराब दुकान के सामने से बेसुध हालत में निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। जहां आधी रात को विरेन्द्र की मौत हो गई। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और रात में बॉडी पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाई गई। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भाई नरेन्द्र ने बताया कि विरेन्द्र 2 दिन से शराब पी रहा था। शाम उसने मोबाइल पर बताया कि आगररोड शराब दुकान के सामने हूं, जहर खा लिया है। विरेन्द्र खेती किसानी का काम करता था और 2 बच्चों का पिता था, उसने जहरीला पदार्थ क्यों खाया इसकी वजह पता नहीं है। पुलिस ने शव अंतिम संस्कार के लिये सौंप मामले की जांच शुरू की है।

## आलू की बोरियों के साथ 10 फीट ऊंचाई से गिरा मजदूर

### ग्राम पलदूना में हादसा, उपचार के दौरान हुई मौत

**उज्जैन।** वेयर हाऊस में मजदूरी करने वाला शुक्रवार को आलू की बोरियों के साथ 10 फीट ऊंचाई से सिर के बल नीचे आ गिरा। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल लाया गया, जहां 1 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है।

तराना के ग्राम कनार्दी में रहने वाले रायसिंह पिता चंदू परमार 38 साल को शाम 4.30 बजे के लगभग गंभीर हालत में फ्रीगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां 1 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। शव को निजी अस्पताल से चरक अस्पताल लाया गया। रायसिंह के परिजन भी उज्जैन पहुंच गये थे। भाई राधेश्याम ने बताया कि उन्हे वेयर हाऊस के ठेकेदार सोहराब खान ने रायसिंह के घायल होने की सूचना दी थी। रायसिंह 2 बच्चों का पिता था और ग्राम पलदूना में आरआरवी वेयर हाऊस में मजदूरी करता था। ठेकेदार सोहराब ने बताया कि सालभर से वेयर हाऊस में काम कर रहा था। दोपहर में आलू की बोरियां उतारे समय करीब 10 फीट ऊंचाई से रैक टूटने पर संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया था। वेयर हाऊस राकेश जैन का है। रायसिंह की मौत होने पर अस्पताल स्टॉफ द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराने की बात कहीं है।

## पेड़ पर लटका मिला अर्द्धनग्न युवक इंदौर से था लापता, खोदकर निकाला शव

**उज्जैन।** पेड़ पर अर्द्धनग्न हालत में फंदे पर लटका मिला मृतक युवक इंदौर से लापता था। 19 दिन बाद उसकी पहचान होने पर पुलिस ने दफनाया गया शव खोदकर निकाला और परिजनों के सुपुर्द किया।

माधवनगर थाना एएसआई एमएस अलावा ने बताया कि 1 फरवरी को सेठीनगर और वल्लभनगर के बीच खाली मैदान में बबलू के पेड से एक युवक का अर्द्धनग्न शव रेलवे की चादर से बने फंदे पर लटका मिली था। 2 दिनों तक पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के बाद लाश को दफना दिया गया। मृतक की पहचान के लिये सीसीटीवी कैमरे भी देखे गये थे। लेकिन कुछ खास पता नहीं चल पाया था। मृतक युवक की पहचान और परिजनों का पता लगाने के लिये पुलिस पोर्टल पर जानकारी और मृतक का फोटो अपलोड किया था। 19 दिन बाद पता चला कि मृतक युवक की गुमशुदगी इंदौर के बाणगंगा थाने में दर्ज है। युवक की पत्नी ने उसके लापता होने पर शिकायत दर्ज कराई थी। मृतक इंद्रजीत पिता दिलीपसिंह तोमर था और मूलरूप से झांसी का रहने वाला था, इंदौर में 2 साल से रहकर मजदूरी का काम कर रहा था। शराब पीने का भी आदी था। शव मिलने के 2 दिन बाद उसकी गुमशुदगी दर्ज हुई थी। पहचान होने पर भाई संजीवसिंह परिजनों के साथ उज्जैन पहुंचा था। शव का दफना दिया गया था, जिसके चलते एसडीएम से अनुमति लेकर शव को गड्ढा खोलकर निकाला गया और परिजनों के सुपुर्द किया गया। भाई ने बताया कि इंद्रजीत 3 बच्चों का पिता था। भाई के अनुसार शराब पीना शुरू करता था तो 8-10 दिन तक लगातार पी रहता था।

### मोजमखेडी में भगवान श्री देवनारायण जन्मोत्सव कल से

**उज्जैन ।** मोजमखेडी गांव के बाहर हाईव के पास स्थित भगवान श्री देवनारायण देव स्थल पर जन्मोत्सव का आयोजन रविवार से शुरू होगा। दो दिवसीय उत्सव प्रतिवर्ष अनुसार मनाया जाएगा। इसके तहत सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। श्री देवनारायण मन्दिर के पंडा जी अनिलजी चौधरी के अनुसार सामनेर गुरू जी के सानिध्य में रविवार को दोपहर 3 बजे मंदिर का चल समारोह आयोजित किया गया है। शाम 7 बजे से भजन गायक श्री ईश्वर की भजन संध्या होगी। सोमवार को पूर्णाहुती एवं महाप्रसादी सुबह 10 बजे से होगी।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार अर्जुन पाटीदार पिता श्री दिनेश पाटीदार आयु - 34 वर्ष, निवासी - ग्राम कलालखेड़ी तहसील उन्हेल जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा कनीराम पिता भीमा निवासी - ग्राम नई आबादी नवादा तहसील उन्हेल जिला उज्जैन म.प्र.

काश्तकार ग्राम नवादा तह. उन्हेल में अनुबंधकर्ता कनीराम के स्वामित्य व आधिपत्य से नवादा-उन्हेल-बड़नगर रोड पर भूमि सर्वे क्रमांक 312/2/2/2 रकबा 0.23 हे. भूमि में भूमि में से रकबा 0.20 हे. भूमि खसरा पश्चिम दिशा की भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित करते हुए विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 19/12/2025 को हस्ताक्षरित एवं निष्पादित करते हुए गवाहों के समक्ष विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है।

उपरोक्त विक्रय अनुबंध पत्र अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंधकर्ता कनीराम को शेष विक्रय मूल्य की राशि नियत अवधि के पूर्व ही अदा करने को तत्पर है बावजूद इसके अनुबंधकर्ता कनीराम निष्पादित विक्रय अनुबंध पत्र अनुसार विक्रय पत्र का पंजीयन एवं संपादन जानबूझकर टाला जा रहा है, मेरे पक्षकार को इस बात की प्रबल संभावना है कि उक्त अनुबंधकर्ता अन्यत्र अनुबंधित भूमि को विक्रय, भारित, अंन्तरित, अनुबंधित करने हेतु प्रयासरत है। मेरा पक्षकार उक्त कारण से सिविल न्यायालय में विनिर्दिष्ट अनुपालन हेतु वाद प्रस्तुत करने हेतु तत्पर है।

लिहाजा इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त स्थित ग्राम नवादा के संबंध में कोई भी व्यक्ति संस्था, बैंक इत्यादि भूमि के क्रय विक्रय अनुबंध अंतरण संबंधी व्यवहार ना करें अन्यथा स्थिति में उपरोक्त भूमि के संबंध में किया गया व्यवहार क्रेता/खरीदार को किसी प्रकार का कोई वैधानिक हित, स्वत्व अधिकार अंतरित नहीं करेगा, किया गया व्यवहार अकृत होकर शून्य होगा। सो ज्ञात हो।

दिनांक - 20/02/2026

भवदीय
(मोहर एवं हस्ताक्षर)
काजी मुकाईद आलम
(एडवोकेट)
कार्यालय - न्यायालय परिसर नागदा जं.
तहसील नागदा जिला उज्जैन
मोबाइल नं. - 9098267419

संध्या आरती में दूसरे ही दिन क्षमता के करीब बुकिंग ....

# श्रद्धालुओं ने जमकर दर्शन लाभ प्राप्त किया

### श्री महाकालेश्वर की अब सभी आरती की बुकिंग की श्रद्धालुओं की मांग उठने लगी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में संध्या आरती एवं शयन आरती आनलाईन बुकिंग सुविधा शुरू होने के दुसरे ही दिन जमकर श्रद्धालुओं ने बुकिंग की है और इसके साथ ही नि:शुल्क दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को भी दर्शन की पुरी सुविधा मिली है। आरती देखने के बाद श्रद्धालुओं ने इस सुविधा को सराहा है साथ ही सभी आरती में बुकिंग की सुविधा शुरू किए जाने का आग्रह मंदिर प्रबंध समिति के समक्ष रखा है।

शुक्रवार को भी नई व्यवस्था के तहत श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में आयोजित संध्या आरती शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। आज की संध्या आरती में पूर्व से पंजीयन करने वाले 1035 श्रद्धालुओं एवं 6069 नि:शुल्क दर्शनार्थियों सहित कुल 7104 श्रद्धालुओं ने विधिवत दर्शन लाभ प्राप्त किया। क्रमबद्ध तरीके से सभी श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से दर्शन कराए गए।ऑनलाइन प्रणाली के चलते प्रवेश एवं निर्गम की प्रक्रिया समयानुसार संचालित हुई, जिससे अनावश्यक प्रतीक्षा की स्थिति नहीं बनी। श्रद्धालुओं ने व्यवस्था की पारदर्शिता, सुगमता एवं समयबद्ध संचालन की सराहना की। मंदिर प्रबंध समिति की और से जारी बयान में बताया गया कि डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से श्रद्धालुओं को अधिक सुविधा प्रदान करने एवं भीड़ प्रबंधन को सुव्यवस्थित बनाए रखने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

**सभी आरती में व्यवस्था लागू करें-** संध्या आरती से बाहर आए श्रद्धालुओं से जब पूछा गया कि बुकिंग के साथ आरती दर्शन का अनुभव उनका कैसा रहा तो कुछ श्रद्धालुओं का जवाब था कि वे इसी व्यवस्था के तहत भगवान की सभी आरती का दर्शन करना चाहते हैं। जयमाला वैध्य का कहना था कि पूणे महाराष्ट्र से आए हैं और हमें सुबह ही समाचार पत्र के माध्यम से इसके बारे में पता चला था। भस्मार्ती का बुकिंग नहीं कर पाने का मलाल था लेकिन जैसे ही इसका हुआ तो मन प्रसन्नता से भर गया। आरती देखकर मन प्रसन्न हो गया। इधर अगर सभी आरती में ऐसा करेंगे तो बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगा। एक अन्य श्रद्धालु ने कहा कि वे भगवान की सभी आरती का दर्शन करने को ललायित हैं । मंदिर समिति इसकी सुविधा शुरू करेगा तो एक बार सभी आरती का एक दिन का बुक कर उसे देखने की इच्छा है।

**प्रधानाचार्य शासकीय धन्वन्तरी आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.)**

क्रमांक/नीलामी सूचना/स्टोर/2026/435 — उज्जैन दिनांक 20/02/2026

**अल्प अवधि निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय मंगलनाथ रोड़, उज्जैन में पुराने शासकीय बालक छात्रावास भवन को डिस्मेंटल किए जाने की नीलामी (डिसमेंटल पश्चात् सामग्री हटाकर भूमि समतलीकरण कार्य) हेतु इच्छुक निविदाकारों की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 02/03/2026 को दोपहर 12.00 बजे स्थानीय महाविद्यालय मंगलनाथ मार्ग, उज्जैन के खुले मैदान में माननीय संभागायुक्त महोदय द्वारा निर्दिष्ट गठित समिति एवं समस्त निविदाकारों की उपस्थिति में नीलामी की कार्यवाही संपादित की जावेगी।

| क्रं. | कार्य का विवरण | पुराने शासकीय भवन की ऑफसेट वेल्यू की राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) | नीलामी की प्रक्रिया का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महाविद्यालय में पुराने बालक छात्रावास भवन को डिसमेंटल कर भूमि का समतलीकरण | 1,00,000/- अक्षरी -एक लाख रू. मात्र | 25,000/- अक्षरी -पच्चीस हजार रू. मात्र | 02/03/2026 को दोपहर 12:00 बजे |

निविदा प्रपत्र विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 07 दिवस में कार्यालयीन समय पर प्रातः 10 बजे से सायं 05:00 बजे तक स्टोर कक्ष से विस्तृत जानकारी एवं नियमशर्ते निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर प्राप्त कर सकते है तथा भरी हुई निविदा अनिवार्य रूप से दिनांक 28.02.2026 को सायं 5:00 बजे तक जमा करनी होगी।

डॉ. जे.पी. चौरसिया, प्रधानाचार्य , शास. धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय उज्जैन (म.प्र.) मो. नं. 9893169434

**पश्चिम रेलवे इंदौर ⇌ ह. निज़ामुद्दीन के बीच होली स्पेशल ट्रेन चलाएगा**

| ट्रेन सं. | प्रारंभिक स्टेशन व गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09309 | इंदौर – ह. निज़ामुद्दीन (सुपरफास्ट द्वि–साप्ताहिक) | 22.02.2026 से 27.03.2026 | 17:00 बजे (रवि, शुक्र) | 05:00 बजे (अगले दिन) |
| 09310 | ह. निज़ामुद्दीन – इंदौर (सुपरफास्ट द्वि–साप्ताहिक) | 23.02.2026 से 28.03.2026 | 08:20 बजे (सोम, शनि) | 21:00 बजे (अगले दिन) |

ठहराव: देवास, उज्जैन, नागदा, शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर और मथुरा जं. स्टेशन दोनों दिशाओं में।

संरचना: एसी 2–टीयर, एसी 3–टीयर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच।

स्टॉपेज, ठहराव के समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

ट्रेन सं. 09309 के लिए बुकिंग 21.02.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुलेगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक और फॉलो करें:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण साथ रखें

# बंधना नहीं, मुक्त होना



जो भी चीज हमारे जीवन से संबंध रखती है, उसकी जिम्मेदारी हम अपने हाथों में ले लेते हैं और जब किसी चीज को अपने हाथों में नहीं लेना चाहते, तो ईश्वरीय इच्छा या नियति की बातें करने लगते हैं। इस समय भी आप अपने जीवन में चुनाव अचेतन तरीके से कर रहे हैं। इसे ही कर्म कहते हैं। आप अपनी नियति पूरी लापरवाही, पूरी बेखबरी में रच रहे हैं। आप जो भी अचेतन होकर कर रहे हैं, अगर उसे सचेतन तरीके से करने लगें, तो जमीन-आसमान का फर्क आ जाएगा। यही फर्क अज्ञानता और आत्मज्ञान के बीच होता है।

अपना भाग्य अपने हाथों में लेने का मतलब यह नहीं है कि सब कुछ आपके मन-मुताबिक होने लगेगा। बाहरी दुनिया कभी सौ फीसदी आपके मुताबिक नहीं चलेगी, क्योंकि उसमें तमाम दूसरे पहलू शामिल होते हैं। बाहरी दुनिया को अपने मुताबिक चलाने की चाहत का मतलब है- निरंकुश होना। भाग्य बनाने का मतलब यह नहीं है कि दुनिया की हर परिस्थिति आपके काबू में हो। इसका मतलब बस इतना है कि खुद को इस तरह का बनाएं कि आपके आस-पास चाहे कैसी भी घटना या परिस्थिति क्यों न हो, आप उनके बोझ तले चकनाचूर होने के बजाय उनसे पार पाना सीख जाएं। असल में, इसका मतलब अपनी परम प्रकृति को प्राप्त करने की ओर बढ़ना है। तो उन सितारों, ग्रहों का क्या, क्या वे हमारी किस्मत तय नहीं करते? अगर आपकी किस्मत उन ग्रहों और सितारों द्वारा तय होती, तो इसका मतलब होता कि आप अपनी इच्छा से न जी सकते हैं और न ही मर सकते हैं। आप अपने जीवन के बारे में कुछ भी सकारात्मक या नकारात्मक तरीके से तय नहीं कर सकते, क्योंकि आप सब कुछ अपनी कुंडली के चश्मे से देख रहे होते हैं! क्या निर्जीव चीजों को इंसान की दिशा और भाग्य तय करना चाहिए या इसका उल्टा होना चाहिए? अगर आप खुद में अच्छी तरह से स्थित हैं, तो चाहे आपके ग्रह आपको किसी भी दिशा में मोड़ना चाहें, आप उसी दिशा में जाएंगे, जहां आप जाना चाहते हैं। अगर लोगों को दूसरे ग्रहों की चिंता कम और धरती माता की ज्यादा होती, तो कम से कम हम थोड़ा बेहतर जीवन जी सकते थे! इसलिए आप जिसे भाग्य कहते हैं, वह ऐसी चीज है, जिसे आपने खुद के लिए अचेतन तरीके से बनाया है। कर्म एक प्रक्रिया है; भाग्य उसका परिणाम है। कर्म का शाब्दिक अर्थ है कार्य। कार्य तमाम तरह के होते हैं- शारीरिक, मानसिक/भावनात्मक और ऊर्जा से किए गए कार्य। अगर इन कार्यों की अभिव्यक्ति बाहर की ओर होती है, तो यह कर्म है। शरीर, मनोभावना और ऊर्जा से परे, अगर कार्य भीतर की ओर किया जाता है, तो उसे क्रिया कहते हैं।



**सम्पादकीय**

## मुफ्त योजना पर चोट

सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न राज्यों में राजनीतिक दलों द्वारा अपनाई जा रही मुफ्त योजनाओं की जो कड़ी आलोचना की है, वह स्वागतयोग्य है। न्यायालय ने साफ कहा है- ऐसी योजनाओं से विकास में बाधा आती है, अतः ऐसी नीति पर पुनर्विचार होना चाहिए। न्यायालय की यह टिप्पणी तमिलनाडु से जुड़े एक मामले में सामने आई है। कुल मामला यह है कि तमिलनाडु की सरकार वहां सभी को मुफ्त बिजली देना चाहती है। फिलहाल वहां प्रतिमाह 100 यूनिट बिजली मुफ्त है और नई योजना अगर लागू हुई, तो यह राज्य पूरी तरह मुफ्त बिजली की दिशा में कदम बढ़ा देगा। गरीबों को मुफ्त बिजली देने की बात समझ में आती है, मगर सक्षम लोगों को भी मुफ्त बिजली देने का क्या मतलब है? न्यायालय ने इसी दलील के साथ मुफ्त योजनाओं का विरोध करते हुए बिल्कुल सही कहा है कि ऐसी योजनाओं के जरिये संसाधन बांटने के बजाय, सरकारों को ऐसी सुनियोजित नीतियां लागू करनी चाहिए, जो लोगों के जीवन-स्तर को बेहतर बनाने के उपाय करें, बेरोजगारी दूर हो। न्यायालय की फटकार वाजिब है, अगर हर चीज मुफ्त मिलने लगेगी, तो काम करना कौन चाहेगा? क्या कार्य संस्कृति खराब नहीं हो जाएगी?

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची व न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली का विश्लेषण प्रशंसनीय है कि देश के अधिकांश राज्य राजस्व घाटे में है और फिर भी वे विकास की अनदेखी करते हुए ऐसी मुफ्त योजनाएं पेश करते रहते हैं। सवाल यह भी है कि सरकारें चुनाव से ठीक पहले क्यों मुफ्त योजनाएं लाती हैं? मुफ्त योजनाओं के बजाय सरकारों को विकास पर अपना खर्च बढ़ाना चाहिए। अगर समाज में मुफ्तखोरी बढ़ेगी, तो कमाएगा कौन? अगर नहीं कमाएगा, तो टैक्स कौन चुकाएगा? टैक्स नहीं चुकाएगा, तो सरकारों के पास राजस्व कैसे आएगा? अगर सरकारों के पास राजस्व नहीं आएगा, तो गरीबों की मदद कैसे होगी या देश का विकास कैसे होगा? हालांकि, यह आज की राजनीति का एक स्थापित पहलू है कि हर पार्टी मुफ्त योजनाओं से सियासी फायदा उठाना चाहती है। एक दुखद राजनीतिक धारणा यह भी है कि विकास से वोट नहीं मिलते हैं और असंख्य मतदाता अपना तात्कालिक लाभ देखते हैं। ऐसे में, सियासी दलों की मदद भी तात्कालिक होने लगी है। बहरहाल, एक समस्या और है।

**मदर लैंग्वेज डे पर विशेष**

# भारत ने भाषा नियोजन में नया प्रतिमान स्थापित किया

2026 में अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस अपनी 25वीं सालगिरह मना रहा है। 1999 में, वठ ने 21 फरवरी को इंटरनेशनल मदर लैंग्वेज डे घोषित किया था। 2001 से, दुनिया UNESCO की देखरेख में अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस मना रही है, जो मातृ भाषा के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधानों पर फोकस करता है। पिछली हजार साल में दुनिया भर में हुए बड़े पैमाने पर हमलों की वजह से कई राष्ट्रीय भाषाएँ खत्म हो गई हैं। इस षडयंत्र का एक आदिम उदाहरण पाकिस्तान की कोशिशें थीं, जो भारत से धर्म के आधार पर बना था, उसने पूर्वी पाकिस्तान पर, जहाँ बंगाली बोली जाती है, पश्चिमी पाकिस्तान की भाषा थोपने की कोशिश की। इसके खिलाफ, आज के बांग्लादेश में ढाका यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने अपनी भाषा की आजादी के लिए संघर्ष किया. ऐसे प्रेरणा देने वाले संघर्ष और बलिदान को याद करने केलिए यूनाइटेड नेशंस ने 21 फरवरी को इंटरनेशनल मदर लैंग्वेज डे के तौर पर मनाने की अपील की. यह आज के समाज को भाषा को लोगों के अस्तित्व का आधार मानने, सम्मान का रवैया बनाने और इसे बचाने के लिए प्लान बनाने के लिए बढ़ावा देता है।



ए.विनोद (दैनिक अवन्तिका)

भारत सबसे ज्यादा भाषाई विविधता वाला देश है। यहां 22 ऑफिशियल भाषाएं इस्तेमाल होती हैं। हम रोजाना की बातचीत में कई छोटी-बड़ी भाषाएं देख सकते हैं। यह भी सच है कि उनमें से कई के वजूद पर खतरा मंडरा रहा है। 22 ऑफिशियल भाषाएं होने के बाद भी, जब वे समाज की भाषाएं बनी रहती हैं, तो उन्हें शिक्षा, प्रशासन, न्याय व्यवस्था, कानून, आर्थिक क्षेत्र और रोजगार- वित्तीय क्षेत्र से अलग करने वाली नीतियां यहां भी जारी रहीं। लेकिन पिछले 10 सालों में हम इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव देख सकते हैं। गौरतलब है कि दिल्ली में हो रहे भारत अकइम्पैक्ट समिट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल का जो क्षेत्र सबसे ज्यादा दिखा, वह भाषा ही थी। मॉडर्न टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके भाषाओं को बचाने और एक्टिवेट करने के लिए एंटरप्रेन्योर्स के आगे आने का मूल कारण सरकार द्वारा दिया गया प्रोत्साहन और समाज द्वारा भाषाओं की ताकत को पहचानना एवं आने वाले दिनों के मंग भी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के साथ ही, सरकार और उससे जुड़े संस्थान उच्च शिक्षा में भी भारतीय भाषाओं को उनकी सही जगह दिलाने के लिए योजनाओं को समय पर लागू करने पर बहुत जोर दे रहे हैं। ऐ टूल का विकास भी इसी का एक साफ ट्रेंड है। AICTE का ही बनाया गया अनुवादनी नाम का मल्टीलिंगुअल टूल, न सिर्फ. शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि विधि एवं न्याय के क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने लगा है। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में किताबों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद हो रहा है और NIT और IIT जैसे राष्ट्रीय महत्व के शिक्षा संस्थानों में, जहाँ सबसे प्रतिभान विद्यार्थी को प्रवेश मिलता है, इसे लागू करने के लिए आगे आए हैं, इससे भारतीय भाषाओं में विद्यालय शिक्षा पाने वाले समुदाय में आत्मविश्वास और नई प्रेरणा मिल रही है। इससे धीरे-धीरे हमारे समाज में मौजूद हीनता की आम भावना खत्म हो रही है। इसके साथ ही, भाषा के बंटवारे और भाषाई भेदभाव को दूर करने के लिए प्रौद्योगिक को भारतीय भाषाओं और दूसरी भाषाओं के साथ जोड़ने का असरदार काम हो रहा है।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत बनी भारतीय भाषा समिति की मदद से एक बहुत बड़ा परियोजना शुरू किया गया है। इसके तहत अगले तीन सालों में ऊंचा शिक्षा के लिए उपयोगी भारतीय भाषाओं में तीन लाख किताबें तैयार की जाएंगी। यह सिर्फ. मौजूदा पदपुस्तकों का केवल अनुवाद नहीं होगा। बल्कि, ये इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की किताबें होंगी, जो भारतीय दृष्टिकोण से और भारतीय ज्ञान संपत्ति एवं परंपरा के आधार से तैयार की जाएंगी। यह परियोजना भारतीय भाषाओं को रोजमर्रा की बातचीत का जरिया न मानकर, ज्ञान के भंडार के तौर पर देखता है। और भविष्य के भारत के विकास के सपनों को पूरा करने वाली सबसे तेज ताकत के तौर पर भी। शायद यह पिछली सदी के बीच में इजराइल की कोशिशों के बाद दुनिया का पहला बड़ा और क्रांतिकारी काम होगा, जिसमें देसी भाषाओं को विकास की प्रक्रिया का आधार बनाकर उनकी रक्षा, देखभाल और उन्हें बनाए रखने की बात कही गई थी।

भाषाई विविधता का जश्न मनाते हुए, भारत का एक ऐसा नजरिया है जो भाषाओं की एक-दूसरे पर निर्भरता और भाषा विज्ञान की एकात्मकता को मानता है। इसलिए, नया योजना हर भाषा की अपनी पहचान बनाए रखते हुए भाषाओं के बीच हमेशा रहने वाली और अंदरूनी एकात्मकता को मजबूत कर सकता है और उसका अनुभव कर सकता है। भारत की तरक्की में रुकावट डालने वाली कई हल्कावादी और बांटने वाली गड़बड़ियों का कारण यूरोपियन कब्जा करने वाली ताकतों द्वारा थोपी गई आभारतीय भाषा परिवार सिद्धांत थी। हमारी नई भाषा नीति, बड़ी और छोटी सभी भाषाओं की पढ़ाई को मान्यता देने और बढ़ावा देने के साथ-साथ अपनी भाषा पर गर्व और महारत हासिल करने का लक्ष्य भी सामने रखती है।

केंद्र सरकार पिछले कुछ सालों से ऐसी नीति और अप्रोच अपना रही है जो न सिर्फ शिक्षा क्षेत्र में बल्कि शासन प्रशासन के क्षेत्र में भी भारतीय भाषाओं की वैरायटी को पहचान देती है। सभी राज्यों के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से अपनी राजा भाषाओं में वातार्लाब करने का व्यवस्था आज व्यावहारिक रूप में लागू हो रहा है। NCERT ने विद्यालय स्तर पर मौजूद बहुत सख्त तीन-भाषा सूत्र को बहुत ढीली तीन-भाषा सूत्र में बदलकर एक नया पाठ्यक्रम तैयार किया है। इसके मुताबिक, बच्चे के लिए सिर्फ अपनी मातृ भाषा पढ़ना जरूरी है। बाकी दो भाषाएं बच्चे की इच्छा और हालात के हिसाब से चुनी जा सकती हैं। चुनते समय सिर्फ एक शर्त है कि बाकी दोनों भाषाएं विदेशी भाषाएं न हों। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि ऊंचा शिक्षा में, खासकर उत्तर भारत की विश्वविद्यालय में, दूसरी भारतीय भाषाओं की पढ़ाई के लिए योजना बनाया गया है। इस पर भी विचार किया जा रहा है कि प्रतियोगी परीक्षा एवं प्रवेश परीक्षाओं में कृत्रिमत मेधा की मदद से चयन प्रक्रिया कैसे सरल किया जाए। उम्मीद है कि इससे ऐसे क्षेत्रों में भी सभी भाषाई बंटवारे और भेदभाव खत्म हो जाएंगे।

## पर्सनल ब्रांडिंग का रायता

मैं 'आर्यन' उर्फ 'आर्यन ओपी' को समझा रहा था कि भाई, अपने इस नए स्टार्टअप के 'लॉन्च इवेंट' में इतना पैसा मत फूँको। रेंटेड लेम्बोर्गिनी और फाइव स्टार होटल के बुफे से बिजनेस नहीं चलता।

पर आर्यन के भीतर का 'इंटरप्रेन्योर' जाग गया था। बोला, ब्रो, आप ओल्ड स्कूल बातें कर रहे हो। मार्केट में 'रिज' मेंटेन नहीं की, तो इन्वेस्टर भाव नहीं देंगे। रिश्तेदारों और फॉलोअर्स में 'नाक' कट जाएगी।

उसकी नाक काफी 'लॉन्ग' थी, वैसे ही जैसे किसी स्कैम का अंत होता है। मेरा ख्याल है, नाक की हिफाजत हमारे यहाँ 'डिजिटल फुटप्रिंट' से भी ज्यादा की जाती है। और या तो नाक बहुत 'सेंसिटिव' होती है या इंटरनेट का 'कैंसिल कल्चर' बहुत तेज, जिससे एक 'मिम' बनते ही नाक कट जाती है। छोटे 'क्रिएटर' की नाक बहुत नाजुक होती है—वह इसे 'प्राइवेसी सेटिंग' में छिपाकर क्यों नहीं रखता?

कुछ 'बड़े इन्फ्लुएंसर', जिनकी हैसियत 'ब्लू टिक' वाली है, वे अपनी नाक पर 'स्टील की कोटिंग' करवा लेते हैं। क्रिप्टो स्कैम में जेल हो आए हैं, खुलेआम दूसरे का 'कंटेंट' कॉपी करके रील पेल रहे हैं, स्पॉन्सरशिप का पैसा डकार चुके हैं। लोग 'कीबोर्ड' लिए उनकी नाक काटने को उत्सुक हैं। मगर काटें कैसे? नाक तो 'अनकैंसिलेबल' है! चेहरे पर वैसी ही 'फिल्टर' लगाकर फिट है और बायो में 'अंत्रप्रेन्योर' लिखकर शोभा बढ़ा रही है।

कुछ और भी 'प्रो' लेवल के खिलाड़ी हैं, वे अपनी नाक को 'क्लाउड स्टोरेज' में रखते हैं। तुम सारे सोशल मीडिया पर ढूँढो, नाक ही नहीं मिलती। हजारों फॉलोअर्स का पैसा खा चुके हैं, 'डार्क वेब' पर पकड़े जा चुके हैं, पर नाक मिलती ही नहीं। वह तो 'इन्कॉग्निटो मोड' में है! कोई 'एथिकल हैकर' अगर नाक की तलाश भी कर दे तो वर्चुअल नाक काटने से क्या होता है? नाक तो 'फेस-कैम' पर कटे, तो कुछ मतलब निकले।

और जो लोग 'ठग लाइफ' जीते हैं और नाक रखते ही नहीं, उन्हें तो कोई डर ही नहीं। वे बिना 'डीपी' के भी दुनिया लूट लेते हैं। खैर, बात मैं उन 'आर्यन' की कर रहा था जो मेरे सामने बैठकर 'फंडिंग' आने से पहले ही 'सक्सेस पार्टी' का प्लान बना रहे थे।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 21 फरवरी 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:59 सूर्यास्त 18:22
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - चतुर्थी 13:01 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - रेवती 19:07 उपरांत अश्विनी
योग - शुभ 15:51 उपरांत शुक्ल
करण - विष्टि
चन्द्रमा - मीन में है। 19:07 पर मेष में प्रवेश करेगा ।
मुस्लिम मास - रमजान मास 03 तारिख

**मेष-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। परीक्षा आदि में सफलता मिलेगी।

**वृषभ-** पारिवारिक कष्ट एवं समस्याओं का अंत संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय से अधिक व्यय न करें।

**मिथुन-** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें।

**कर्क-** आकस्मिक लाभ व निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नाता रहेगी। परिश्रम से स्वयं के कार्यों में भी शुभ परिणाम आएँगे।

**सिंह-** कानूनी अड़चन दूर होगी। अध्यात्म में रुचि रहेगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे।

**कन्या-** रुके धन के लिए प्रयत्न जरूर करें। कार्य का विस्तार होगा। दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप से बचें।

**तुला-** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। अर्थ प्राप्ति के योग बनेंगे।

**वृश्चिक-** विवादों से दूर रहना चाहिए। पिता से व्यापार में सहयोग मिल सकेगा।सकारात्मक सोच बनेगी।

**धनु-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। नए कार्यों से जुड़ने का योग बनेगा।

**मकर-** पारिवारिक जीवन सुखद नहीं रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। इच्छित लाभ होगा।

**कुंभ-** मेहमानों का आवागमन होगा। व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## म.प्र. में राज्य माता-स्वदेशी गौ माता का दर्जा दिया जाना चाहिए

गाय से जुडे बहुत से कार्य गाँव तक ही सीमित रह गए है।नई पीढ़ी इससे दूर होती जा रही है। उदाहरण जैसे' गोधूलि वेला' का शाब्दिक अर्थ और समय सिर्फ गाँवो में देखने को मिलता। शाम के समय गायों के घर आते समय उनके पैरों से उड़ी धूल को गोधूलि वेला का शुभ समय आंका गया है।शहरों में पक्की सड़कें होने से औ? गाय ना पाले जाने से गोधूलि और त्योहारों का महत्व नही समझ में आएगा।इससे जुड़े संजा एवं बज बारस (गाय-बछड़े की पूजा )आदि के त्यौहार भी शहरों से विलुप्त होने लगे`गाय के महत्व एवं पालन के बारे में नई पीढ़ी को समझाना आवश्यक है।देखा जाए तो हमारा पूरा जीवन गाय पर आधारित है।गुजरात के नड़ियाद में बांसुरी की धुन से एक लाख गाय का इलाज किया गयो बांसुरी की धुन को रिकार्ड कर देश भर की गौशालाओ में आडियो मुफ्त में दिया जाने की पहल की हैबांसुरी की धुन से स्ट्रेस लेवल घटता हैविदेशो में भी अब गाय के स्पर्श को प्राथमिकता दी जाकर स्ट्रेस कम किये जाने का चलन हो भी चूका हैजिससे बींमारी ठीक होती हैगाय हमें सात्विक श्रद्धा प्रदान करती है`पशु पालकों से जो गाय की सेवा पर कम ध्यान देते व उन्हें भूखी प्यासी बाजारों में छोड़ देते है। किन्तु कुछ पहल जो ठीक है जैसे देशी गायों को बचाने वाली राष्ट्रीय नीति बने के साथ देश भर में देशी नस्ल की गायों की संख्या में तेजी से आ रही कमी पर राष्ट्रीय हरित ट्रिब्यूनल (एनजीटी ) की चिंता करने के साथ राष्ट्रीय नीति तैयार करने की पहल सराहनीय है। आंध्र प्रदेश के पुंगनुर नस्ल की गाय कद में छोटी मगर सुंदरता में सबकी पसंदीदा गाय है` माननीय प्रधान मंत्री एवं मप्र के मुख्यमंत्री जी द्वारा इस नस्ल की संरक्षण करने हेतु स्वयं के द्वारा पालन किया है। जागरूकता लाने के उद्देश्य से गायों की ब्रीडिंग की शुरूआत की गई है। बरसों पहले इस नस्ल को पुंगनूर क्षेत्र के शासकों द्वारा विकसित किया गया था और आज भी यह ज्यादातर इसी इलाके और इसके आसपास तक सीमित है।यह नस्ल कुछ साल पहले तक खत्म होने के कगार पर थी लेकिन राज्य और केंद्र सरकार के प्रयासों से अब इसकी ठीक-ठाक तादाद है।पुंगनूर गाय के मूत्र में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं और इसका प्रयोग आंध्र प्रदेश के किसान फसलों पर छिड़काव के लिए करते हैं। यह शुष्क वातावरण में भी आसानी से रह लेती हैं और सूखे चारे पर जीवित रह सकती हैं।यह गाय करीब औसत 3 से 5 लीटर दूध देती है पुंगनुर गाय बहुत ही सुंदर दिखती है। कुछ दिनों पूर्व भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में गायों के संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादवजी ने प्रदेश की गायों के लिए कई कार्य योजना बनाई। साथ ही ये भी कहा था कि गुड़ी पड़वा यानी कि हिंदू नव वर्ष को अब से गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। राज्य सरकार के नेतृत्व में प्रदेश की गौशालाओं का अधूरा पड़ा निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। देशी गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा मिलना चाहिए। गाय का दूध गुणात्मक दृष्टि से अच्छा होने के बावजूद कम मात्रा में प्राप्त होता है`दूध अधिक मिले ,इसके लिए गाय और भैंस का दूध की प्रक्रिया कुछ लोग क्रूर और अमानवीय तरीके से निकालते है। गाय का दूध निकालने से पहले उसके छोटे बछड़े को पिलाया जाना चाहिए। वर्तमान मे लोग बछड़ों का हक कम करते है ,साथ ही इंजेक्शन देकर दूध बढ़ाने का प्रयत्न करते है जो की उचित नहीं है` प्राचीन ग्रंथो में कामधेनु ,पदमा आदि गाय का काफी महत्व बताया है।गाय की पूजा की जाती है ,पर्यावरण की दिशा मे गाय के दूध ,गोबर,गोमूत्र ,घी ,दही,आदि का स्वास्थ्य ,हवन-पूजन आदि के कार्यों उपयोग कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। कहते है की गाय को स्पर्श मात्र से व्याधियां दूर होती एवं गोमूत्र चिकित्सा विधि, धार्मिक कार्यो में गंगाजल के समान शुद्धिकरण में उपयोग में लाया जाता है ।भगवान श्रीकृष्ण को गोपाल के नाम से पुकारा जाता है ।आज भी कई घरो में गाय की रोटी रखी जाती है ,कई स्थानो पर संस्थाए गौशाला बनाकर पुनीत कार्य कर रही है किन्तु दुःख इस बात का होता है की लोग बाग इन पशुओं को भटकने को बाजारों में छोड़ देते है उन्हें इनके भूख प्यास की कोई चिंता ही नहीं।




संजय वर्मा दैनिक अवन्तिका

# क्या होता है नर्वस ब्रेकडाउन, जिसमें बदल जाता है इंसान का व्यवहार

मेंटल हेल्थ पर ध्यान न देने की वजह से लोग कई प्रकार की परेशानियों से जूझ रहे हैं। इसके चलते उनके व्यवहार में बदलाव आता जा रहा है। इन परेशानियों की वजह से लोगों को जीवन कठिन होता जा रहा है। कई लोग अपने जीवन में चिंता, मानसिक तनाव, डर, घबराहट, डिप्रेशन को महसूस करते है। इससे उनको कई परेशानियां भी होती है। डॉक्टरों का कहना है कि कई लोग किसी न किसी कारण से काफी डिप्रेशन में रहते हैं, लेकिन वह स्वीकार ही नहीं करते हैं कि उनको ऐसी कोई समस्या है। इस परेशानियों की वजह से उनका व्यवहार बदलता भी रहता है। इन परेशानियों की वजह से जीवन भी कठिन होने लगता है। इस स्थिति को नर्वस ब्रेकडाउन कहा जाता है।

### क्या होता है मेंटल हेल्थ ब्रेकडाउन

मेंटल ब्रेकडाउन एक ऐसी अवस्था है, जिसमें इंसान मानसिक रूप से पूरी तरह टूट जाता है। ऐसा व्यक्ति बिल्कुल भी स्ट्रेस नहीं झेल पाता और उसे बहुत ज्यादा एंग्जाइटी महसूस होने लगती है। ऐसी अवस्था में व्यक्ति की ऊर्जा भी कम हो जाती है और उसे घबराहट होने लगती है। ऐसा इंसान इमोशनली भी काफी कमजोर पड़ जाता है और लोगों से दूरी बना लेता है।



भविष्य का डर, किसी बीमारी की चिंता, परिवार में कोई लड़ाई, नौकरी जाने का डर या किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर व्यक्ति मानसिक तनाव और डिप्रेशन में आ जाता है। वह लंबे समय तक इससे पीड़ित रहता है। इस कारण नर्वस ब्रेकडाउन की स्थिति आती है। इसके कई लक्षण होते हैं। इससे जूझ रहा व्यक्ति हमेशा खुद को अकेला समझता है। उसके मन में खुदकुशी के ख्याल आते हैं। वह हमेशा चिड़चिड़ा रहता है, नींद कम आने और भूख कम लगने की शिकायत भी बनी रहती है। ऐसे व्यक्ति को कभी भी पैनिट अटैक आ जाता है। कई बार सिर में तेज दर्द और सिर चकराने की परेशानी भी हो जाती है।

### इन बातों पर करें गौर

डॉ। बताते हैं कि हम खुदपर, अपने परिवार, दोस्तों या अन्य लोगों के व्यवहार पर नजर रखकर नर्वस ब्रेकडाउन का पता कर सकते हैं। अगर हम किसी बात से चिंता में हैं और यह हमेशा बनी हुई है और इसके कारण व्यवहार में बदलाव आ रहा है तो ये नर्वस ब्रेकडाउन का लक्षण है। अगर यही समस्या आपके किसी दोस्त या अन्य साथी के साथ है तो वह भी इस परेशानी से जूझ रहे हैं। इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने व्यवहार में हो रहे बदलावों पर नजर रखें। अगर यह लग रहा है कि हम लोगों से दूरिया बना रहें है और काम में मन लगना बंद हो गया है तो इस स्थिति में मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह लेना जरूरी है।

### ये है समाधान

- रोजाना एक्सरसाइज करें
- सोने और जागने का समय निर्धारित करें
- योगा और प्राणायाम का सहारा लें
- नर्वस ब्रेकडाउन के लक्षण दिखने पर डॉक्टरों से संपर्क करें
- फोन और लैपटॉप को जरूरत के हिसाब से ही इस्तेमाल में लें

**धर्म-आस्था**

# होली के दिन किन देवी-देवताओं की आराधना से मिलती है विशेष कृपा

हिन्दू धर्म में होली में अपने कुलदेवी-कुलदेवता या आराध्य को रंग अर्पित करने का रिवाज है। साथ ही कई लोग घर की सुख-समृद्धि के लिए भगवान की भी पूजा करते हैं। लेकिन कई लोगों को इस बात की जानकारी नहीं होती है कि इस दिन किस भगवान् की पूजा करनी चाहिए, ताकि सारी इच्छाओं की पूर्ति हो सके। तो, चलिए जानते हैं कि इस दिन आपकी किन देवताओं की पूजा करनी चाहिए...

होली एक महोत्सव के साथ-साथ एक पावन असर भी है जिसमें लोग अपने और अपने आस-पास वालों के लिए शुभकामनाओं की कामना करते हैं। इस अवसर पर लोग न केवल अपने पूर्वजों बल्कि अपने कुलदेवी-देवताओं को भी याद करते हैं और उन्हें भी भोजन अर्पित करते हैं। कई लोग इस दिन घर में समृद्धि लाने या सौभाग्य पाने के लिए भगवान की भी पूजा करते हैं लेकिन उनमें से कईयों को ये समझ नहीं आता कि इस दिन किस भगवान की पूजा अत्यंत फलदाई है। तो, चलिए जानते हैं...श्री राधा और कृष्ण

कहते हैं कि होली का पर्व भगवान् श्रीकृष्ण से ही शुरू हुआ था और इसमें राधा भी उनके साथ थी। ऐसे में इस दिन श्री राधा कृष्ण की पूजा अवश्य करनी चाहिए जिससे जीवन में प्रेम का आगमन होता है और प्रेम संबंध मजबूत भी मजबूत होते हैं। भगवान को अगर रंग अर्पित करना चाहते हैं, तो राधा जी को खिले रंग का गुलाल और कृष्ण जी को मटमैला गुलाल लगाना चाहिए।



### हनुमानजी की पूजा

हनुमानजी दुखहर्ता हैं और होली पर इनकी पूजा का विशेष महत्व है।होली के दिन हनुमान जी की आराधना करने से भक्तों के जीवन में सुख-संपन्नता बनी रहती है। होली पर भगवान हनुमानजी को चोला चढ़ाना चाहिए और गुड़ से बनी मीठी रोटियों का भोग लगाना चाहिए। इन्हें सिंदूरी लाला रंग का गुलाला भी अर्पित करना चाहिए। होली के दिन पूजा में मीठा पान और लाल या नारंगी रंग का गुलाल अर्पित करने पर बजरंगी शीघ्र प्रसन्न होकर अपने भक्तों को मनचाहा वरदान करते हैं.

### भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी

होली के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से घर में खुशहाली आती है और माता लक्ष्मी की पूजा से धन-धान्य के भंडार सदैव के लिए भरे रहते हैं। होली के दिन आप भगवान विष्णु को आप बताशे का भोग लगाकर और माता लक्ष्मी को पीले या सफेद मिष्ठान का भोग लगाकर प्रसन्न कर सकते हैं।

### भगवान शिव

भगवान शिव को समर्पित बनारस में भस्म की होली खेली जाती है। मान्यता है कि होली के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से न सिर्फ वैवाहिक जीवन सुखी रहता है बल्कि सभे कष्ट दूर हो जाते हैं। इस दिन आप चाहें तो उन्हें भस्म यानि होलिका दहन की राख, भांग की सूखी पत्तियां अथवा नीला रंग अर्पित कर सकते हैं।

### भगवान राम

होली पर सुख-समृद्धि के लिए भगवान् राम की पूजा होली की अग्नि में भूनी गईं गेहूं जौ की बालियों के साथ करना चाहिए और उन्हें इसका भोग लगाना चाहिए। इससे भगवान आपके भंडार सदैव भरे रखेंगे और आपको भी कभी पैसों की कमी नहीं होगी। मां दुर्गा होली के दिन मां दुर्गा को लाल रंग की चुनरी या लाल रंग की साड़ी चढाने से सारे कष्ट दूर होते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1796-2801 चना काबली- 3601-8526, चना बड़ा- 3640-5551, बटला- 4061, रायड़ा- 5775, उड़द- 3500, मसूर- 4841-5620, सोयाबीन- 1901-5841, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,58,300, रवा- 1,58,000 चांदी-टंच- 2,45,500 पाट- 2,44,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## न्यूज कॉलम

### फुलेरिया दूज उत्सव पर ठाकुरजी वल्लभीय वैष्णवो का मनमोहक श्रृंगार



**बड़नगर।** नगर के शिवाजी रोड स्थित पुष्टियमार्गीय मदनमोहन की हवेली में गुरुवार को वल्लभीय वैष्णवजन ने रात्रि 7 बजे प्रभु भक्ति के द्वार से प्रवेश कर ठाकुरजी वल्लभीय वैष्णवो को मनमोहक श्रृंगार में दर्शन दिए। फुलरिया दूज को श्री कृष्ण प्रभु ने ब्रज में राधा रानी के संग फूलों की होली खेली थी। भक्तों ने भी फूलों की होली खेली। भक्तजन होली के रसिया का जयकारे से हवेली गुजायमान हो रही थी। ठाकुरजी के सम्मुख वल्लभीय वैष्णव मोहन गुप्ता मुरली नीमा, पुरुषोत्तम सोनी, अजय विजयवर्गीय ने अष्ट छाप कवियों के पद गाए। इस अवसर प्रमुख रूप से नवनीत गुप्ता, रामनिवास नवहाल, कुणाल माहेश्वरी, राकेश शाह, शारदा नीमा, रानि गुप्ता, ममता नीमा, लीला धनोतिया उपस्थित थे।

### आजीवन सहयोग समर्पण निधि कार्यक्रम आयोजित



**आगर मालवा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगर ग्रामीण मंडल ने आजीवन सहयोग समर्पण निधि कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें युवा नेता धर्मेंद्र सिंह राठोड़ भ्याना ने 5100 रुपये की सहयोग राशि दी। इस अवसर पर आगर जिले के प्रभारी और प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, बड़वानी जिले के प्रभारी बाबूलाल यादव, जिला मंत्री प्रेम यादव, बाबूलाल बीजापारी और मंडल महामंत्री कैलाश चिरौलिया उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी हरि नारायण यादव ने इस बारे में जानकारी दी।

### 155 मरीजों की जांच कर 35 लोगों को ऑपरेशन हेतु चयन



**आगर मालवा।** नलखेड़ा ग्राम गौदरावन में सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं सरदार पटेल युवा संगठन द्वारा 19वां नेत्र शिविर का आयोजन पाटीदार धर्मशाला गोदरावन में आयोजित किया गया। जिसमें 155 मरीजों की जांच कर 35 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया। जिन्हें आनंदपुर भेजा गया वहां इनका रहना, खाना, दवाई, चश्मा, लेंस आदि निशुल्क प्रदान किए जाएंगे उक्त शिविर के लाभार्थी अनिल गिरिराज पाटीदार रहे। सभी ग्राम वासियों ने सहयोग प्रदान कर शिविर संपन्न कराया तथा बाहर से पधारे डॉक्टर का ग्रामीण युवाओं ने स्वागत किया। अभी तक कल 3035 लोगों की जांच तथा 706 लोगों के गोदरवन शिविर से ऑपरेशन किया जा चुके हैं। उक्त जानकारी जय नारायण चैधरी ने देते हुए बताया कि अगला शिविर 20 मार्च 2026 को पाटीदार धर्मशाला गोद्रावण में आयोजित होगा।

#### बड़नगर तहसील में आसमान से बरसी आफत! तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने

# गेहूं समेत तैयार फसलों को किया बर्बाद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर**

पिछले दो दिनों से बड़नगर तहसील में मौसम ने ऐसा पलटा खाया कि किसानों की खुशियां कुछ ही मिनटों में मातम में बदल गईं। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश एवं कुछ स्थानों पर गिरे ओलो ने खेतों में खड़ी तैयार फसलों को जमीन पर गिरा दिया।

दरअसल तहसील के ग्राम देहटा, केसरपुरा, अमलावद बीका, अमलावद कला, जमालपुरा, पलसोड़ा, मालपुरा, चिरोलाकलां, लिम्बास, सलवा सहित तहसील के अधिकांश गांवों में अचानक मौसम खराब होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बुधवार एवं गुरुवार रात्रि को तेज हवा के साथ तेज बारिश हुई जिससे खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई। किसानों का कहना है कि इससे गेहूं सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।

**जमीन पर बिछ गई फसल, महीनों की मेहनत बर्बाद-** ग्रामीणों के अनुसार तेज हवा के साथ हुई बारिश इतनी तीव्र थी कि खेतों में खड़ी फसल जमीन पर बिछ गई। कई किसानों ने बताया कि उनकी पूरी मेहनत कुछ ही मिनटों में नष्ट हो गई। किसानों ने बताया कि वे पहले ही सोयाबीन की खराब पैदावार से परेशान थे और इस बार गेहूं की फसल से उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। किसानों का कहना है कि फसल तैयार होने की स्थिति में थी और कुछ ही समय में कटाई शुरू होने वाली थी, लेकिन अचानक मौसम बदलने से पूरी फसल चौपट हो गई।



**किसानों ने सरकार से लगाई गुहार**

किसानों का कहना है कि वे दिन-रात मेहनत कर अपनी फसल तैयार करते हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं के कारण उन्हें बार-बार नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि वे आर्थिक संकट से उबर सकें।

## बाइक की टक्कर से राहगीर घायल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर**

सड़क हादसों के वक्त शुरूआती समय में मिलने वाली मदद अक्सर किसी की जान बचाने में सबसे अहम भूमिका निभाती है। जिले में एक बार फिर डायल-112 के जवानों की सतर्कता, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के चलते एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सही समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र की है। 19 फरवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे ग्राम फर्दखेड़ी के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने सड़क पर पैदल जा रहे एक राहगीर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पैदल यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही गिर पड़ा। हादसे के तुरंत बाद किसी ने राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को घटना की सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कंट्रोल रूम ने तत्काल प्रभाव से मोहन बड़ोदिया क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए मौके पर रवाना किया।

## कांग्रेस ने किया पुतला दहन

### विधानसभा सत्र की चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर की गई अभद्र टिप्पणी का किया विरोध

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को बड़नगर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा जाफला चौराहा पर पुतला दहन किया गया। यह पुतला दहन अमेरिकी ट्रेड डील, सेना के अपमान, भागीरथपुरा दूषित पानी की समस्या, छिंदवाड़ा कफ सिरप प्रकरण तथा विधानसभा सत्र की चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया। उक्त विषयों को लेकर प्रदेश सरकार के मंत्रियों– कैलाश विजयवर्गीय, राजेंद्र शुक्ला, विजय शाह का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह सोलंकी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश धाकड़, श्रवण पाटीदार, गुलरेज मंसूरी, अमजद खान, रईस निजामी, कुलदीप सिंह राणावत, धर्मेंद्रसिंह चौहान, जितेंद्रसिंह अकोलिया, अंतरसिंह बग्रेड, आकाश जैन, ताहेर भाई, फैयाज निजामी, भावेश जैन, विजय सेन, दिलीपसिंह अरंडिया, नरेंद्रसिंह लुहारिया, सतीश चौहान आदि कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी तरुण आचार्य ने दी।



## जिले में चना एवं मसूर पंजीयन प्रारम्भ, 32 केन्द्रों पर सुविधा उपलब्ध

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा**

कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार जिले में किसानों के लिए रबी उपार्जन विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत चना एवं मसूर के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई हैं। मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार चना एवं मसूर का पंजीयन 20 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक किया जाएगा। गेहूं उपार्जन नीति के अंतर्गत जिले में किसानों के गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में गेहूं के साथ-साथ चना एवं मसूर पंजीयन हेतु कुल 32 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जारी आदेशानुसार तहसील आगर अन्तर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था झलारा, कानड़, पालड़ा, आगर, नरवल, चांदनगांव, पिपलोनकलां, निपानिया बैजनाथ, तनोड़िया, पचेटी, विनणन सहकारी संस्था मार्केटिंग आगर को पंजीयन केन्द्र निर्धारित किया गया।

#### दो कारों की हुई भीषण टक्कर, कार के उड़े परखच्चे

# एक की मौत, एक दर्जन से अधिक गंभीर घायल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा**



आगर-सुसनेर-कोटा नेशनल हायवे मार्ग 552 जी पर आमला के समीप शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दो कारों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं और एक घायल की हालत नाजुक होने पर उसे उज्जैन रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओमनी कार आगर से सोयत की ओर जा रही थी, जिसमें जया (25), मंजू (40), प्रेमबाई (35), सुनीता (40), देव (8), कल्लो, रमेश, सपना, लविश और पूजा दांगी सवार थे। इनमें से अधिकांश महिलाएं सिलाई सीखने आगर आई थीं और वापस सोयत लौट रही थीं। हादसे में सपना की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर इको कार में सवार मीना भावसार, दीपिका गुजराती, श्रेयांसी गुजराती और अथर्व नलखेड़ा स्थित बगलामुखी माता मंदिर के दर्शन कर देवास जा रहे थे। आमला के समीप दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, सीएसपी मोतीलाल कुशवाह, कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखण्डस्वामी जावेद हुसैन पिता मोहम्मद मजहर हुसैन निवासी- एफ-2/14 युनिवर्सिटी केम्पस कोठी रोड, उज्जैन (म.प्र.) के एकांकी स्वामित्व आधिप्यत्य का भूखण्ड कमांक 80/ए-2 स्थित आदर्श नगर नागजिरी उज्जैन में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 1453.14 वर्गफीट अर्थात 135.00 वर्गमीटर है। उक्त भूखण्ड चतृर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार हैः लम्बाई - 15.00 मीटर व चौडाई - 9.00 मीटर। पूर्व में प्लॉट क्रमांक 79, पश्चिम में प्लॉट कमांक 81, उत्तर में प्लॉट क्रमांक 61, दक्षिण में सड़क। उक्त भूखण्ड को क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का सम्पादन करा लिया है एवं विकय पत्र का संपादन करना शेष है।

अतः उक्त वर्णित भवन पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, या न्यायलय में कोई प्रकरण चल रहा हो या किसी प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 5 (पांच) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा म्याद के गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन की विधिवत विकय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे फिर किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दि. 20-02-2026 को उज्जैन

**प्रेषक**
**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**दुकान नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन, मो. 99264-66157**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी अनिसा बी पति मुंशी खान एवं खालिद पिता मुंशी खान, निवासी-क्षिप्रा विहार, देवास रोड, उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नंबर-242/3/2 (स) रकबा 0.2800 हेक्टर ग्राम निपान्या सुनार, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-20.02.2026

**राजकुमार प्रजापत**
**एडवोकेट कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म० प्र०), मो. 94259-46659**


## विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर नशा मुक्ति जागरूकता रैली



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा**

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम मैना में आयोजित विशेष शिविर के तृतीय दिवस, 20 फरवरी 2026 को नशा मुक्ति को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जागरूकता रैली, प्रेरक व्याख्यान तथा श्रमदान जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

नशा मुक्ति जनजागरूकता रैली ग्राम के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने नशा अपनाओगे तो खुशियों से दूर हो जाओगे जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया।

इसके पश्चात नशा मुक्ति विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया।


**कार्यालय तहसीलदार तहसील शुजालपुर जिला-शाजापुर**

क्रमांक/रीडर-1/2025/क्यू. शुजालपुर दिनांक: 10/02/26

**विज्ञप्ति**

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विनय देशपाण्डे पिता श्री हरि देश पाण्डे जाति मराठी ब्राहम्ण निवासी ग्राम शुजालपुर मंडी तहसील शुजालपुर द्वारा माता श्रीमति स्व. माधुरी देशपाण्डे की मृत्यु दिनांक 31.12.2023 को होना बताया गया जिसके मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु तहसील कार्यालय शुजालपुर में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इसमें किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह न्यायालय तहसीलदार शुजालपुर में उपस्थित होकर प्रकाशन दिनांक से सात दिन के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजरने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह विज्ञप्ति पत्र आज दिनांक 10/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है। **तहसीलदार आदेशानुसार**

**तहसीलदार**
**शुजालपुर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्री राधेश्याम पिता श्री खेमचंद जी आदि जाति तेली निवासी-ग्राम उण्डासा तहसील व जिला उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 797/1 रकबा 1.3060 हैक्टर मे से रकबा 0.627 हैक्टर (अर्थात 3 बीघा) स्थित ग्राम उण्डासा तहसील व जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर लिया है, तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है। सिर्फ शेष राशि अदा कर मूलस्वामी से विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना बाकी है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम., वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 15 (पन्द्रह) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 20-02-2026 स्थान उज्जैन

**प्रेषक**
**शुभम नगरिया एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - सी 2/12 महाकाल वाणिज्यक केन्द्र नानाखेड़ा उज्जैन, मोबा. 97706-66658**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेसर्स मारुति कंस्ट्रक्शन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम हामुखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन पर निर्मित विकसीत कालोनी मारुति एवेन्यू के नाम से है। उक्त कॉलोनी के सभी मूखंड धारकों को सूचित किया जाता है कि मारुति एवेन्यू के भूखंड की रजिस्ट्री 31 मार्च 2025 तक करना अनिवार्य था सभी 1 साल का गेन टैक्स एवं मेंटेनेंस चार्ज देकर 31 मार्च 2026 तक रजिस्ट्री न करने पर आपके भूखंड निरस्त कर दिए जाएंगे तथा बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति, वाद विवाद आदि मान्य नहीं कि जावेगी। दिनांक 20/02/2026

**प्रेषक**
**श्याम गुप्ता एडवोकेट**
**आफिस क्रमांक सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन, मो. 99264 66157**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. बैंक की ओर से इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री अल्ताफ अहमद मंसूरी पिता श्री अब्दुल हाकिम मंसूरी, निवासी-39/1, ग्रीन पार्क कालोनी, उज्जैन के स्वामित्व की एक दुकान कमांक बी-10 जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र के अंतर्गत शॉप कम / परामर्श कक्ष-कार्यालय योजना के भूतल पर उज्जैन में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 13.02 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्सीमा में पूर्व में- दुकान कमांक बी-11, पश्चिम में- कॉमन स्टेयर केस, उत्तर में- पुराना कार्यालय भवन परिसर तथा दक्षिण में- 1.50 मीटर चौड़ा कॉमन एरकेड मिला है। श्री अल्ताफ अहमद मंसूरी ने उक्त सम्पत्ति को इसके पूर्व स्वामी श्री विरेन्द्रसिंह बिष्ट पिता श्री कुंवरसिंह बिष्ट से ई-पंजीयन क्रमांक एमपी432022021ए1216442 दिनांक 02.03.2021 के माध्यम से कय किया था तथा श्री विरेन्द्रसिंह बिष्ट ने उक्त सम्पत्ति की भूमि को इसके मूल स्वामी उज्जैन विकास प्राधिकरण से पंजीयन कमांक 97 दिनांक 08.04.1997 के माध्यम से विधिवत लीज पर प्राप्त किया था तथा स्ट्रक्चर को कय किया था। श्री अल्ताफ मंसूरी द्वारा बताया गया है कि उक्त लिंक रजिस्ट्री पंजीयन कमांक 97 दिनांक 08.04.1997 उनके पास से गुम हो चुकी है तथा इसके संबंध में उनके द्वारा इसकी विधिवत सूचना भी पुलिस थाना नानाखेड़ा में दिनांक 19.02.2026 को दी जा चुकी है। चूंकि उक्त लिंक रजिस्ट्री गुम हो जाने पर बैंक द्वारा सर्टिफाईट कॉपी के आधार पर उक्त सम्पत्ति को बंधक बनाना प्रस्तावित है। अतः सूचित किया जाता है कि यदि उक्त मूल रजिस्ट्री किसी के पास जमा हो या किसी का कोई दावा या आपत्ति हो या सर्टिफाईट कापी के आधार पर बंधक बनाये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर अनिवार्यतः मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज कराकर उसके पश्चात सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार से ली गयी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति का टाईटल क्लीयर मानते हुए उक्त रजिस्ट्री की सर्टिफाईड कापी के आधार पर बैंक के पक्ष में बंधक बनाने की कार्यवाही को पूर्ण कर लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य एवं स्वीकार्य नहीं होगी। सूचित हो।

दि. 20-02-26 को उज्जैन।

**प्रेषक**
**प्रकाशचंद्र कुरील, एडव्होकेट**
**शॉप नं. 24, सी-21 मॉल, नानाखेड़ा उज्जैन (मप्र)**
**मो. नं 70679-09621**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी फरदीन पटेल पिता श्री फिरोज पटेल, निवासी-284, नायताखेड़ी, ग्राम नरवर तहसील व जिला उज्जैन (म०प्र०) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम नौगांव तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) पटवारी हल्का नंबर 49 में स्थित हैं, जिसका कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर-550/1/2 रकबा 1.0000 हेक्टेयर है।

भूमिस्वामी फिरोज पटेल पिता श्री मुंशी, निवासी-284, नायताखेड़ी, ग्राम नरवर तहसील व जिला उज्जैन (म०प्र०) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम नौगांव तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) पटवारी हल्का नंबर 49 में स्थित हैं, जिसका कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर-550/1/1/1 रकबा 0-4400 हेक्टेयर व सर्वे नंबर-567/1/1 रकबा 0.6000 हेक्टेयर है।

भूमिस्वामी ने अपने-अपने स्वामित्व की भूमि सर्वे नंबर-550/1/2 रकबा 1.0000 हेक्टेयर, सर्वे नंबर-550/1/1/1 रकबा 0.4400 हेक्टेयर व सर्वे नंबर-567/1/1 रकबा 0.6000 हेक्टेयर इस प्रकार कुल किता 3-तीन कुल रकबा 2.0400 हेक्टेयर ग्राम नौगांव तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) को मेरे पक्षकार करन डेवलपमेंट सर्विस प्रायवेट लिमिटेड, ग्वालियर, द्वारा मैनेजिंग डायरेक्टर दिव्यराज सिंह पिता स्वर्गीय श्री देव राज सिंह, निवासी-सी-21, इन्द्रा नगर, तानसेन रोड़, ग्वालियर म०प्र० ने क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि भू-स्वामीगणों को उनकी भूमि के मान से अदा कर दी है, जल्द ही शेष रही राशि अदा कर विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश, क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई क्लेम, आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि क्रय करने का व्यवहार नही करे। इति दिनांकः-19/02/2026

**भवदीय**
**दीपिका सावरकर, अभिभाषक**
**कार्यालयः दुकान संख्या-ए-17, भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन (मध्य प्रदेश), मो. 98272-99159**

## न्यूज-कॉलम

### माहेश्वरी समाज के आधार स्तंभ श्री रमेशचंद्र काबरा पंचतत्व में विलीन

**पिपलिया मंडी।** पिपलिया मंडी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष एवं समाज के आधार स्तंभ रहे श्री रमेशचंद्र जी काबरा का 19 फरवरी, गुरुवार को अहमदाबाद में उपचार के दौरान दुःखद निधन हो गया। उनके निधन से माहेश्वरी समाज सहित समूचे नगर में शोक की लहर व्याप्त है।श्री काबरा ने सामाजिक, धार्मिक एवं जनकल्याण के कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे सदैव समाजहित के कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे और अपनी सरलता, सौम्यता एवं सेवा भावना से सभी के हृदय में विशेष स्थान बनाए रखा। विशेष रूप से माहेश्वरी समाज की धर्मशाला के लिए भूमि व्यवस्था करने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनके अथक प्रयासों से ही समाज को धर्मशाला हेतु भूमि की व्यवस्था हो पाई और उसी के परिणामस्वरूप आज वहाँ भव्य भवन का निर्माण संभव हो सका है। यह उनकी दूरदृष्टि, समर्पण और समाज के प्रति निष्ठा का जीवंत प्रमाण है।

### नगर पिपलिया मंडी में अब होगी सोनोग्राफी की सुविधा

**पिपलिया मंडी।** नगर में दिनांक 22 फरवरी से हर रविवार को प्रातः 9 से 12 बजे तक मंदसौर के जिला चिकित्सालय के पूर्व अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सिविल सर्जन डॉक्टर एस एस वर्मा द्वारा स्थानीय शर्मा क्लिनिक डॉक्टर प्रदीप शर्मा ब्रिज के यहां अस्पताल पर सोनोग्राफी की सुविधा स शुल्क दी जाएगी। जिसमें महिलाओं संबंधी रोगों का परीक्षण निदान उपचार एवं सोनोग्राफी द्वारा कि जाएगी।

### शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पकड़े 12 आवारा श्वान

**मन्दसौर।** नपाध्ध्यक्ष रमादेवी गुर्जर के निर्देशों के तहत शहर में आवारा कुत्तों को पकड़ने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सीएमओ प्रेमकुमार सुमन ने बताया कि आमजन की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य शाखा की टीम निरंतर सक्रिय है। इसी अभियान के तहत पिछले दो दिनों में शहर के जनकूपुरा क्षेत्र, दशरथ नगर और कलेक्ट्रेट रोड स्थित सिद्ध श्री कॉलोनी में सघन कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम ने कुल 12 आवारा एवं निराश्रित श्वानों को पकड़ा। यह अभियान आने वाले दिनों में जारी रहेगा।

### दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी घायल

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा शुक्रवार की दोपहर में हुआ। बाइक सवार गोपालदास बैरागी (38) निवाी भुटनी थाना शामगढ़ अपनी पत्नी सोना के साथ बाइक पर सवार होकर एक विवाह समारोह में जा रहे थे, ग्राम चांदाखेड़ी के पास एक मोड़ पर ट्रेक्टर और उनकी बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे में गोपाल और सोना गंभीर घायल हो गये जिन्हें शामगढ़ अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने गोपाल को मृत घोषित किया जबकि सोना उपचारार्थ है।

### लापता महिला का शव कुएं में मिला

**मन्दसौर।** जिले के यशोधर्मन थाना क्षेत्र कीं एक लापता महिला अल्फिया (22) पिता सत्तार अजमेरी निवासी भर्डावद का कोचवी के श्मशान घाट स्थित शासकीय कुएं में शव मिला है। युवती दो दिन पहले घर में बकरिया चराने निकली थी। वापस घर नहीं लोटने पर परिजनों ने थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई। प्राप्त जानकारी अनुसार कुएं में शव मिलने की घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकालकर पीएम हेतु मंदसौर भेजा गया। जहां पीएम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया। गुरूवार को पुलिस ने इस प्रकरण में मर्ग कायम किया।

**पुलिस अधीक्षक ने जनरल परेड का किया निरीक्षण**

**नीमच।** जिला पुलिस परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा जनरल परेड का निरीक्षण किया गया द्य इस जनरल परेड़ के पश्चात एस.पी. श्री जायसवाल द्वारा पुलिस लाईन स्थित स्टोंर, एमटी एवं आरमोरी का भी निरीक्षण किया गया।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777

## कनघट्टी में देश के पहले सरसों संगम का आयोजन, आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम, विशेषज्ञों ने सिखाए उन्नत खेती के गुर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के अंतर्गत ग्राम कनघट्टी में देश के पहले भारत सरसों संगम 2026 का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। सरसों की खेती में समृद्धि और किसानों की उन्नति को समर्पित इस अनूठे कार्यक्रम में मंदसौर सहित रतलाम, नीमच और पड़ोसी राज्यों राजस्थान व हरियाणा के 1500 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस संगम में देश की अग्रणी कृषि कंपनियों और संस्थाओं ने अपने स्टॉल लगाकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, पोषक तत्व प्रबंधन और जैविक पद्धतियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर अदिती गर्ग ने किसानों को पुनयोर्जी कृषि अपनाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि सरसों जैसी तिलहनी फसलों का विस्तार न केवल किसानों की आय में वृद्धि करेगा, बल्कि भारत को खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। इस अवसर पर द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ. बी.वी. मेहता ने बढ़ती खाद्य तेल की मांग को देखते हुए सरसों उत्पादन में वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग पर बल दिया। सॉलिडरिडाड संस्था के महाप्रबंधक सुरेश मोटवानी ने इस संगम को प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने वाली एक मजबूत आधारशिला बताया।

आयोजन में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. चुंडावत ने फसल चक्र और मृदा परीक्षण आधारित पोषण प्रबंधन की महत्ता समझाई, वहीं जिला उप संचालक कृषि रवींद्र मोदी ने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अडानी विल्मर, लुई ड्रेफस और वीवीएफ लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने किसानों को बाजार की मांग और मूल्य संवर्धन की बारीकियां सिखाईं। संगम में लगे स्टॉल्स पर उन्नत बीज, ड्रिप सिंचाई और कीट प्रबंधन की तकनीकों को जानने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मंच किसानों, प्रशासन और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर भविष्य में सरसों उत्पादन को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा।

## ब्लॉक कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ हल्लाबोल विरोध प्रदर्शन कर चार पुतले दहन किए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़



मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर के निदेर्शानुसार मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा भारत,अमरीका व्यापार समझौते के कारण किसानों को हुए भारी नुकसान एवं मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और सत्ता के अहंकार में डूबे मंत्रियों के खिलाफ हल्लाबोल प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,मुख्यमंत्री मोहन यादव, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया।

मालेचा ने कहां केंद्र सरकार ने अमेरिका से जो ट्रेड डील करी है उससे किसान और व्यापारी दोनों की कमर टूट गई। आने वाले समय इन्हें भारी आर्थिक संकट से झूझना पड़ेगा।

कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा भी दूषित जल से हुई मौतों के मामले में न केवल घोर लापरवाही बरती, बल्कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के खिलाफ अमर्यादित और गलत टिप्पणी कर अपनी गैर-जिम्मेदाराना सोच का परिचय दिया है। कांग्रेस पार्टी उनके इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए तत्काल इस्तीफे की मांग करती है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अजहर हयात मेव, लियाकत भाई मेव,वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीत कुंमठ,किसान नेता दिनेश पाटीदार,वरिष्ठ कांग्रेस नेता किशन चौहान,जनपद सदस्य श्याम मालवीय, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत पाटीदार, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अनिल पोरवाल, युसूफ भाई मेव, पार्षद दिलीप तिवारी,पूर्व युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल पाटीदार,नगर कांग्रेस अध्यक्ष कोहिनूर मेव दिलीप यादव, अल्पसंख्यक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हाजी मजीद पठान,जिला कांग्रेस सचिव किशोर टेलर उपस्थित थे।

## अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रो में रिक्त पदों पर होगी नियुक्तियां

**जावरा ।** प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किये जा रहे है,रिक्त पदों पर नियुक्ति की जा रही है ।प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर उक्त जानकारी दी ।विधायक डॉ पांडेय ने जावरा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में रिक्त पदों की पूर्ति का मामला उठाया ।उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि जावरा विधानसभा क्षेत्र में सिविल हॉस्पिटल जावरा व पिपलौदा के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिंगनोद व उपस्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है ।हालांकि दोनों विकासखण्डों के चिकित्सा केंद्रों में विभिन्न पदों की रिक्ति है ।जिनमे प्रथम श्रेणी चिकित्सको से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल है ।इन रिक्त पदो की पूर्ति के लिए नियुक्ति प्रक्रिया की जा रही है। इनमें ८ चिकित्साकर्मी उच्च अध्ययन के लिए अवकाश पर गए है ।विधायक डॉ पांडेय के एक अन्य प्रश्न पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वाराआदर्श हायर सेकेंडरी( मॉडल )स्कूल संचालित किया जा रहा है ।यहां स्वीकृत 25 शिक्षकों के पदों में 17 पद रिक्त है ।जिनकी पूर्ति अतिथि शिक्षकों के माध्यम से की जा रही है ।मॉडल स्कूल में नवनिर्मित 11 स्टॉफ क्वार्टर में से 3 के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है ।शिक्षा मंत्री ने आगे बताया कि हायर सेकंडरी व हाईस्कूल में रिक्त पदों की पूर्ति शीघ्र नियुक्ति से की जाएगी।

## महापौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई महापौर परिषद की बैठक



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित महापौर परिषद की बैठक में जनहितैषी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

आयोजित बैठक में गंगासागर में रीजनल पार्क (वन वाटिका) निर्माण व मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अन्तर्गत आबकारी चौराहा से त्रिपोलिया गेट तक डामरीकृत फोरलेन सड़क निर्माण की वित्तीय स्वीकृति के साथ ही मांगल्य मंदिर से लेकर गंगासागर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मुख्य मार्ग तक टू-लेन सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण मय इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य महापौर निधि से करवाये जाने हेतु प्रशासकीय तथा निविदा आमंत्रण की स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई।

इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अन्तर्गत डीपीआर-3 बंजली निर्मित एलआईजी फ्लेट का प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर 3 एलआईजी फ्लेट का अस्थाई आवंटन किये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई। आयोजित बैठक में महापौर प्रहलाद पटेल के अलावा महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामुभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, निगम आयुक्त अनिल भाना, कार्यपालन यंत्री महेश सिरोहिया आदि उपस्थित थे।

## भाजपा सरकार के मंत्रियों के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा, पुतले जलाएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



शहर और ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर गांधी चौराहे पर आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों कैलाश विजयवर्गीय, राजेन्द्र शुक्ल और विजय शाह के पुतलों का दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने मंत्रियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए नैतिकता के आधार पर उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की है। पुतला दहन के दौरान पुलिस और फायर फाइटर मौके पर मौजूद रहा। फायर ब्रिगेड ने जलते हुए पुतले को नियंत्रित करने और आग बुझाने का प्रयास भी किया।

शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत और ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा ने संयुक्त रूप से बताया कि भाजपा सरकार जनता की जान-माल की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल कफ सिरप कांड में हुई मौतों के लिए जिम्मेदार हैं, वहीं मंत्री विजय शाह ने सेना और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी कर प्रदेश को शर्मसार किया है। साथ ही कैलाश विजयवर्गीय पर दूषित जल से हुई मौतों के मामले में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया। कांग्रेस कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि वे इन मंत्रियों के खिलाफ जनता की आवाज बनकर सड़क पर उतरते रहेंगे। इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, कांग्रेसजन मनजीतसिंह टूटेजा, अजय लोढा, राखी सत्रावाला, नम्रता, वर्षा सांखला सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और सेवादल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बंदूक दुकान में ब्लास्ट, वेल्डिंग कर्मचारी की अहमदाबाद में इलाज के दौरान मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

चांदनीचौक में 25 दिन पूर्व बंदूक दुकान में हुए धमाके में घायल वेल्डिंग कर्मचारी शेख रफीकुद्दीन (51) की गुरुवार रात अहमदाबाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। धमाके में घायल होने के बाद कर्मचारी शेख रफीकुद्दीन इंदौर के प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट थे। रविवार (15 जनवरी) को गुजरात के अहमदाबाद लेकर गए थे। इसके पहले दुकान के मालिक यूसुफ अली (58) की भी मौत हो चुकी है।

बता दें, 26 जनवरी की शाम 4 बजे चांदनी चौक स्थित बंदूक की दुकान में धमाका हुआ था। धमाके की आवाज सुन दुकान में मौजूद लोग अपनी जान बचाकर भागे। चार लोग बुरी तरह झुलस गए, उन्होंने जलती हालत में सड़क पर दौड़ लगा दी। पास की दुकान में बैठे लोग भी निकलकर भागे। सामने रोड पर खड़े मैजिक से लोग उतरकर भागे। दुकान में वेल्डिंग करते समय धमाका हुआ था। ब्लास्ट का वीडियो भी सामने आया था।

हादसे में आर्म्स शॉप ऑनर यूसुफ अली (58), वेल्डिंग कर्मचारी नाजीम पिता एहमद हुसैन निवासी अर्जुन नगर, शेख रफीकुद्दीन (51) पिता सलीमउद्दीन निवासी बाईजी का वास व ग्राहक संदीप पिता शंकर पाटीदार निवासी तितरी घायल हो गए थे। जिन्हें मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया था। हादसे के दूसरे दिन दुकान मालिक यूसुफ की मौत हो गई थी। जबकि दोनों वेल्डिंग कर्मचारी व ग्राहक इंदौर में उपचारत थे।

## नपा में सीएमओ रही नीता जैन व लिपिक शक्तावत को रिश्वत लेने के मामले में मिली 4-4 साल की सजा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



नीता जैन। विजय सिंह।

नगर पालिका में सीएमओ रही नीता जैन और लिपिक विजय सिंह शक्तावत को रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष न्यायालय रतलाम के न्यायाधीश संजीव कटारे ने शुक्रवार को अपने दिए फैसले में इन्हें चार-चार वर्ष की सश्रम करावास और अर्थदंड से दंडित किया।

पेटी कॉन्टैक्टर पवन भावसार की शिकायत पर उज्जैन लोकायुक्त की टीम ने 12 मार्च 2021 को नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर लिपिक शक्तावत की जेब से 18500 की रिश्वत का लिफाफा जप्त किया था ।यह राशि सीएमओ निता जैन को दी जाना थी। इसलिए शक्तावत को भी आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया था। कार्रवाई के दौरान लोकायुक्त इंस्पेक्टर बसंत श्रीवास्तव ने कहा था कि सीएमओ नेता जैन द्वारा रुपए मांगने संबंधी बातचीत की रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध है ।इसी आधार पर दोनों के खिलाफ प्रकरण चला और गुरुवार को न्यायालय ने सजा का ऐलान किया।

पेटी कॉन्टैक्टर भावसार ने 9 मार्च 21 को उज्जैन लोकायुक्त एसपी को आवेदन दिया था। इसमें बताया था कि भावसार उसके दोस्त सुरेश प्रजापत के लाइसेंस पर जावरा नगर पालिका में विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य का ठेका लिया था। कुछ बिलों का भुगतान प्राप्त करने के लिए सीएमओ निता जैन से मिला था ।इसके ऐवज में दो प्रतिशत कमीशन मांगा गया था बातचीत लिपिक विजय सिंह के माध्यम से हुई थी और करीब 20 हजार देना तय हुआ ठेकेदार ने 15 हजार लिपिक को दिए लेकिन सीएमओ ने मना कर दिया। फिर कहा पूरे 20 हजार चाहिए फिर ठेकेदार ने साढे तीन हजार और मिलाकर दिए ।इसके तुरंत बाद लिपिक सीएमओ के चेंबर में गया तभी लोकायुक्त टीम चेंबर में तुरंत पहुंची और लिपिक व सीएमओ को गिरफ्तार किया था। रिश्वत लेने संबंधी बातचीत की रिकॉर्डिंग को आधार मानकर न्यायालय ने सीएमओ व लिपिक को दोषी ठहराया तथा सजा दी।



### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत 126 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

**मन्दसौर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत ग्राम बेहपुर में 126 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह अत्यंत गरिमामय और मांगलिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में 60 जोड़ों ने सीधे तौर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ प्राप्त किया, जिसके तहत प्रत्येक वधू को राज्य सरकार की ओर से 49 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में साधु-संतों के सान्निध्य के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। समारोह के दौरान वक्ताओं ने सामूहिक विवाह को आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संबल का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पाणिग्रहण संस्कार भारतीय संस्कृति का आधार है और सरकार इन परिवारों के साथ मित्र बनकर खड़ी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बेटियों को सम्मानपूर्वक विदा करना और उनके नए दाम्पत्य जीवन को सशक्त आधार प्रदान करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी नवविवाहित जोड़ों को शासन की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### सीए ब्रांच द्वारा एआई और जीएसटी ट्रिब्यूनल पर विशेष सेमिनार आयोजित



**मन्दसौर।** स्थानीय सीए ब्रांच के तत्वावधान में हाल ही में जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल के गठन और दैनिक जीवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की उपयोगिता पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीए नयन जैन ने बताया कि जीएसटी के लिए बहुप्रतीक्षित अपीलेट ट्रिब्यूनल का गठन शुरू हो चुका है और अब चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को अपील योग्य फैसलों, समय सीमा और संबंधित पोर्टल की बारीकियों को समझना अनिवार्य है ताकि करदाताओं को सही राहत दिलाई जा सके। इसी क्रम में सीए सिद्धार्थ अग्रवाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई कभी भी मनुष्य का स्थान नहीं ले सकता, बल्कि यह कार्यों को सुगमता और कम समय में पूरा करने का एक सशक्त साधन है। उन्होंने तकनीक में पारंगत होने की आवश्यकता पर बल दिया। मन्दसौर ब्रांच अध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया ने अपने संबोधन में कहा कि जीएसटी ट्रिब्यूनल की जानकारी से क्लाइंट्स को पेनल्टी में राहत मिलेगी, वहीं एआई के सकारात्मक उपयोग से नए उद्यमी तैयार होंगे जो भारत को विश्व पटल पर गौरवान्वित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सीए आशीष जैन ने किया और आभार सचिव सीए नितेश भदादा ने माना। इस अवसर पर जिले के अनेक प्रतिष्ठित सीए और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### लश्कर के नाम से मिली धमकी पर पुलिस ने किया प्रकरण पंजीबद्ध

**जावरा।** आखिर कार बडावदा पुलिस ने एक सप्ताह पश्चात कराटे कोच बलवंत सिंह देवड़ा को लश्कर के नाम से मिली धमकी की शिकायत किए जाने के पश्चात बडावदा पुलिस थाने पर एफआईआर दर्ज की गई देवड़ा एसपी को शिकायत करने पैदल जाने वाले थे पर एफआईआर दर्ज उपरांत उनका रतलाम जाना निरस्त हो गया । गत दिनो कराटे कोच देवड़ा को उनकी सोशल मीडिया इंस्टाग्राम आईडी पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने कमेंट्स बॉक्स में लश्कर के नाम से धमकी दी थी ।इसके पूर्व भी कई धमकियां मिल चुकी थी। इसको लेकर देवड़ा ने बडावदा थाने में एक आवेदन दिया था जब कार्रवाई नहीं हुई तो देवड़ा ने कहा अपने गांव से एसपी कार्यालय रतलाम तक पैदल जाकर शिकायत करूंगा । यहां भी नहीं सुना गया तो भोपाल भी पैदल जाकर सीएम से मिलूगा । बडावदा पुलिस ने बुधवार को देवड़ा की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बी एनएस की धारा 341( 4) में प्रकरण कायम किया। फिर पंजीबद होने के पश्चात देवड़ा ने पैदल पैदल यात्रा निरस्त किए जाने को कहा।

### मराठा समाज नीमच ने छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई

**नीमच।** प्रतिवर्ष अनुसार शहर के मराठा समाज नीमच ने , स्वाभियान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक चीर छत्रपति शिवाजी महाराज के अवतरण दिवस पर गुरुवार को क्षत्रिय मराठा समाज नीमच के तत्वावधान में भव्य वाहन रैली एवं वार्षिक उत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पूरे आयोजन में समाजजनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 8.30 बजे नीमच सिटी स्थित पिपली चौक पर स्वल्पाहार मिलन के साथ हुई। सर्वप्रथम समाजजनों ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उन्हें नमन किया। विधिवत आरती एवं पूजा-अर्चना के बाद सुबह 9 बजे वाहन रैली का शुभारंभ हुआ रैली पिपली चौक से प्रारंभ होकर नया बाजार, गणेश मंदिर, नरसिंह मंदिर, प्रताप चौक, सांवरिया जी मंदिर, रोडवेज बस स्टैंड, बारादरी चौराहा, श्री बड़े बालाजी मंदिर, बिहार गंज, श्रीराम चौक, घंटाघर, बिचला गोपाल मंदिर, जाजू बिल्डिंग, पुस्तक बाजार, अजमीढ़ महाराज सर्किल, शिक्षक कॉलोनी मार्ग तथा भारतीय जीवन बीमा मार्ग से होते हुए मां तुलजा भवानी मंदिर पहुंची।

### महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष 22 फरवरी को नीमच प्रवास पर रहेंगे

**नीमच।** शहर मे प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बोरासी 22 फरवरी, रविवार को नीमच प्रवास पर रहेंगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशा सांभर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेंतिया दोपहर 12 बजे नीमच पहुंचेंगी इस मोके पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य 'संगठन सृजन' अभियान के माध्यम से महिला कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत और सर्किय बनाना है। अपने प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष बोरासी जिले की सभी कांग्रेस महिला जनप्रतिनिधियों, जिला पंचायत सदस्यों, नगर पालिका व परिषद की महिला पार्षदों और वरिष्ठ महिला नेत्रियों के साथ एक विशेष बैठक करेंगी। इस मुलाकात के दौरान वे संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करेंगी ।



## कांग्रेस की पंचायत इकाईयों का गठन

**जगोटी** । संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस की पंचायत इकाईयों के गठन प्रकिया अंतिम चरण में है। गत दिवस महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश बगाना के मार्गदर्शन में जगोटी क्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक पंचायत इकाईयों का गठन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रजनीश तिवारी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की सक्रियता व मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर राहुल चौधरी, नंदकिशोर चौहान, भारत मालवीय बरखेड़ी, टीकम परमार, ओम आंजना, सुनील पंवार, मोहनलाल परमार, सेवाराम परमार, इकबाल नागौरी आदि मौजूद थे।




## 9 साल से लापता महिला को सुसनेर पुलिस ने किया दस्तयाब, परिजनों को सौंपा

**सुसनेर।** वर्ष 2017 से गुमशुदा चल रही महिला कालीबाई पति गुमानसिंह सौंधिया (उम्र 40 वर्ष) निवासी बामनियाखेड़ी को सुसनेर पुलिस ने 9 वर्षों बाद शुक्रवार को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। महिला के सकुशल मिलने से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार खोजबीन की जा रही थी। तकनीकी साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर महिला का पता लगाया गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद महिला को उनके परिजनों को सौंपा गया। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी अक्षयसिंह बैंस के नेतृत्व में सउनि अरविन्दसिंह तोमर, सउनि अनिल शर्मा, आरक्षक 02 गिरीराज जामलिया एवं आरक्षक 228 पवन जावरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परिजनों ने सुसनेर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों बाद उनका परिवार फिर से एकजुट हो सका।

## सेवा का प्रेरक निर्णय परमार का नेत्रदान सम्पन्न



**तराना।** मानव सेवा और सामाजिक जागरूकता का एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सुरेश परमार के निधन होने पर उनके परिवारजनों द्वारा उनका नेत्रदान संपन्न कराया गया। यह कार्य केशव माधव सेवा समिति के माध्यम से सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।समिति के सदस्य अनिल बड़ाल एवं शिवराज चौहान के सहयोग से नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। परिवार पर अचानक आए इस वज्रपात के बावजूद भी परमार परिवार द्वारा नेत्रदान हेतु सहमति प्रदान कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

## मावठे की बारिश से जनजीवन प्रभावित फसलों में भी नुकसान

**तराना।** शुक्रवार को सुबह से ही दिन भर रुक-रुक कर बारिश होती रही इस मथन की बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। ठंडी हवाएं चलने से लोगों को एक बार फिर ठंड का अनुभव हो रहा है। वहीं बै मोसम की बारिश से गेहूं फसल में नुकसान है।वही गेंहू के उत्पादन पर भी असर पड़ेगा कृषि विस्तार अधिकारी दिनेश डोर ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार 23 फरवरी तक ऐसा ही मौसम रहेगा। पिछले 24 घंटे में तराना में 1.0 एमएम बारिश शुक्रवार सुबह 8:00 बजे तक हुई है कुल 955.6 एमएम बारिश हो गई है। फसलों का निरीक्षण चल रहा है।ओलावृष्टि नहीं हुई है केवल हवा और बारिश हुई है। जिन किसने की फसल आड़ी हुई है उन्हें इफको टोकियो कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर 72 घंटे के अंदर शिकायत दर्ज करने की सलाह दी गई है।

## पांचवी आठवीं के पहले परचे मे खरसौदकलां परीक्षा केंद्र पर 381 में से 19 छात्र गैर हाजिर

**खरसौदकलां।** राज्य शिक्षा केंद्र की आठवीं एवं पांच वी की मुख्य परीक्षा का पहला परचा शुक्रवार को आयोजित हुआ। खरसौदकलां परीक्षा केंद्र पर पर्चे में नामांकित पांचवी आठवीं के 381 परीक्षार्थी में से 19 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

परीक्षा केंद्राध्यक्ष ने बताया कि खरसोदकला में 15 स्कूल के परीक्षा केन्द्र पर नो शासकीय एवं पांच प्राइवेट स्कूल के बच्चे शामिल थे।आठवीं में 169 एवं पांचवी में 212 परीक्षार्थी नामांकित थे। जिसमें से पांचवी में 11 एवं आठवीं के 8 बच्चे गैर हाजिर रहे। जबकि चामलेश्वर परीक्षा केंद्र पर पांचवी कक्षा के 85 में से 2 गैरहाजिर रहे। आठवीं में 106 में चार गैर हाजिर थे। चिरोलाकलां परीक्षा केंद्र पर कक्षा पांचवी के 128 में से 1 बच्चा अनुपस्थित रहा। ऐसे ही सलवा परीक्षा केंद्र पर यहां 108 में से पांच बच्चे परीक्षा केंद्र पर नहीं पहुंचे।

## दिन भर पानी की बूंदाबांदी के साथ छाया रहा अंधेरा

**खरसौदकलां।** क्षेत्र में शुक्रवार को दिन भर घने बादलों के साथ अंधेरा छाया रहा । खराब मौसम के साथ पानी की बूंदाबांदी भी रही। क्षेत्र में पिछले दो दिनों से मौसम में अचानक बदलाव के साथ तेज हवा से फसलों में विपरित प्रभाव पड़ा है।जबकि गुरुवार की रात क्षेत्र में भारी बारिश के साथ दस मिनट तक ओलावृष्टि भी हुई । जिसमें गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।ओले के उत्पात से लहराती फसल में आर्थिक रूप से नुकसान से किसानों में मायूस आई है।

एसडीओपी बोले सीसीटीवी कैमरे से अपराध व अपराधियों पर निगरानी रहेगी

# कस्बों की बढ़ी सुरक्षा: ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा का नया दौर, सरपंचों ने लगाए 145 कैमरे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

क्षेत्र के कस्बों, छोटे गांवों में अब सुरक्षा का नया दौर शुरू हो गया है। सारंगपुर में जनसहयोग से सीसीटीवी स्थापना हेतु चलाए जा रहे चक्षु 360 अभियान के तहत पचोर, तलेन, लीमाचौहान क्षेत्र भी जनसहयोग से कैमरे लगवाए गए है। अंचल के यह क्षेत्र भी अब पुलिस की निगरानी में रहेगा। अभियान में यहां पुलिस ने सरपंच व जनसहयोग से 145 कैमरे लगवाए है। पुलिस का कहना है कि इन कस्बों के प्रमुख स्थानों की निगरानी पुलिस की तीसरी आंख करेगी। सीसी कैमरे लगने से जहां केवल अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा, बल्कि कहीं घटना होती है तो इसका खुलासा करने में पुलिस को इससे मदद भी मिलेगी।



सारंगपुर तहसील के पचोर में 70, लिमाचौहान 70 अन्य 5 कैमरे लगाने पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा शुक्रवार को मऊ सरपंच रईस मंसूरी, मोतीलाल तवर, देवकरण नागर, सुल्तानिया और देवलीमान सरपंच का शॉल श्रीफल भेंट कर पुष्पमाला से स्वागत सम्मान किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जिस तरह नगरीय निकाय सार्वजनिक रूप से या फिर खुले में कचरा-गंदगी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करता है, उसी तरह सीसीटीवी कैमरों को लेकर बनाए नियमों में किया है। यदि किसी व्यक्ति का सीसीटीवी कैमरा बंद है या फिर जानबूझकर कैमरा बंद रखा जाता है, तो उस व्यक्ति के खिलाफ चालान बनाकर जुमार्ना वसूल किया जाएगा।

एसडीओपी अरविंद सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे लगने से अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को काफी मदद मिलेगी। शहर के ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां अभी कैमरे नहीं हैं। इस कारण चोरी, डकैती, हत्या, मारपीट, वाहन चोरी, चेन स्नैचिंग और छेड़छाड़ सहित अन्य आपराधिक घटना होने पर पुलिस को अपराधियों को पकड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। जिन क्षेत्रों में कैमरे लगे होते है, वहां पर अपराधी आसानी से पकड़ में आ जाते हैं।

# 40 केंद्रों पर छात्र-छात्राओं ने बोर्ड के पैटर्न पर दी परीक्षा, 174 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निदेर्शानुसार कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न पर आधारित वार्षिक परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो गई है। ये परीक्षाएं 28 फरवरी तक दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

सारंगपुर बीआरसी बीएल वर्मा ने बताया कि वार्षिक परीक्षा 2026 के लिए विकासखंड के 11 संकुल केंद्रो में कुल 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर केन्द्राध्यक्षों और सहायक केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। विकासखंड मुख्यालय पर सभी केन्द्राध्यक्षों और सहायक केन्द्राध्यक्षों की बैठकें आयोजित कर उन्हें परीक्षा संबंधी सभी दिशा-निदेर्शों से अवगत कराया गया था। सभी केन्द्राध्यक्षों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि कक्षा 5 और 8 में पंजीकृत कोई भी छात्र परीक्षा में बैठने से वंचित न रहे।

इस वार्षिक परीक्षा में कक्षा 5वीं के हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू माध्यम के कुल 4737 छात्र शामिल है। वहीं, कक्षा 8वीं के हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू माध्यम के 4646 छात्र परीक्षार्थी शामिल इस प्रकार, कक्षा 5वीं और 8वीं को मिलाकर कुल 9343 बच्चे शामिल है। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर तीन निरीक्षण दलों का गठन किया गया है, जिनमें बीईओ, बीआरसी, संकुल प्राचार्य, बीएसी और सीएसी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, जिला स्तर से भी निरीक्षण दल बनाए गए हैं। विकासखंड में पाचवी एवं आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हुई। जानकारी के अनुसार 5वीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 9343 विद्यार्थी रजिस्टर्ड थे, जिनमें से कक्षा पचवी में 4649 ने परीक्षा दी और 85 बच्चे अनुपस्थित रहे।

## ऑयल पेंट के डिब्बों में धमाका

**देवास।** देवास शहर के शालिनी रोड स्थित एक मकान की छत पर रखे पुराने ऑयल पेंट के डिब्बों में अचानक धमाका हो गया। आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई और लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। घटना की सूचना मिलते ही नाहर दरवाजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने घटनास्थल का मुआयना किया और जांच पड़ताल शुरू की। थाना प्रभारी सोलंकी ने बताया कि छत पर तीन से चार ऑयल पेंट के डिब्बे रखे हुए थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इन डिब्बों में संभवतः गैस बनने के कारण दबाव बढ़ गया।

## देवास में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, पुतले दहन:पीएम, सीएम और तीन मंत्रियों के पुतले फूंके

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में शुक्रवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान नरेंद्र मोदी, मोहन यादव और प्रदेश के तीन मंत्रियों के पुतले जलाए गए। पुतला दहन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। मौके पर नगर निगम की वॉटर कैनन भी तैनात थी, इसके बावजूद कांग्रेस कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले जला दिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला उनकी ट्रेड डील के विरोध में जलाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह डील देश और आम जनता के हितों के खिलाफ है। प्रयास गौतम ने आरोप लगाया कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विजय शाह और राजेंद्र शुक्ल द्वारा भारतीय सेना, महिलाओं और विभिन्न घटनाओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं।

# बरसते पानी के बीच वार्षिक परीक्षा देने पहुंचे कक्षा पांचवी तथा आठवीं के स्कूली छात्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

नगर सहित तीन अन्य परीक्षा केंद्रों पर शुक्रवार 20 फरवरी से कक्षा पांचवी तथा आठवीं के स्कूली छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षाएं हिंदी विषय के प्रश्न पत्र के साथ शुरू हो गई

जन शिक्षक मोहनलाल चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बता या महिदपुर रोड परीक्षा केंद्र पर पहले दिन की परीक्षा में कक्षा पांच वी तथा आठवीं के 7-7 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे वही डेलची बुजुर्ग परीक्षा केंद्र पर कक्षा पांचवी में 10 स्कूली छात्र छात्रा तथा कक्षा आठवीं में 7 छात्र-छात्रा अनुपस्थित रहे पेटलावद परीक्षा केंद्र पर कक्षा पांचवी के 5 स्कूली छात्र छात्रा तथा कक्षा आठवीं के 14 स्कूली छात्र- छात्रा अनुप स्थित रहे झुटावद परी क्षा केंद्र पर कक्षा पांचवी के 5 छात्र-छात्रा तथा कक्षा आठवीं के 7 छात्र छात्रा अनुपस्थित रहे।



परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 5 पांचवी के 690 तथा कक्षा आठवीं के 600 स्कूली छात्र छात्राओं को उपस्थित होकर परीक्षाएं देना थी जिनमें से चारों परीक्षा केंद्रों पर कक्षा पांचवी के 27 तथा आठवीं के 32 स्कूल छात्र-छात्रा परी क्षा केंद्र पर परीक्षा देने नहीं पहुंचे निजी विद्यालयों के संचालकों ने अपने स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा पांचवी तथा आठवीं के स्कूली बच्चों को जहां अपने स्कूलों के वाहनों से संबंधित परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाया वहीं शासकीय विद्यालयों के छात्र- छात्रा अपने पेरेंट्सों के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे परीक्षा केंद्र पर पहुंचने से पूर्व बरसते पानी ने उन्हें सावधानी के साथ छाते तथा रेनकोट पहनकर पहुंचने को मजबूर किया

# विधानसभा में गूंजा ठेका और कर्मचारी हितों का मुद्दा

### गुणवत्ता, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि, केबल बदलाव और आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन पर सरकार से जवाब-तलब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

मध्यप्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान विधायक भेरोसिंह बापू द्वारा लगातार विभिन्न विभागों से संबंधित प्रश्न लगाए जा रहे है। जिनका सरकार की ओर से सदन में क्रमवार उत्तर दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कई वर्षों बाद क्षेत्र में ऐसे विधायक सामने आए है जो प्रत्येक सत्र में सक्रिय रूप से जन समस्याओं को उठा रहे है। चाहे मामला बिजली, सड़क, कृषि, नगरीय विकास, पशुपालन या किसी अन्य विभाग से जुड़ा हो विधायक द्वारा निरन्तर प्रश्नों के माध्यम से क्षेत्रीय मुद्दों को विधानसभा तक पहुचाया जा रहा है। शुक्रवार को में आगर-मालवा जिले से जुड़े बिजली कार्यों की गुणवत्ता, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि, केबल परिवर्तन, ठेका कंपनी की अनियमितताओं तथा आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन-बीमा मामलों को लेकर प्रश्न देखने को मिली। विधायक भैरो सिंह बापू ने ऊर्जा विभाग से जुड़े कई बिंदुओं पर विस्तृत प्रश्न उठाए, जिनका जवाब ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सदन में प्रस्तुत किया।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि विधानसभा प्रश्न क्रमांक 669 (दिनांक 05.12.2025) के संदर्भ में 01 नवंबर 2025 से 26 जनवरी 2026 तक वरीयता सूची के अनुसार कुल 11 वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की गई। किसी भी ट्रांसफार्मर को वरीयता सूची से पूर्व नहीं बढ़ाया गया है।

विभाग ने स्पष्ट किया कि आगर वृत अंतर्गत संचालित योजनाओं में निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। पोल स्थापना के समय सीमेंट डालना अनिवार्य प्रावधान है और मानक अनुसार कार्य हो रहा है। निम्न गुणवत्ता की सामग्री उपयोग करने के आरोपों को मंत्री ने निराधार बताया।

## बड़ागांव में केबल बदलने पर सरकार का पक्ष

ग्राम बड़ागांव में बदली गई केबल को दोबारा बदलने के मामले में मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं की संख्या और विद्युत भार में वृद्धि के कारण पूर्व स्थापित केबल में जलने/खराब होने की समस्या उत्पन्न हुई थी। इसके निराकरण हेतु आरडीएसएस योजना के तहत क्षमता वृद्धि की जा रही है।

ठेकेदार द्वारा निम्न गुणवत्ता की केबल उपयोग करने से इनकार करते हुए मंत्री ने कहा कि वर्तमान में इस कार्य से संबंधित कोई बिल पारित नहीं हुआ है। 01 जनवरी 2020 से अब तक बदली गई केबलों की जानकारी परिशिष्ट में उपलब्ध कराई गई है तथा सभी केबल वर्तमान में चालू स्थिति में हैं।

सदन में बाह्य स्रोत सेवा प्रदाता कंपनी टीडीएस मैनेजमेंट कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध शिकायतों का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठा। मंत्री ने स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में कुछ कार्मिकों का बीमा नहीं किया गया था तथा लेबर लाइसेंस में विसंगतियां थीं। इस पर नोटिस ऑफ डिफॉल्ट जारी कर सुधार कराया गया।

दिसंबर 2025 में 20 आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने की पुष्टि करते हुए मंत्री ने कहा कि एजेंसी को निर्देशित किया गया और 7 फरवरी 2026 तक वेतन भुगतान कर दिया गया। साथ ही 11 लाख 54 हजार 625 रुपये की राशि एजेंसी के बिल से रोकी गई है। टेंडर की शर्तों के अनुसार कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन देना अनिवार्य है।

आगर वृत में 385 आउटसोर्स कर्मचारियों में से 373 को पंजीयन के विरुद्ध लिए गए 1300 रुपये वापस कर दिए गए हैं, शेष को भी भुगतान किया जाना है। 67 कर्मचारियों को बीमा योजना की राशि अभी प्राप्त नहीं हुई है। पूर्व सुपरवाइजर के विरुद्ध अनियमितताओं की शिकायतों के आधार पर उसे आगर वृत में कार्य से प्रतिबंधित किया गया है। एजेंसी के विरुद्ध अनुबंध समाप्ति की कार्रवाई मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी स्तर पर प्रक्रियाधीन है।

दिवंगत कर्मचारी लखन बैरागी के मामले में दस्तावेज समय पर प्रस्तुत न होने से प्रकरण निरस्त हुआ था जिसे पुनः अपील के माध्यम से प्रक्रियाधीन किया गया है। सोयत के कर्मचारी बाबूलाल दांगी की मृत्यु के मामले में भी नियमानुसार हितलाभ दिलाने की कार्रवाई जारी है। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के विनियमितीकरण के संबंध में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी परिशिष्ट में उपलब्ध कराई है।



## मनरेगा में बदलाव के विरोध में किया पुतला

**कानड़।** भारत-अमेरिका ट्रेड डील के नाम पर मनरेगा में बदलाव कर मजदूरों के कानूनी अधिकारों पर किए जा रहे प्रहार एवं मध्य प्रदेश के कलंकित मंत्रियों के इस्तीफे की मांग को लेकर कैलाश विजयवर्गीय, राजेन्द्र शुक्ल , विजयशाह,इन तीनो का पुतला दहन ब्लॉक अध्यक्ष नितिन पालीवाल के नेतृत्व में किया गया।इस अवसर पर उपस्थित ब्लॉक अध्यक्ष नितिन पालीवाल,मयंक पालीवाल अवतरसिंह गुर्जर ,महेश शर्मा,विकास शर्मा, ,मुशर्रफ बाबा,अनोखीलाल मंत्री ,रमेश सोरास्ट्रीय, पार्षद रमेश सूर्यवंशी पार्षद ,नाशिर मामू,राधेश्याम टेलर,गोरिशंकर सूर्यवंशी,बाबुलाल पार्षद,सागर सूर्यवंशी, भवर बिजापारी, गुमानसिंह ,गोकुल गाजरिया,सुंदरलाल यादव आदि की उपस्थिति में पुतला दहन किया गया।

## बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष परीक्षा परिणाम में दशरथ सिंह ने पांचवी रैंक हासिल की

**कानड़।** नगर के ग्राम राजाखेड़ी का करने वाला दशरथ सिंह ने शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के अंतर्गत फ्लोरेंस नाइटऐंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष शैक्षणिक सत्र 2021- 22 की परीक्षा परिणाम में 53वीं रैंक प्राप्त कर विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन सी केवल संस्थान का नाम रोशन किया बल्कि गांव एवं नगर का न रोशन किया एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा भी प्रस्तुत की।



## वाहन को बचाने में पिकअप खाई में पलटी

**कानड़।** आगर सारंगपुर रोड़ माताजी चौराहा पर एक पिकअप वाहन अन्य वाहन को बचाने में पलट गया। गनीमत यहा रही की ड्राइवर सहयोगी को कोई चोट नहीं आई, पिकप वाहन आगर से सारंगपुर की ओर जा रहा था। बाद में जेसीबी मशीन से पिकअप को उठाया गया।

## पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने किया ओलावृष्टि व बेमौसम बारिश से प्रभावित फसलों का निरीक्षण



**बड़नगर।** पूर्व विधायक श्री मुरली मोरवाल ने आज ग्राम देहटा, केसरपुरा, अमलावद बीका, अमलावद कला, जमालपुरा, पलसोडा, मालपुरा, चिरोलाकलां, लिम्बास, सलवा, सहित अनेक गांवों का दौरा कर ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से हुए फसल नुकसान का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक मोरवाल ने पाया कि खेतों में खड़ी गेहूं की फसल शत-प्रतिशत नष्ट हो चुकी है, जिससे किसान पूरी तरह टूट चुका है।

किसानों के आंसू पोंछते हुए पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने मोरवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार और प्रशासन की सुस्ती पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि अन्नदाता आज सड़कों पर है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी एसी कमरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी और कृषि मंत्री तुरंत संज्ञान लेकर विशेष राहत पैकेज की घोषणा करें। कलेक्टर और एसडीएम तत्काल सर्वे दल भेजकर खेतों में हुए वास्तविक नुकसान का पंचनामा बनवाएं।किसानों को उनकी लागत और मेहनत का उचित मुआवजा शीघ्र अति शीघ्र प्रदान किया जाए। आज आप सबको इस हाल में देखकर मेरा मन बहुत व्यथित है। देहटा, केसरपुरा से लेकर मालपुरा तक, मैंने अपनी आंखों से देखा है कि आपकी मेहनत, आपका खून-पसीना जो गेहूं की सुनहरी फसल के रूप में खेत में खड़ा था, वह आज पूरी तरह मिट्टी में मिल चुका है। यह नुकसान सिर्फ फसल का नहीं, बल्कि एक किसान के सपनों और उसके परिवार की खुशियों का नुकसान है। मैं यहाँ सिर्फ दौरा करने नहीं आया हूँ, मैं आपका हक दिलाने आया हूँ।

मैं मुख्यमंत्री मोहन यादव जी और जिले के कलेक्टर-एस.डी.एम. से सीधे शब्दों में कहना चाहता हूँ अपनी कुंभकर्णी नींद से जागिए! किसान का सब्र अब जवाब दे रहा है। कागज और फाइलों में सर्वे बंद करिए और जमीन पर आकर देखिए कि किसान किस हाल में है। अगर दो दिनों के भीतर प्रशासन ने सुध नहीं ली और मुआवजे की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, तो याद रखिएगा कि कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। हम ईंट से ईंट बजा देंगे। किसान का हक छीनने वालों के खिलाफ हम उग्र आंदोलन करेंगे। हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक मेरे एक-एक किसान भाई के खाते में उसकी मेहनत का मुआवजा नहीं पहुंच जाता।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस इंगोरिया अध्यक्ष राहुल सोलंकी, मुकेश देवड़ा, घनश्याम चोधरी, कमलसिंह भाटी, धारासिंह भाटी, लखन चैधरी, कमलसिंह भाटी, राजेन्द्रसिंह सिसोदिया, दिलीपसिंह, जुझारसिह, हिरालाल सोलंकी, रघुनाथसिंह, मदन प्रजापत, मोनु वेद आदि उपस्थित हुए।



## आप किसी भी परीक्षा की तैयारी में इन टिप्स की मदद से आप बेहतर तैयारी कर सकते हैं और परीक्षा को क्रैक कर सकते हैं।

## सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- किस जानवर को 'रेगिस्तान का जहाज' कहा जाता है?
उत्तर: ऊँट
- एक सप्ताह में कितने दिन होते हैं?
उत्तर: सात
- सामान्य वर्ष में कितने दिन होते हैं?
उत्तर: 365 (लीप वर्ष नहीं)
- इंद्रधनुष में कितने रंग होते हैं?
उत्तर: 7
- अंग्रेजी वर्णमाला में कितने अक्षर हैं?
उत्तर: 26
- अंग्रेजी वर्णमाला में कितने व्यंजन हैं?
उत्तर: 21
- त्रिभुज में कितनी भुजाएँ होती हैं?
उत्तर: तीन
- वर्ष के किस महीने में दिनों की संख्या सबसे कम है?
उत्तर: फरवरी
- अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में स्वर कौन से हैं?
उत्तर: ए, ई, आई, ओ, यू
- किस जानवर को जंगल का राजा कहा जाता है?
उत्तर: शेर
- कितने प्राथमिक रंग हैं?
उत्तर: तीन (लाल, पीला, नीला)
- लीप वर्ष में फरवरी महीने में कितने दिन होते हैं?
उत्तर: 29 दिन
- बर्फ से बने घर को क्या कहते हैं?
उत्तर: इग्लू
- विश्व का सबसे बड़ा जानवर कौन सा है?
उत्तर: नीली व्हेल
- पृथ्वी पर सबसे लंबा जानवर कौन सा है?
उत्तर: जिराफ

## इन टिप्स के साथ...

# कोई भी परीक्षा कर सकते हैं क्लियर

किसी भी परीक्षा में सफल होने के लिए अभ्यर्थियों को तैयारी की जरूरत होती है। क्योंकि बिना तैयारी के किसी भी परीक्षा को पास नहीं किया जा सकता है। अक्सर देखा जाता है कि स्टूडेंट्स अच्छी तैयारी के बावजूद या फिर गलत पैटर्न से तैयारी करने के चलते परीक्षा क्लियर नहीं कर पाते हैं। स्टूडेंट्स की इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हम कुछ ऐसे टिप्स बता रहे हैं, जिसकी मदद से अभ्यर्थी कोई भी परीक्षा क्लियर कर सकते हैं। आइए जानते हैं.....

### टाइम-टेबल का करें पालन

परीक्षा के दौरान समय को मैनेज करने के लिए छात्रों को पढ़ाई के लिए टाइम टेबल जरूर बनाना चाहिए। एक प्रभावी स्ट्रैटेजी बनाने से आप अच्छी तैयारी कर पाएंगे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि टाइम-टेबल बनने की वजह से किसी भी एग्जाम की तैयारी बेहतर होती है। टाइम टेबल में बोरिंग से बचने के लिए ब्रेक को भी जरूर शामिल करें।

### आवश्यकता के अनुसार तय करें प्रियारिटी

अपने कार्यों को प्राथमिकता देना जरूरी है। उन विषयों पर ध्यान केंद्रित करें जो आपको सबसे चुनौतीपूर्ण लगते हैं, क्योंकि इनमें सबसे अधिक समय और प्रयास की आवश्यकता होती है। उन कार्यों की सूची बनाएं जिन्हें आपको पूरा करने की आवश्यकता है और उनका निर्धारण समय के अनुसार करें। इससे तैयारी करने में आसानी होगी।



### कैलेंडर का करें प्रयोग

परीक्षा के दौरान अपने समय को मैनेज करने के लिए कैलेंडर के नोटिफिकेशन का उपयोग करना चाहिए। अपने कैलेंडर को एक निश्चित समय के लिए ब्लॉक करें और उस दौरान पढ़ाई पर ध्यान दें। जब आप तैयारी के दौरान थक जाएं तो ब्रेक लें। क्योंकि इससे आपको ध्यान केंद्रीत करने में मदद मिलेगी। साथ ही आप थकेंगे भी नहीं।

### ध्यान केंद्रीत रहने के लिए फोन आदि को रखें बंद

पढ़ाई के दौरान आपका ध्यान न भटके इसलिए फोन सहित अन्य ध्यान भटकाने वाले उपकरणों बंद रखें। कोशिश करें कि अपने लिए एक ऐसा रूम या जगह चुने, जहां पर शोरगुल न हो। क्योंकि, अक्सर घर के सदस्य ऊंची आवाज में बात करते हैं तो पढ़ाई से ध्यान हट जाता है।

### ब्रेक लेकर करें पढ़ाई

किसी भी परीक्षा की तैयारी के दौरान छात्रों को ब्रेक लेकर परीक्षा करनी चाहिए। लगातार पढ़ाई न करें। क्योंकि आप पढ़ा हुआ भूल भी सकते हैं। साथ ही पढ़ाई से आपका ध्यान भी भटक सकता है। एक्सपर्ट्स की मानें पढ़ाई के दौरान 25 मिनट का ब्रेक लेना अच्छा माना जाता है। ब्रेक के दौरान छात्रों को टहलना भी चाहिए।

### अच्छी नींद जरूर लें

तैयारी के दौरान अच्छी नींद जरूर लें। हर रात में कम से कम 7 घंटे जरूर सोएं। इससे आप रिफ्रेश महसूस करेंगे। साथ ही आपका पढ़ने में मन भी लगेगा। अगर आप रात में अच्छी नींद नहीं लेंगे तो पूरा दिन तैयारी में मन नहीं लगेगा।


### अनुशासित रहें

किसी भी परीक्षा की तैयारी के दौरान व्यवस्थित और अनुशासित रहें। इससे आपको परीक्षा के दौरान मदद मिलेगी। अपने अध्ययन सामाग्री को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखें और सुनिश्चित करें कि अध्ययन शुरू करने से पहले आपके पास वह सब कुछ है जिसकी आपको आवश्यकता है।इससे वस्तुओं की तलाश में आपका समय बचेगा। साथ ही आप बिना किसी अवरोध के पढ़ाई में ध्यान लगा सकेंगे।


### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ





## भारत और पाकिस्तान सुपर-8 में अलग-अलग ग्रुप में हैं, इसलिए वहां मुकाबला संभव नहीं। लेकिन यदि दोनों टीमें अपने-अपने सुपर-8 ग्रुप में टॉप-2 में रहकर अलग-अलग पोजिशन पर खत्म करती हैं, तो सेमीफाइनल में भिड़ सकती हैं। समान स्थान पर रहने पर फाइनल में टकराव की संभावना बनेगी।

# ऐसा हुआ तो फिर होगा महामुकाबला!

## भारत-पाकिस्तान आ सकते हैं आमने-सामने

**नई दिल्ली।** टी20 विश्वकप 2026 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। अब तक इस विश्वकप में कई दिलचस्प मुकाबले देखने को मिले हैं। 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का ग्रुप स्टेज से बाहर होना चौंकाने वाला रहा। वहीं, जिम्बाब्वे ने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया। कई एसोसिएट टीमें भले ही सुपर-आठ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाईं हों, लेकिन उनक कई खिलाड़ियों ने बल्ले और गेंद से सुर्खियां बटोरीं। टूनामेंट के शुरू होने से पहले कई विवाद हुए, लेकिन यह विवाद भारत और पाकिस्तान के बीच होने के साथ ही शांत हो गया।

### भारत ने ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी

टीम इंडिया ने ग्रुप-ए के मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 61 रन से करारी शिकस्त दी और पड़ोसियों और उनके फैंस का मुंह बंद कर दिया। पाकिस्तान ने टूनार्मेंट शुरू होने से पहले भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का एलान किया था और तब वहां के क्रिकेट पंडित और फैंस फर्जी बयानबाजी करते दिखे थे। फिर आईसीसी के चाबुक के डर से टूनार्मेंट शुरू होते-होते पाकिस्तान ने यू-टर्न ले लिया और टीम इंडिया के खिलाफ खेलने को तैयार हो गए।

भारत और पाकिस्तान के बीच मैच एकतरफा तो रहा, लेकिन दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता देखने लायक होती है। अब फैंस यह जानना चाहते हैं कि क्या इन दो देशों के बीच फिर से मुकाबला हो सकता है?


### ग्रुप स्टेज में भारत शीर्ष पर, पाकिस्तान दूसरे स्थान पर

भारतीय टीम ने ग्रुप-ए में अपने सभी मैच जीते और अंक तालिका में शीर्ष पर रही। वहीं, पाकिस्तान की टीम चार में से तीन मैच जीतकर ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर रही। उसे सुपर-आठ में पहुंचने के लिए जूझना पड़ा और नामीबिया के खिलाफ आखिरी मैच को जीतकर सुपर-आठ के लिए क्वालिफाई करने में कामयाब रही। 2009 की टी20 चैंपियन पाकिस्तान टीम में कई खामियां देखने को मिलीं और नीदरलैंड्स अगर उन्हें पहले मुकाबले में हरा देता तो टीम बाहर भी हो सकती थी। पाकिस्तान नीदरलैंड्स के खिलाफ ग्रुप-ए मुकाबला तीन गेंद शेष रहते जीता था।

### क्या फिर से हो सकता है भारत-पाकिस्तान मुकाबला?

इस टूनार्मेंट में 20 टीमों ने हिस्सा लिया था। सभी टीमों को पांच-पांच टीमों के चार ग्रुप्स में बांटा गया। हर ग्रुप से शीर्ष-दो टीमों ने सुपर आठ राउंड के लिए क्वालिफाई किया। अब सुपर-आठ राउंड में चार-चार टीमों के दो ग्रुप्स बने हैं और टीमें आईसीसी द्वारा पहले से ही तैयार की गई सीडिंग्स के अनुसार तय की गई हैं। सुपर आठ राउंड में भारत को ग्रुप-1 में जबकि पाकिस्तान को ग्रुप-2 में जगह मिली है। टीम इंडिया के ग्रुप में वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे की टीमें हैं। वहीं, पाकिस्तान के ग्रुप में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और श्रीलंका की टीमें हैं।

सुपर आठ राउंड में प्रत्येक ग्रुप की एक टीम अपने ग्रुप में मौजूद तीन अन्य टीमों के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। ऐसे में भारत और पाकिस्तान की टीमें दो अलग-अलग ग्रुप में होने के कारण एक-दूसरे से तो नहीं भिड़ेंगी। सुपर-आठ में दोनों ग्रुप्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। हालांकि, सेमीफाइनल में भारत का पाकिस्तान की भिड़ंत संभव है। अगर भारत और पाकिस्तान अपने-अपने ग्रुप्स में शीर्ष दो स्थान पर रहते हैं तो सेमीफाइनल में टकराव का समीकरण बन सकता है।



### भारत-पाकिस्तान कैसे भिड़ सकते हैं?

**सेमीफाइनल में टकराव का गणित-** सेमीफाइनल का फॉर्मेट क्रॉसओवर सिस्टम पर आधारित है-

- ग्रुप-1 की टॉप टीम बनाम ग्रुप-2 की दूसरे स्थान वाली टीम।
- ग्रुप-2 की टॉप टीम बनाम ग्रुप-1 की दूसरे स्थान वाली टीम।

### भारत-पाकिस्तान सेमीफाइनल कैसे होगा? पहली स्थिति

- भारत अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहे।
- पाकिस्तान अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहे।
- ऐसे में दोनों सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे।

### दूसरी स्थिति

- पाकिस्तान अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहे।
- भारत अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहे।
- तब भी सेमीफाइनल में भिड़ंत संभव है।

### कब सेमीफाइनल नहीं होगा?

- अगर दोनों टीमें अपने-अपने ग्रुप में पहले स्थान पर खत्म करती हैं।
- अगर दोनों टीमें अपने-अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर खत्म करती हैं।
- ऐसी स्थिति में वे सेमीफाइनल में एक-दूसरे से नहीं खेलेंगी।

### सेम पोजिशन में रहने पर खुलेगा फाइनल में भिड़ंत का रास्ता

अगर दोनों टीमें सुपर-8 में समान पोजिशन पर खत्म करती हैं (जैसे दोनों पहले या दोनों दूसरे) तो वे अलग-अलग सेमीफाइनल खेलेंगी। अगर दोनों अपनी-अपनी सेमीफाइनल जीत जाती हैं, तब फाइनल में भारत बनाम पाकिस्तान महामुकाबला हो सकता है और अगर ऐसा हुआ तो फैंस के लिए एंटरटेनमेंट का सुपर डोज होगा और स्टेडियम में एक इंच सीट नहीं मिलेगी। साथ ही फैंस टीवी से हटने का नाम नहीं लेंगे। 2007 वाला माहौल बनेगा और इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता।

यानी क्रिकेट फैंस के लिए अभी भी उम्मीद बाकी है। अगर दोनों टीमें लगातार जीतती रहीं और सही समीकरण बना, तो टी20 विश्व कप 2026 में एक और हाई-वोल्टेज भारत-पाकिस्तान मुकाबला देखने को मिल सकता है।

## श्रीलंका को हराकर फाइनल में भारत, दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश ने पाक को हराया

**बैंगकॉक।** महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 का पहला सेमीफाइनल भारत ए और श्रीलंका ए के बीच बैंगकॉक में खेला गया। इस मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश ए ने पाकिस्तान ए को 54 रनों से मात देकर फाइनल में एंट्री की। इस टूनार्मेंट का खिताबी मुकाबला रविवार को बैंगकॉक में ही खेला जाएगा।

**भारत ने श्रीलंका को दी पटखनी:** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ए की टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 118 रन बना सकी। जवाब में टीम इंडिया ने महज 13.3 ओवर में पांच विकेट पर 119 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस मैच में भारत की जीत की हीरो राधा यादव रहीं, जिन्होंने चार विकेट झटके। इसके बाद दिनेश वृंदा का बल्ला गरजा और उन्होंने 42 रनों की तूफानी पारी खेली।

**बांग्लादेश ने पाकिस्तान को रौंदा:** दूसरे सेमीफाइनल मैच में बांग्लादेश ए ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 110 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 16.4 ओवर में सिर्फ 56 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ बांग्लादेश ने फाइनल में एंट्री कर ली।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई पर कार्रवाई करते हुए खजराना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से अल्प्राजोलम टेबलेट बड़ी मात्रा में बरामद की गई हैं। जब्त दवाओं की कीमत 61 हजार रुपए से अधिक बताई जा रही है। खजराना पुलिस थाना के अनुसार टीआई मनोज सेंधव की टीम ने अकरम उर्फ चिटकू पुत्र रफीक खान निवासी इलियास कॉलोनी और साहिल पुत्र रमेश दा निवासी गणेश नगर खंडवा रोड को पकड़ा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी पहले ग्राहकों को वॉट्सऐप पर टेबलेट की फोटो भेजते थे। पहचान पुख्ता होने के बाद ही डिलीवरी दी जाती थी। डिलीवरी का काम अकरम करता था, जबकि साहिल मेडिकल दुकानों से दवा की व्यवस्था करता था। पुलिस के मुताबिक अकरम फैब्रिकेशन का काम करता है, जबकि साहिल पेशे से मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) है। दवा बाजार में बड़े व्यापारियों से पहचान होने के कारण साहिल मेडिकल दुकानों से अल्प्राजोलम की टेबलेट उठाता था और फिर अकरम के साथ मिलकर बाजार में बेचता था। डिलीवरी के बाद दोनों आपस में रकम बांट लेते थे। पुलिस साहिल से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि वह किन-किन मेडिकल दुकानों से अल्प्राजोलम टेबलेट लेकर आता था और कब से इस अवैध कारोबार में शामिल था। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### प्रॉपर्टी विवाद में कारोबारी को जान से मारने की धमकी

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी इलाके में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर एक कारोबारी को जान से मारने और 40 लाख रुपए की मांग को लेकर धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अड़ीबाजी और धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस के मुताबिक ऋषि नगर निवासी सौरभ राठौर ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह प्रॉपर्टी का काम करता है। गुरुवार को वह अपनी बेटी को लेने जा रहा था, तभी कार शोरूम के पास आरोपी प्रेम पुत्र भुजराम प्रजापत ने अपनी गाड़ी लगाकर उसे रोक लिया। आरोप है कि प्रेम ने कहा कि जिन अधिकारियों को वह आवेदन दे रहा है, उससे कुछ नहीं होगा और प्लॉट पर कब्जा वे ही करेंगे। साथ ही 40 लाख रुपए देने और कुख्यात बदमाश किशोर हटकर उर्फ भाऊ से समझौता करने का दबाव बनाया। धमकी देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद सौरभ थाने पहुंचा और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार 9 फरवरी को भी द्वारकापुरी थाने में प्रेम ने पुराने हत्याकांड का हवाला देकर सौरभ को धमकाया था। इस मामले की शिकायत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) से भी की गई थी।

# संघ मनाएगा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

### 18 भाषाओं के प्रतिनिधि करेंगे अपनी कला का प्रदर्शन, व्यंजनों के स्टॉल भी लगेंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 22 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाएगा। इस मौके पर 18 विभिन्न भाषाओं के प्रतिनिधि क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। 18 ही भाषाओं के प्रतिनिधियों द्वारा व्यंजनों एवं साहित्य के स्टॉल लगाए जाएंगे। डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति एवं भारतीय भाषा संवर्द्धन समिति के बैनरतले यह आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के संयोजक रवीन्द्र देशपांडे, सहसंयोजक अभयसिंह राठौड़ और अश्विन खरे ने बताया कि 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से चिमनबाग मैदान के पास फुटबॉल ग्राउंड में कार्यक्रम होगा। इसमें करीब 18 भाषाई समाज (जैसे संस्कृत, निमाड़ी, मालवी, भीली, जनजाति, मैथिली, भोजपुरी, मलयालम, तेलुगु, कन्नड़, मराठी, पंजाबी, मारवाड़ी, सिंधी, गुजराती, नेपाली, हिंदी, गढ़वाली) शामिल होंगे।

कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में क्षेत्र संपर्क प्रमुख प्रवीण गुप्त, मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग) पी. नरहरि एवं विशिष्ट



अतिथि के रूप में रिटायर्ड मेजर जनरल सरबजीत सिंह देऊसी शामिल होंगे। भारतीय भाषा पर्व का यह आयोजन भाषाई विविधता के उत्सव और स्वभाषा के प्रति गौरव जगाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### फिल्म का कांग्रेस ने किया विरोध

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर बनी फिल्म पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस ने फिल्म में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया है और कांग्रेस नेताओं को जिस तरह से फिल्म में दिखाया है, उसका विरोध किया है। कल फिल्म का प्रीमियर शो भी रखा गया था। कांग्रेस की ओर से फिल्म में आपत्तिजनक दृश्यों को काट छांट करने की अपील सेंसर बोर्ड से की गई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह फिल्म आरएसएस का महिमामंडन करती है तो देश की युवा पीढ़ी को गुमराह करने के उद्देश्य से मनगढ़ंत और असत्य इतिहास प्रस्तुत कर रही है, जो अत्यंत आपत्तिजनक है।

#### फिल्म में इंदिरा गांधी के नाम का दुरुपयोग

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि फिल्म में इंदिरा गांधी के नाम का दुरुपयोग किया गया है और यह बताया है कि गांधीजी की हत्या के दिन उन्होंने बयान दिया था कि हत्या में आरएसएस का हाथ है, जबकि ऐसा कोई बयान इतिहास में दर्ज नहीं है, वहीं महात्मा गांधी की हत्या के समय इंदिरा गांधी सरकार में किसी भी पद पर नहीं थीं। फिल्म के निर्माता-निर्देशक ने इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश किया है। कांग्रेस ने मांग की है कि फिल्म से सभी झूठे, मनगढ़ंत और भ्रम फैलाने वाले दृश्य हटाए जाएं।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो दुकान में घुसी, दो युवक घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के चिकमंगलूर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अचानक एक कपड़े की दुकान में जा घुसी। स्कॉर्पियो ने सड़क पर खड़े दोपहिया वाहनों को भी टक्कर मार दी। हादसे के बाद लोगों ने कार को वहां से हटवाया। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। यह घटना एमजी रोड थाना क्षेत्र के नगर निगम रोड के पास की है। यहां तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार श्री साईराम जींस होम नाम की दुकान में जा घुसी। इस दौरान कार ने सड़क पर खड़े दोपहिया वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया। बताया जाता है कि फुटपाथ पर दो युवक खड़े थे, जो इस कार की चपेट में आने से घायल हो गए। हालांकि, पुलिस मौके पर पहुंच गई और कार को जब्त कर थाने ले जाया गया है। कार चालक के मुताबिक, ब्रेक की जगह गलती से एक्सीलेटर पर पैर पड़ गया, जिससे दोपहिया वाहन चालक को बचाने के प्रयास में हादसा हो गया।

# चार नर्सिंग ऑफिसरों से 2.92 करोड़ की ठगी

### बीमा निगम के अर्दली ने प्रॉपर्टी में मुनाफे का झांसा देकर परिवार की संचालित कंपनी में निवेश करवाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के एक अर्दली पर नर्सिंग अधिकारियों से निवेश के नाम पर 2 करोड़ 92 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक के साथ उसकी पत्नी और मां को भी आरोपी बनाया है।

हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के अनुसार नरेंद्र कुमार सागर, दयानंद बेनीवाल, अयुष दधीच और दलवीर प्रजापत की शिकायत पर दीपेश पुत्र दिनेश रायकवार, उसकी मां शीला रायकवार और पत्नी आकांक्षा रायकवार के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस के अनुसार सभी पीड़ित कर्मचारी राज्य बीमा निगम में नर्सिंग ऑफिसर हैं और राजस्थान के निवासी हैं। आरोपी दीपेश निगम में अर्दली के पद पर कार्यरत है। उसने अधिकारियों से पहचान बढ़ाकर प्रॉपर्टी खरीद-बिक्री में निवेश कराने और अच्छा मुनाफा देने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने पीड़ितों से कुल 2.92 करोड़ रुपए लेकर अपनी पत्नी और मां के नाम से संचालित रायकवार ट्रेडर्स और एकदंत कंपनी में निवेश करने की बात कही। आरोप है कि रकम लेने के बाद न तो कोई प्रॉपर्टी दिखाई गई और न ही पैसा निवेश किया गया। पीड़ितों ने जब निवेश की जानकारी और पैसा वापस मांगा तो आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा।

# ब्लॉक स्तर पर संगठन विस्तार की तैयारी में कांग्रेस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में संगठनात्मक मजबूती के लिए कांग्रेस अब ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी गठन की तैयारी में जुट गई है। प्रत्येक ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले वार्ड में एक महिला पदाधिकारी की नियुक्ति अनिवार्य की गई है, लेकिन अब तक किसी भी ब्लॉक अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी की सूची संगठन को नहीं सौंपी है। वहीं चार ब्लॉकों में अध्यक्ष पद पर सहमति नहीं बनने से घोषणा अटकी हुई है। शहर में कांग्रेस के कुल 24 ब्लॉक हैं, जिनमें से 20 ब्लॉकों में अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है। हालांकि नियुक्ति के बाद भी अब तक किसी ने अपनी कार्यकारिणी का गठन नहीं किया है। कांग्रेस के गांधी भवन से संगठन महासचिव संजय बाकलीवाल ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे जल्द से जल्द अपनी-अपनी कार्यकारिणी की सूची शहर कांग्रेस को सौंपें। निर्देशों के अनुसार ब्लॉक कार्यकारिणी में वार्ड अध्यक्ष, वार्ड प्रभारी के साथ प्रत्येक वार्ड में एक महिला प्रभारी की नियुक्ति अनिवार्य की गई है।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षो से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

अवसर अवसर अवसर
श्रेयस मार्केटिंग
उज्जैन के साथ करें शुभ शुरुआत
EXCITING CAREER OPPORTUNITY
PART TIME / FULL TIME
आवश्यकता है
अनुभवी युवा/प्रोफेशनल्स (12वीं पास से एमबीए तक)
शास. / अशासकीय कर्मचारी बिजनेसमैन
गृहिणी/कामकाजी
बुजुर्ग/पेंशनर जो अपनी आय/बॉनस में वृद्धि चाहते है
ROLES
- Marketing Manager
- Merketing Executive
- Sales Executive
- Team Leader
- Telecaller
WALK - IN INTERVIEW
Call or drop message on WhatsApp for interview schedule
OFFICE : नवकार पैराडाइज, तरणताल के सामने, उज्जैन
संपर्क सूत्र 9673979711, 9179656511

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पंप, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टेक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com